आज का मौसम | $30.0^0$ अधिकतम तापमान | $17.0^0$ न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.01 | सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

रविवार, 5 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 57, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता बनर्जी - 12




■ ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी - 12



■ भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया : जयशंकर - 13




■ गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया - 14

# ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला
# ट्रंप बोले-2 दिन में होर्मुज खोलो या झेलो तबाही

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले- रेडिएशन फैला तो खाड़ी देशों पर भी होगा खतरा

काहिरा, एजेंसी

पश्चिम एशिया जंग जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका खतरा और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ईरान के बुशहर परमाणु प्लांट पर शनिवार को हमला हुआ। प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान के परमाणु प्लांट पर हुए इस हमले से रेडिएशन का भी खतरा बढ़ गया है। युद्ध के दौरान इस संयंत्र को चौथी बार निशाना बनाया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दी गई छह अप्रैल की समय सीमा की याद दिलाते हुए कहा कि इसका पालन नहीं करने पर उसे विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमले के बाद रेडियोएक्टिव रिसाव के खतरे को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रेडियोएक्टिव रिसाव हुआ तो इसका असर केवल तेहरान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जीसीसी देशों की राजधानियों पर पड़ेगा। अराघची ने अमेरिकी मीडिया पर शांति वार्ता को लेकर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया।

ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। ईरान ने भी लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के 'एफ-15ई स्ट्राइक ईगल' नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। विदेश में रहकर ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले कई लोगों ने बताया है कि युद्ध के बीच उनके देश की सरकार निर्वासित नेताओं के परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दे रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था। समय तेजी से बीत रहा है, 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।



- परमाणु संयंत्र प्लांट में तैनात एक कर्मचारी की मौत, इमरत ध्वस्त
- ईरान ने दो अमेरिकी विमानों को गिराया, एक पायलट लापता
- मुखर ईरानियों ने देश में परिजनों को बंधक बनाए जाने का लगाया आरोप

### ईरान में फंसे भारतीय मछुआरे आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहे

नई दिल्ली। ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों का एक समूह आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों की वापसी में सहायता के लिए आर्मेनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान का आभार जताया। पश्चिम एशिया में एक महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक 1,150 से अधिक भारतीय नागरिकों आर्मेनिया और अजरबैजान के जमीनी रास्ते से ईरान छोड़ा है।

### बहरीन ने होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के प्रस्ताव पर मतदान स्थगित किया

दुबई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस माह की अध्यक्षता संभाल रहे खाड़ी देश बहरीन ने उस प्रस्ताव पर मतदान टाल दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और उस पर ईरान के प्रभुत्व को खत्म करना था। हालांकि, रूस और चीन के कड़े विरोध के कारण पहले ही इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। परिषद की बैठकें गोपनीय होने के कारण नाम न उजागर करने की शर्त पर राजनयिकों ने बताया कि अब इस प्रस्ताव पर मतदान अगले सप्ताह कराया जाएगा।

# कांग्रेस के भड़काऊ बयानों से खाड़ी देशों में भारतीयों की जान को खतरा

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा, हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है।

यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ने केरल की जनता के भरोसे को तोड़ दिया है। उन्हें जनता और देश से माफी मांगनी चाहिए। रैली में अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मानसिकता को उजागर कर दिया है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- पश्चिम एशिया को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस को जनता और देश से मांगनी चाहिए माफी

### गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं

मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कई बार कहा है कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीय भाइयों और बहनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, केरल के लाखों निवासी इस क्षेत्र में काम करते हैं, फिर भी कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयान उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे बयान देने से बचें, जिनसे पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की जान को खतरा हो सकता है। हमारी सरकार के खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध ही इन कठिन समय में हमारे लोगों की रक्षा करने में मददगार साबित हो रहे हैं।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# आंधी-बारिश से कई जिलों में भारी नुकसान, 4 की गई जान



कानपुर में विशाल पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। अमृत विचार

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब, गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान
- कानपुर में 3 और मथुरा में एक की मौत, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

प्रदेश में शनिवार को आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि ने तबाही मचाई। कानपुर के काकादेव में आटो पर पेड़ गिरने से चालक और एक महिला की मौत हो गई। गुजैनी में जलभराव में बाइक फिसलने से एक युवक की जान चली गई। मथुरा में हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार बिजली मिस्त्री की मौत हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य यूपी समेत प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में बारिश हुई। मथुरा में तेज आंधी के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। करीब 600 बिजली के खंभे टूट गए, जिससे 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहीं, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल हो गए। आगरा, मथुरा, कानपुर-बुंदेलखंड और जालौन समेत कई जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लखनऊ में आम की फसल को करीब 15 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है। कानपुर में शाम 5 बजे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं तेज हवाओं ने होर्डिंग, पोल, पेड़ सहित अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। जोरदार आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और ओले गिरे।

### मुख्यमंत्री ने दिए 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को यथाशीघ्र राहत दिलाएं। उन्होंने कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। सीएम योगी ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### रामलला के राग और भोग में हुआ बदलाव

अयोध्या। मौसम का मिजाज बदलने और गर्मी बढ़ने के साथ ही राम मंदिर में विराजमान पांच वर्षीय रामलला के राग-भोग में बदलाव कर दिया गया है। मंदिर के पुजारी श्री रामलला की सेवा बालक के रूप में राजकुमार की तरह करते हैं। रामलला के एक पुजारी ने बताया कि रामलला को खीर, पूड़ी, रबड़ी, पेड़ा आदि का भोग अर्पित किया जाता था। अब बाल भोग में दही, फल, जूस, लस्सी भी अर्पित की जा रही है। गोटेदार सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। कहा कि 2 अप्रैल को पूर्णिमा के बाद से दीपों की जगह रामलला की फूलों से आरती की जा रही है ताकि उन्हें आंच नहीं लगे।

## कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की गई जान

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले कुओं की तत्काल सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी लोग इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित एक कुएं में गिर गई। नासिक के जिलाधिकारी को घटना की जांच करने और जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

- नासिक में हुआ हादसा, जान गंवाने वालों में छह बच्चे जांच के आदेश

### बर्फबारी




मनाली के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी पोर्टल पर भारी हिमपात के कारण लगभग 1000 वाहन और 5000 से अधिक पर्यटक बर्फ में फंस गए। ● एजेंसी

# वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा 5 किलो का सिलेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें। पीएनजी को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाजारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गए। वहीं, समुद्री जहाज ग्रीन सानवी 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होर्मुज पार कर चुका है।




- सरकार ने कहा- देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत के लिए उठाया कदम

### एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं

सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है इसके बावजूद, एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। शुक्रवार को लगभग 51 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। सरकार ने संकट-पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक कुल वाणिज्यिक आवंटन करने का निर्णय लिया है, जिसमें 10 प्रतिशत सुधार आधारित आवंटन शामिल है। शुक्रवार को 71,000 से अधिक 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए और अब तक 5.7 लाख 5 किग्रा एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। पांच किग्रा सिलेंडर निकटतम एलपीजी वितरकों के पास उपलब्ध हैं और किसी भी वैध पहचान पत्र के जरिये खरीदे जा सकते हैं।

# 'विकसित यूपी@2047' विजन के तहत शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. के दीर्घकालिक विकास के लिए 'विकसित यूपी@2047' विजन के अनुरूप शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शहरों को आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाना है।

रोडमैप के तहत शहरों में 'लिवेबल सिटीज मिशन' लागू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को घर से केवल 15 मिनट की दूरी पर स्वास्थ्य, शिक्षा, बाजार जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य है। इससे जीवन स्तर में सुधार होगा और समय व ऊर्जा की बचत होगी। लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही प्रदेश में क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो निवेश और रोजगार के प्रमुख हब के रूप में काम करेंगे। मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें मेट्रो, रैपिड रेल, इलेक्ट्रिक बसें और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल होगी।

- लागू होगा 'लिवेबल सिटीज मिशन' घर से 15 मिनट की दूरी पर सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाने का लक्ष्य
- यूपी में होगा आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी शहरों का विकास

### पर्यावरण संरक्षण और 'स्पंज सिटी' पहल

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 'स्पंज सिटी' पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनरुद्धार और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र का संरक्षण शामिल है। साथ ही अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर शून्य-लैंडफिल शहरों का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए आवास योजनाओं को तेज किया जाएगा। मिश्रित भूमि उपयोग और योजनाबद्ध शहरीकरण के माध्यम से सभी वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित किया जाएगा।

जागरूकता | वाराणसी में मुख्यमंत्री ने शुरू किया 'स्कूल चलो अभियान', स्कूली बच्चों से किया संवाद

# भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने सिर्फ शिक्षकों को दी : योगी

- वर्ष 2017 के पहले ड्रॉप आउट रेट 19 फीसदी था, अब यह महज तीन फीसदी रह गया

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर (वरुणापार जोन) से नए शैक्षणिक सत्र के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग-शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए।

योगी ने कहा कि शिक्षा सबसे पवित्र कार्य है और हर बच्चे को शिक्षित करना समाज व राष्ट्र की समृद्धि के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा साक्षर होता है, तो समाज सशक्त और राष्ट्र समृद्ध होता है, जबकि निरक्षरता गरीबी और पिछड़ेपन को जन्म देती है। भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने केवल शिक्षकों को दी है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। पिछले नौ वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लगभग 60 लाख नए बच्चों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र तीन प्रतिशत रह गई है। लक्ष्य इसे शून्य तक लाना है।



वाराणसी : स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर एक बच्ची को स्कूल बैग, किताब व उपहार देते मुख्यमंत्री योगी।

### 'घर-घर दस्तक' का आह्वान

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से एक से 15 अप्रैल तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय खुलने से पहले गांव-मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संवाद करें और सुनिश्चित करें कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। योगी ने कहा कि राज्य सरकार अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। इस धनराशि का प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसकी सराहना नीति आयोग ने भी की है।

### बदली स्कूलों की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। अब सभी विद्यालयों में इन सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग और किताबें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएम ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने चित्रकूट के जिलाधिकारी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने बच्चे का प्रवेश आंगनबाड़ी केंद्र में कराया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।



वाराणसी :'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत के मौके पर बच्चों को मिड डे मील परोसते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# योगी ने परोसा मिड डे मील, बच्चों से बोले- रोज स्कूल आना

## मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें व उपहार दिए, वाराणसी के पांच निपुण विद्यालय पुरस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचकर मिड-डे मील परोसा और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार से बच्चे उत्साहित दिखे और मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसते हुए कहा कि वे प्रतिदिन स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। बच्चों ने भी सिर हिलाकर उनकी बात का समर्थन किया और मासूमियत से हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों को भोजन परोसने में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार और चॉकलेट वितरित किए। मंच पर विभिन्न कक्षाओं के चयनित छात्र-छात्राओं को ये सामग्री प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी और उनकी सहज मुस्कान ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्पर्श दिया।

सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच निपुण विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना और अन्य विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व और सरकारी प्रयासों को दर्शाया गया।

### काशी कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

अमृत विचार,लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह 'काशी कोतवाल' के रूप में विख्यात काल भैरव के दरबार में माथा टेका। तत्पश्चात वे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोकमंगल की कामना के साथ षोडशोपचार पूजन-अभिषेक और आरती भी की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से भी संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों को उन्होंने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री संदीप सिंह तथा विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह और अवधेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दर्शन-पूजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश शुरू, आवेदन 30 तक मांगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए सत्र 2026-27 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन www.jeecup.admissions.nic.in पर कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उप्र. के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 300 रुपये है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। प्रवेश के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए दूरभाष नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क किया जा सकता है।

### यूपीईएसएससी की परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी पर जोर

**अमृत विचार, प्रयागराज/लखनऊ :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज (यूपीईएसएससी) के 'साधना सप्ताह' में परिचर्चा के दौरान अधिकारियों ने संकल्प लिया कि निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक पाठ्यक्रम पूरा करेंगे। 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित साधना सप्ताह में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम 4 घंटे के पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को 'साधना सप्ताह' के दौरान अधिकारी और कर्मचारी परिचर्चा कर रहे थे। साधना सप्ताह में एआई से संबंधित तीन पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले अधिकारी 'एआई दक्षता बैज' और आईजीओटी मार्केटप्लेस के कम से कम एक पाठ्यक्रम पूरा करने पर 'कर्मयोगी उत्कर्ष बैज' प्राप्त करेंगे। परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी के माध्यम से डिजिटल दक्षता, कार्य कुशलता और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने यह भी घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्मिकों की दक्षता और क्षमता को मजबूत बनाकर प्रदेश के प्रशासनिक सुधार में योगदान देना है।

### ओडीओपी योजना से आत्मनिर्भर बन रहे युवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना युवाओं के लिए अवसरों का मजबूत आधार बनकर उभरी है। जिला इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने इस योजना के माध्यम से अपने फैशन और टेक्सटाइल कारोबार की नींव रखी। जैनुल को वर्ष 2025 में जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख रुपये का ऋण मिला । इसके सहारे उन्होंने मैक्सी और कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण शुरू किया। आज उनकी यूनिट से हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। जैनुल ने खुद के अलावा 4 से 6 अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया। ओडीओपी योजना के तहत प्रति जिले की विशिष्ट ओडीओपी इकाइयों को 6.25 लाख से 20 लाख रुपये तक की मार्जिन मनी सहायता दी जाती है।

# आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

## साजिश नाकाम करते हुए एटीएस ने चार आरोपियों को लखनऊ से किया था गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



साकित उर्फ डेविल



लोकेश उर्फ पपला



विकास गहलावत उर्फ रौनक



अरबाब

- **देश के प्रमुख स्थानों, रेलवे ट्रैक के सिग्नल बॉक्स और वाहनों को उड़ाने की रच रहे थे साजिश**

**अमृत विचार:** एटीएस ने गुरुवार देर रात को चार आतंकियों को लखनऊ के चारबाग स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, गौतमबुद्धनगर छपरौला स्थित राम विहार का विकाश गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू मेरठ और गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। चारों ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर देश के प्रमुख स्थानों रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रैक पर लगे सिग्नल बॉक्स व वाहनों को उड़ाने की साजिश रची थी। एटीएस ने चारों से पूछताछ के लिए कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड डाली थी। जिस पर सुनवाई करते हुए एटीएस के न्यायाधीश जैनेंद्र कुमार पांडेय ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। एटीएस आरोपियों को रविवार 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 9 अप्रैल की शाम छह बजे तक पूछताछ कर सकेगी।

एटीएस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट में दस दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी डाली थी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख दी थी। शनिवार को आरोपियों को जेल से कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद रिमांड अर्जी स्वीकार कर ली गई। एटीएस के मुताबिक, कुछ भारतीय व्यक्तियों का एक गिरोह है, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के लगातार संपर्क में है। पूरा गिरोह सोशल मीडिया पर संचालित हो रहा है। इसी के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियों को संचालित की जा रही है। साथ ही प्रमुख भवनों एवं राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर उनकी डिटेल जुटा रही है। इसके बाद सभी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को उपलब्ध कराना है। एटीएस ने कोर्ट के सामने आरोपियों के पास से मिले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा परीक्षण कराने, किन स्थानों की रेकी की गई है। इस बारे में जानकारी हासिल करना है। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों की जांच की जाएगी। रेकी किये गये स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। उनके सुरक्षा के बंदोबस्त किये जाएंगे।

# असमय बारिश पर किसानों को 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा**

**अमृत विचार:** प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को जल्द राहत दिलाएं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियां मिलकर फसल नुकसान का संयुक्त सर्वे करें, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### कौशांबी, प्रतापगढ़ व प्रयागराज जिलों में ऑरेंज अलर्ट

प्रदेश में आगामी एक सप्ताह तक कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश के अलावा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से आंधी चलने की भी संभावना है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। बेमौसम बारिश की मार से किसान अत्यधिक परेशान हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में कौशांबी, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं। वाराणसी में जहां झमाझम बारिश हुई, वहीं अलीगढ़ में बारिश के साथ ओले भी गिरे।

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत: पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, महराजगंज/लखनऊ

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है, जो पार्टी की विचारधारा और सेवा भाव को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाता है।

प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को महाराजगंज में अभियान शुरू करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व विकास का माध्यम है। भाजपा को अन्य दलों से अलग बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी "राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और अंत्योदय" के सिद्धांतों पर कार्य करती है।

पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी की वैचारिक नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने रखी, जिनके विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक समाप्ति, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं को बड़ी उपलब्धियां बताया।

# इजरायल से सकुशल लौटे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अंबेडकरनगर



स्वदेश लौटे अखिलेश कुमार।

**अमृत विचार :** युद्धग्रस्त इजरायल में फंसे अंबेडकरनगर के युवक अखिलेश कुमार को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल से यह संभव हो सका। युवक को जॉर्डन के रास्ते भारत लाया गया, जिसके बाद वह सकुशल अपने घर पहुंच गया।

अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार रोजगार के लिए इजरायल गए थे, लेकिन वहां संघर्षपूर्ण हालात और नियोक्ता के असहयोग के कारण मानसिक रूप से परेशान हो गए। खुद लौट पाने में असमर्थ होने पर उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की गुहार लगाई थी।

अखिलेश कुमार ने बताया कि कठिन समय में सरकार और प्रशासन के प्रयासों से ही उनकी सुरक्षित वापसी संभव हो सकी।

### प्रशासन की सक्रियता से बनी राह

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू हुए और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से इजरायल व जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावासों से समन्वय स्थापित किया गया। इजरायल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना के तहत अखिलेश को पहले तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास लाया गया, वहां से स्थल मार्ग से जॉर्डन सीमा तक पहुंचाया गया। जॉर्डन प्रशासन के सहयोग से उन्हें राजधानी अम्मान पहुंचाया गया।

# खेत में ड्रोन गिरने पर सपा ने सरकार को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि युद्ध के माहौल में अचानक इटावा जिले के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में एक बड़ा ड्रोन गिरने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ड्रोन गेहूं के खेत में गिरा, जिससे आसपास के लोग घबरा गए।

सपा प्रमुख ने शनिवार को सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था तो नागरिकों को पहले से सूचना देनी चाहिए थी। चेताया कि यदि यह ड्रोन किसी बस्ती पर गिरता तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और किसान को खेत में हुई आर्थिक हानि और मानसिक आघात का उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण केवल निर्जन क्षेत्रों में ही किए जाएं।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के तहत कोई भी परीक्षण सफल नहीं हो पाता। इस घटना ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# बाबू जगजीवन राम के विचार आज भी प्रासंगिक: मीरा कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी आयोजित**



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते पीएल पूनिया, अजय राय, अविनाश पांडेय व अन्य।

**अमृत विचार:** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समता की मिसाल है। आज के दौर में जब समाज में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, तब उनके विचार हमें "पहले आप" की संस्कृति और समावेशी सोच की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार शनिवार को उप्र. कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने छुआछूत और ऊंच-नीच की मानसिकता को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे ऊपर उठने का आह्वान किया। गोष्ठी का विषय "समकालीन भारत में बाबू जगजीवन राम की प्रासंगिकता: सामाजिक न्याय और समावेशी विकास" रहा।

मुख्य वक्ता प्रो. रतन लाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेस समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2027 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का विश्वास भी जताया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, सामाजिक योगदान और राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उनके जीवन पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया और दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 4 वर्ष पूरे

# नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **इंटीग्रेटेड अप्रोच से बदली नगर निकायों की व्यवस्था: एके शर्मा**



**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) ने नगरीय सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था की मॉनिटरिंग में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग सुधारने में इस केंद्र की अहम भूमिका रही है और इंटीग्रेटेड अप्रोच के जरिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है।

डीसीसीसी के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वर्चुअल बैठक हुई। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई थी। तब से यह लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंत्री ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि डीसीसीसी ने नगर निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है। आने वाले समय में इसे और सशक्त बनाकर नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया।

### 1533 हेल्पलाइन और 'संभव' पोर्टल बना सहारा

नगर विकास मंत्री ने बताया कि शुरुआत में हेल्पलाइन की सुविधा नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के सहयोग से 1533 टोल फ्री नंबर शुरू किया गया। इसके साथ ही 'संभव' पोर्टल को भी लागू किया गया, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करते हैं।

### 3.63 लाख में से 3.62 लाख शिकायतों का समाधान

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही करीब 7000 घंटे की लाइव मॉनिटरिंग भी की गई है, जो इस केंद्र की कार्यक्षमता को दर्शाता है।

### स्वच्छता अभियानों की निगरानी

डीसीसीसी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों- "स्वच्छता ही सेवा", "क्लीन टॉयलेट अभियान", "स्वच्छ तीर्थ" और "प्लास्टिक उन्मूलन अभियान" आदि की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मंत्री ने कहा कि जिन निकायों की रैंकिंग अभी भी नीचे है, उनके लिए विशेष रणनीति बनाकर सुधार किया जाए।

# विभागीय कार्यों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करें : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/प्रयागराज

- **प्रदेश में ग्रामीण विकास के कार्यों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा**



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मानव दिवसों का समय से सृजन, स्वयं सहायता समूहों का सक्रिय करना और 'लखपति दीदी' अभियान में प्रयागराज को अग्रणी बनाना आवश्यक बताया।

प्रयागराज में शनिवार को उप मुख्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत- जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी सरल ढंग से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। केशव प्रसाद मौर्या ने विभागीय कार्यों की छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों के चयन व तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि समन्वित प्रयास, मजबूत कार्ययोजना और प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देगा।

# लापता युवक की हत्या, सूखे नाले में पड़ा मिला रक्तरंजित शव

## सफदरगंज के रामपुर कटरा में हुई वारदात, हैदराबाद से ईद की छुट्टी पर आया था घर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ईद की छुट्टी पर हैदराबाद से घर आए युवक की हत्या कर दी गयी। उसका शव शनिवार को सूखे नाले में पड़ा मिला। सिर पर गंभीर चोटें होने से आशंका है कि इसके सिर पर लाठियों से ताबड़तोड़ वार किये गये हैं। परिजन लूट का भी आरोप लगा रहे और एक युवक पर संदेह जताया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मोहम्मद आसिफ (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार, यह घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र के रामपुर कटरा की है। गांव वासी मोहम्मद वैस का बेटा मोहम्मद आसिफ हैदराबाद में रहकर वेल्डिंग का काम करता था। वह ईद के सिलसिले में छुट्टी लेकर घर आया था। बताया जा रहा कि शुक्रवार देर शाम गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। रात करीब 10 बजे तक उसे गांव में देखा गया, जिसके बाद वह अचानक लापता हो गया। आसिफ के लापता होने से परेशान परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जिस पर परिजन घर लौट गए। शनिवार सुबह उसका शव चौखंडी स्थित ईदगाह के पीछे कल्याणी नदी की ओर जाने वाले सूखे नाले में पड़ा मिला। खबर पाते ही परिजन बदहवास होकर मौके की ओर दौड़ पड़े। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। देखा गया कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। इससे आशंका है कि आसिफ की लाठी से कई वार कर हत्या की गई है। मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए, वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

### जांच के दायरे में लूट व रंजिश

थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मामले की जांच लूट और रंजिश दोनों पहलुओं पर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। वहीं, ग्राम प्रधान नियाज अहमद अंसारी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

### गांव के एक युवक पर हत्या व लूट का शक

घटना के बाद परिजन बदहवास हालत में दिखे। मृतक की मां व अन्य परिजन विलाप करते रहे। मां महशर जहां ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना से पहले आसिफ के पास चांदी की चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट और करीब 12 हजार रुपये नकद थे, जो अब गायब हैं। परिजनों ने हत्या के बाद लूट की भी आशंका जताई है। वहीं, पिता मोहम्मद वैस ने बताया कि बेटे का गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिससे रंजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# 5 करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना बाराबंकी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस ने दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2.505 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी जा रही। साथ ही 11,040 रुपये नकद व कई मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

एएनटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनोद साहनी निवासी पश्चिमी चम्पारण बिहार और राहुल कुमार निवासी चतरा झारखण्ड के रूप में हुई है। दोनों को 3 अप्रैल को कुशीनगर जिला थाना कसया क्षेत्र के गोपालगढ़ ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन एनएच-28 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ कुशीनगर के कसया थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मिलकर अफीम खरीदते थे और उससे हेरोइन तैयार कर ऊंचे दामों पर बेचतर नोट छाप रहे थे। इस धंधे से वे मोटा मुनाफा कमा रहे थे। बरामद हेरोइन को भी बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में कुशीनगर आए थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया।



पुलिस की गिरफ्त में तस्कर।

एएनटीएफ अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ में तस्करी नेटवर्क से जुड़ी कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस अब इनके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में एएनटीएफ बाराबंकी की टीम के साथ थाना कसया पुलिस ने भी अहम भूमिका निभाई।

# प्रसव के बाद बिगड़ी तबीयत जच्चा और बच्चा की मौत

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शिशु जन्म के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से पहले महिला ने दम तोड़ा फिर कुछ ही देर बाद शिशु की भी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिवार में रोना पिटना मचा है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार की दोपहर हुई। थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला ब्लाक कॉलोनी निवासी इशरत अली की 32 वर्षीय पत्नी लैलातुननिशा को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में सुबह 10 बजे भर्ती कराया गया था। करीब 11 बजकर 30 मिनट पर प्रसव हुआ और पुत्र ने जन्म लिया।

प्रसव के बाद महिला की हालत सामान्य रही लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी अचानक तबीयत खराब होने लगी। सीएचसी के चिकित्सक जब तक महिला का इलाज शुरू करते, उससे पूर्व एक के बाद एक जच्चा और बच्चा की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा कि यह मृत महिला का तीसरा बच्चा था, इससे पूर्व दो बच्चे हैं।

इस संबंध में सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ.राधेश्याम गौड़ ने बताया कि प्रसव के बाद महिला की स्थिति सामान्य थी। कुछ ही देर बाद दिल की धड़कन बढ़ गयी जिसके कारण जच्चा की मौत हो गयी, कुछ ही पलों बाद बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।

# परिवार पर लाठी डंडों से हमला

**बाराबंक, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नाबदान के पानी को लेकर हुए झगड़े में दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और 11 वर्षीय पुत्र को भी चोटें आई हैं।

रघई गांव के रहने वाले पीड़ित राजकुमार के अनुसार 31 मार्च की रात वह अपने घर पर मौजूद था। घर के सामने निचला स्तर होने के कारण नाली का पानी भरने को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात पर विपक्षी ईश्वरदीन, बब्लू, शब्लू, छोटू, सुनीता और गुलाबो समेत अन्य लोग एकजुट होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचने के लिए राजकुमार घर के अंदर भागा, लेकिन आरोपियों ने घर में घुसकर उस पर हमला किया।

# तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शनिवार शाम मौसम का मिजाज अचानक फिर बिगड़ गया। आसमान पर छाए बादलों के रहते तेज हवाएं अंधड़ में बदल गईं और कुछ ही देर बाद हुई बूंदाबांदी ने सबको भिगो डाला। तेज गर्मी से राहत तो मिली पर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बन गई हैं। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को आंधी ने नुकसान पहुंचाया है। किसान और बारिश न होने की कामना कर रहे हैं।

मौसम के आए दिन बनते बिगड़ते तेवरों ने सबको हैरान कर दिया है। हालिया दिन जहां भीषण गर्मी के लिए जाने जाते हैं तो मौसम के तेवर आए दिन बनते बिगड़ते जा रहे हैं। ऐसा ही शनिवार की शाम को भी हुआ। दिन भर बदली छाई रही पर देर शाम आसमान पर अचानक आए घने बादलों ने रात होने से पहले ही अंधेरा कर दिया। मौसम के बदले रूप से मिली राहत की मजा लोग ले ही रहे थे कि तेज हवाएं चलनी शुरूहो गईं और अंधड़ का रूप ले लिया। सड़क पर यातायात जहां का तहां रुक गया। हवा के थमते ही बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे बाहर निकले लोग भीगने से बच नहीं सके। खास बात यह कि बूंदाबांदी थमी तो कुछ ही देर बाद तेज आंधी चलने लगी। यह आंधी पहले से खासी तेज थी। शहरवासियो को भले ही इस बदलाव से कुछ राहत मिली लेकिन सबसे ज्यादा चिंतित किसान वर्ग है। कुछ ही दिन पहले आंधी व बारिश से कई जगहों पर खेत में खड़ी फसल लेट गई थी तो शनिवार को फसल को नुकसान की संभावना और तेज हो गई, सिर्फ आंधी से तो नही पर अगर बारिश तेज हो गई तो फसल का नुकसान कई गुना होने से रोका नहीं जा सकेगा।



बारिश के बीच सड़क पर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

# 454 शिकायतों में से 57 का निस्तारण

## समाधान दिवस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को तहसील रामसनेहीघाट में डीएम शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय भी मौजूद रहे।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि विवाद, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन व आवास से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। तहसील सिरौलीगौसपुर में आयोजित समाधान दिवस से बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता (प्रांतीय खंड) का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं अतिक्रमण, सड़क अनुरक्षण और भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत कुल 454 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 57 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील रामसनेहीघाट में 121 प्रार्थना पत्रों में से 19, नवाबगंज में 131 में से 15, सिरौलीगौसपुर में 18 में से 8, रामनगर में 72 में से 5, फतेहपुर में 34 में से 7 तथा हैदरगढ़ में 73 में से 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# पिता-पुत्र से बदमाशों ने लूटे 10 हजार रुपये

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात दुकान बंद कर घर जा रहे दुकानदार से मारपीट कर 10 हजार रुपये लूट लिए गए। पुलिस घटना को रंजिश बताकर मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार की रात थाना लोनीकटरा के ग्राम बेहटा निवासी श्रवण कुमार यादव भिलवल स्थित किराने की दुकान बंद कर अपने बेटे शुभम (24) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अचानक दो बाइक सवार चार बदमाशों ने पिता-पुत्र को रोक लिया और इनकी पिटाई कर लगभग 10 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। इस बीच उनका बेटा शुभम भी भाग निकला। थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने बताया कि आपसी रंजिश का मामला है, लूट का मामला फर्जी है। मामले का खुलासा जल्द ही कर दिया जाएगा।

# घोटाला व गड़बड़ी की जांच न हुई तो आंदोलन की चेतावनी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में वन विभाग और जल जीवन मिशन की योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।

भारतीय किसान यूनियन (धर्मेंद्र) के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वन रेंज रामसनेहीघाट के ढेमा, बठौली, मालिनपुर, इब्राहिमाबाद व शाहपुर मुरारपुर सहित कई वन ब्लॉकों में वृक्षारोपण, गड्ढा खोदान और रखरखाव के नाम पर भारी घोटाला किया गया है। साथ ही परसाहाजी ब्लॉक में बेशकीमती पेड़ों की अवैध कटान कर मामले को केवल जुर्माने तक सीमित रखने का भी आरोप है। कमियर ग्राम पंचायत में 81 हेक्टेयर भूमि पर लगाए गए पौधों का जमीनी स्तर पर अस्तित्व न मिलने की बात भी सामने आई है।

वहीं बनीकोडर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के उपयोग, अधूरे काम और मानकों की अनदेखी के आरोप लगे हैं। कई गांवों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई, बावजूद इसके भुगतान किए जाने की बात कही गई है। मायाराम यादव ने सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। हालांकि डीएम ने जांच का आश्वासन दिया है।

# नहर और तालाब में डूबने से किसान व युवक की मौत

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर डूबने की घटनाओं में एक बुजुर्ग किसान और एक युवक की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद परिवारों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, पहली घटना थाना कुर्सी क्षेत्र की है। क्षेत्र के ग्राम खेरिया निवासी 70 वर्षीय किसान बाबादीन गौतम का शव शनिवार सुबह इन्दिरा नहर में उतराता हुआ मिला। वह शुक्रवार दोपहर टिकैतगंज बाजार के लिए घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों की तलाश के दौरान इब्राहिमपुर पुल के पास नहर किनारे उनकी साइकिल मिली। शनिवार सुबह करीब 300 मीटर दूर नहर में उनका शव देखा गया। परिजनों का अंदेशा है कि शौच के दौरान पैर फिसलने से वह नहर में गिरकर डूब गए। दूसरी घटना बड्डूपुर थाना क्षेत्र की है। ग्राम गौरभारी निवासी 18 वर्षीय संदीप की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा कि संदीप अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और जलकुम्भी में पैर फंसने से डूबने लगा। मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालकर सीएचसी घुंघटेर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उद्योग व्यापार संगठन

## व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, ग्रहण की सदस्यता

# व्यापारियों को संगठित करने के लिए सदस्यता अभियान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष इंजी. जयदीप सिंह सिद्धू की अगुवाई में छाया चौराहा से निबलेट तिराहे के बीच वृहद सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के व्यापारियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नए सदस्यों को पंजीकृत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हितों के लिए तत्पर रहा है और आगे भी इसी तरह सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठित व्यापारी ही अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं, इसलिए सभी व्यापारियों का एक मंच पर आना आवश्यक है। अभियान के माध्यम से व्यापारियों को संगठन की नीतियों और उद्देश्यों की भी जानकारी दी गई।



सदस्यता अभियान के दौराम मौजूद इंजी. जयदीप सिंह सिद्धू ● अमृत विचार

इस मौके पर मीडिया प्रभारी अमरेश शुक्ला, जिला प्रभारी अजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र वर्मा, पुरुषोत्तम टंडन, विधिक सलाहकार ऋषि कालरा, जिला संगठन मंत्री अतुल गुप्ता, रामशरण गुप्ता, शहर अध्यक्ष मुन्नू लाल चौरसिया, शहर संयोजक अतुल गुप्ता, शहर कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, शहर मंत्री नरेंद्र सोनी, शहर उपाध्यक्ष संतोष कश्यप, भोलू मिश्रा, बड़ेल अध्यक्ष अनुपम शुक्ला एवं अजय श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।

## सपा का पीडीए फर्जी, अखिलेश कर रहे धर्म आधारित राजनीति : वसीम राईन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सट्टी बाज़ार स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी और उसके पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए पूरी तरह फर्जी साबित हो रहा है और यह शास्त्रों के अनुसार फरेब व मक्कारी जैसा है। वसीम राईन ने आरोप लगाया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिंदू समाज में अगड़ा, पिछड़ा और दलित वर्ग होते हैं, उसी तरह मुस्लिम समाज में भी ऐसे वर्ग मौजूद हैं, लेकिन सपा उन्हें नजरअंदाज करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसी पिछड़े मुस्लिम को टिकट न देकर सपा ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी की नीति और नीयत शुरू से ही पसमांदा मुस्लिम विरोधी रही है। पहले पसमांदा मुसलमानों के पास विकल्प नहीं था, लेकिन अब वे समझ चुके हैं। राईन ने चेतावनी दी कि भविष्य में सपा भी बसपा, रालोद, निषाद, राजभर और अपना दल की तरह एक जाति विशेष की पार्टी बनकर रह सकती है। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुसलमान अब उसी पार्टी का समर्थन करेंगे, जो उन्हें संगठन और सरकार में उचित हिस्सेदारी देगी। साथ ही 2027 के चुनाव को लेकर उन्होंने सपा के लिए मुंगेरीलाल के सपने जैसा बताया।

## भाजपा की मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला



प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह व अन्य।

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत सीतादेवी महाविद्यालय में दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। शनिवार को पूर्व विधानपरिषद सदस्य हरगोविंद सिंह और नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में प्रतिदिन तीन सत्र आयोजित किए गए, जिसमें कार्यकर्ताओं को कार्य पद्धति, इतिहास और विकास, वैचारिक अधिष्ठान, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियां, क्रियान्वयन एवं सोशल मीडिया जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद अवस्थी, एम.एल.सी. अंगद सिंह, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, संतोष पाण्डेय, अमित पान्डेय, रामसागर कनौजिया, नीरज वर्मा, दयाशंकर शुक्ल एवं महिला मोर्चा की सभी सदस्य उपस्थित रही।

## संविदाकर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



एसडीओ कार्यालय परिसर प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खण्ड हैदरगढ़ में कार्यरत संविदा कर्मियों ने अपनी ही कंपनी के सुपरवाइजरों के विरुद्ध शनिवार को मोर्चा खोल दिया। शनिवार को बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों ने उपखण्ड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन एवं एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। आन्दोलित कर्मियों ने बताया कि वर्तमान में कंपनी व सुपरवाइजरों द्वारा उनका शोषण व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। कंपनी द्वारा फील्ड पर कार्य के दौरान उनके उपकरण व सेफ्टी संबंधित यंत्र मुहैया नहीं कराए गए हैं। इससे कार्य के दौरान असुविधा उत्पन्न होती है। कार्मिक को अपने पैसों से उपकरण खरीदने पर विवश होना पड़ रहा तथा कार्मिकों को डग्गामार वाहन दिए गए हैं। धूप एवं बारिश में कार्य के दौरान कम्पनी सुपरवाइजर द्वारा बैठने दिया जाता है न ही पानी की व्यवस्था की जाती हैं। विरोध जताने पर कंपनी व सुपरवाइजर द्वारा वेतन काटने ट्रांसफर करने व बाहर निकालने की धमकी दी जा रही। कार्मिकों में भय का माहौल है। 8 घंटे के स्थान पर 12 व 18 घंटे कार्य करने पर विवश होना पड़ रहा। प्रदर्शन करने वालों में अजमत अली, सुजीत, प्रेमकुमार, देव कुमार, किशोर, चन्दन, रामफल, पवन, राजकुमार, श्रवन, इरशाद व रामकुमार आदि शामिल रहे।

## रंगारंग कार्यक्रम के मध्य परीक्षाफल वितरित



रैली के दौरान मौजूद शिक्षक व बच्चे। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भटेहटा में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी देवा सुनील कुमार गौड़ ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों तथा प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को परीक्षाफल के साथ आकर्षक उपहार वितरित किए गए। बाल वाटिका अंतर्गत कक्षा एक में नवप्रवेशित 5 बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभाग द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम सप्ताह में नवीन पाठ्य पुस्तकें भी बच्चों को वितरित की गईं। स्कूल चलो अभियान रैली को बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीईओ ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष कमलेश कुमार शिक्षक विकास वर्मा, पूर्णेश प्रताप सिंह, नीरज श्रीवास्तव, मोहम्मद इस्माइल, विजय बहादुर सिंह, अनुजा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## होमस्टे नीति के तहत आवेदन शुरू

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट (बी&बी) होमस्टे नीति 2025 लागू की है। जनपद में देवा, महादेवा, पारिजात और किंतूर समेत अन्य कई स्थान पर्यटन के लिहाज के काफी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इस योजना के तहत जनपद के नागरिक भी अपने घर के अतिरिक्त कमरों को पर्यटकों के ठहरने के लिए पंजीकृत कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जनपद के इच्छुक नागरिक इस योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने आवास को होमस्टे के रूप में पंजीकृत करा सकते हैं। आवेदक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## चलती कार में लगी आग, तीन लोगों ने कूदकर बचायी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब चलती हुई कार अचानक आग का गोला बन गई। घटना आलापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दुर्गेश विश्वकर्मा अपनी सेकंड हैंड खरीदी गई कार से जा रहे थे। उनके साथ परिवार के दो अन्य सदस्य भी वाहन में सवार थे। इसी दौरान अचानक कार के इंजन से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई। स्थिति को भांपते हुए दुर्गेश विश्वकर्मा ने तुरंत गाड़ी रोकी और किसी तरह सभी सवार लोग बाहर निकल आए, जिससे उनकी जान बच गई। कुछ ही पलों में पूरी कार आग की लपटों में घिर गई और धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह इंजन में तकनीकी खराबी मानी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अभियान चलाकर कराई साफ-सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका टीम ने वार्ड 4 कंचन नगर में सफाई अभियान चलाया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर पहुंचे कर्मियों ने क्षेत्र में स्वच्छता कार्य किया। इस दौरान गलियों में झाड़ू लगाने के साथ नाला-नालियों की सफाई की गई। जिससे जमा गंदगी को हटाया जा सके। साथ ही मच्छरों का प्रकोप रोकने को एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया। इस दौरान लोगों को सफाई बनाए रखने व जलभराव न होने देने के प्रति जागरूक भी किया गया।

### युवक ने ब्लेड मारकर खुद को किया घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव म रघुवर खेड़ा निवासी रोहित (19) पुत्र राम सजीवन ने शनिवार को अज्ञात कारण के चलते घर में हाथ व गर्दन में ब्लेड मारकर खुद को गंभीर घायल कर लिया। इसके बाद वह मकान की छत से नीचे कूद गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। जानकारी पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे और आनन-फानन उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। वहीं गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं।

### छूटे छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 9 व 10 को

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद वर्ष-2026 की इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा के छूटे परीक्षार्थियों को एक अवसर दिया गया है। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 4 अप्रैल को एक आदेश जारी कर प्रदेश के सभी डीआईओएस से कहा है कि जिन छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं छूट गई हैं वह 9 व 10 अप्रैल को जिला मुख्यालय में स्थित केंद्र पर परीक्षा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# डाउन लाइन पर डाले गए 36 एचबीम स्लीपर

## रेलवे पुल पर चल रहे मेगा ब्लॉक के तीसरे दिन शनिवार को युद्धस्तर पर जारी रहा कार्य

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** रेलवे पुल पर चल रहे मेगा ब्लॉक के तीसरे दिन शनिवार को भी डाउन लाइन पर युद्धस्तर पर कार्य हुआ। सुबह से शाम तक चले कार्य में 36 नए एचबीम स्लीपर डाले गए। ब्लॉक समाप्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से कराया गया।

रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से 13 मई तक 42 दिनों के लिए रोज 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर डाउन लाइन पर एचबीम चैनल स्लीपर लगाए जा रहे हैं। शनिवार सुबह 9:25 से शाम 5:25 बजे तक का ब्लॉक मिला। इस दौरान एक्सईएन दिल्ली, एक्सईएन ब्रिज, एडीएन-1 व 2 जयपाल सिंह, सहायक मंडल अभियंता प्रवीण कुमार व सीनियर डीईएन आदि अधिकारियों की निगरानी में करीब 200 रेलकर्मियों ने कार्य किया। कार्य के तहत पहले पुराने व जर्जर ट्रफ की लोहे की चादर काटकर हटाई गई। इसके बाद प्रेशर मशीन से धूल व जंग साफ कर प्राइमर लगाया गया। फिर नई लोहे की चादर बिछाकर उस पर रबर पैड लगाया गया और अंत में एचबीम स्लीपर फिट किए गए। इस दौरान अप लाइन से ट्रेनों का संचालन जारी रहा।



रेलवे पुल के डाउन लाइन पर होता कार्य।

अमृत विचार



डाउन लाइन पर लगाये गये नये एचबीम स्लीपर।

### तीसरी कोठी तक लगभग कार्य पूरा

3 दिनों से चल रहे अभियान के तहत कानपुर की ओर से रेलवे पुल की तीसरी कोठी तक का कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब तक 112 एचबीम स्लीपर लगाए गए हैं। विभाग के अनुसार शेष कार्य 39 दिनों के मेगा ब्लॉक में पूरा किया जाएगा।

### पुल की मजबूती के साथ रंग-रोगन भी शुरू

रेलवे पुल की कोठियों को मजबूत बनाने के लिए एपॉक्सी केमिकल लगाया जा रहा है। इसके साथ ही पुल की कोठियों के रंग-रोगन का कार्य भी शुरू करा दिया गया है, जिससे संरचना की मजबूती और आयु बढ़ाई जा सके।

### तेज आंधी-बारिश में भी जारी रहा काम

शनिवार शाम अचानक मौसम खराब होने के बावजूद रेलकर्मी डटे रहे व बारिश में भी कार्य जारी रखा। इससे कार्य की गति प्रभावित नहीं हुई और लक्ष्य के अनुसार स्लीपर डाले गए। वहीं रेलवे पुल पर बना टेंट भी बारिश व आंधी में गिर गया। जिससे कर्मियों में अफरा तफरी मच गई।



मरहला चौराहे के पास होता आरओबी का कार्य।

### सरैयां आरओबी निर्माण कार्य अंतिम चरण में, ब्लॉक मिलने का इंतजार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** सरैयां रेलवे आरओबी का निर्माण कार्य इन दिनों अंतिम चरण में पहुंच चुका है और तेजी से प्रगति कर रहा है। राज्य सेतु निगम द्वारा पुल का अधिकांश कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि अब रेलवे को अपने हिस्से के काम के लिए ब्लॉक मिलने का इंतजार है। जानकारी के अनुसार, रेलवे विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह तक ब्लॉक मिलने की संभावना जताई जा रही है, जिसके बाद शेष कार्य तेजी से कराया जाएगा। गिरिराज कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर बलराम यादव ने बताया कि ब्लॉक मिलते ही निर्माण कार्य को गति दी जाएगी। वहीं रेलवे द्वारा दिल्ली से आठ गार्डर मंगवाए जा चुके हैं, जिन्हें स्थापित करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। ब्लॉक मिलने के बाद गार्डरों की स्थापना का कार्य शुरू होगा, जिससे आरओबी निर्माण को जल्द पूरा कर यातायात के लिए खोला जा सकेगा। वहीं सेतु निगम की ओर से करीब 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

## डंपर हादसा, शॉर्ट सर्किट व आंधी बारिश से दिनभर चरमराई बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** नगर में शुक्रवार रात से शुरू हुई बिजली समस्या ने शनिवार को भी लोगों को परेशान किया। फीडर 1 में रात करीब 1 बजे फत्तेपुर गांव के पास एक डंपर के एचटी लाइन पोल से टकराने से लाइन ट्रिप हो गई।

इससे पूरा फीडर ब्रेकडाउन में चला गया और पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। कर्मियों को पेट्रोलिंग पर लगाया गया और सुबह 9 बजे फॉल्ट मिलने के बाद मरम्मत शुरू हुई और नया पोल लगाकर मरम्मत कार्य पूरा किया। इसके बाद दिन में 10 बजे आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। इसे लेकर जेई विजय पाल ने डंपर चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। सुबह रोस्टिंग के बाद 7 बजे आपूर्ति शुरू होते ही श्रीनगर क्षेत्र में केबिल बॉक्स में शॉर्टसर्किट से आग लग गई। जिससे फीडर 4 ठप हो गया। इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई और पानी की किल्लत भी रही। मरम्मत के बाद साढ़े 8 बजे आपूर्ति सामान्य हो सकी। शाम को तेज आंधी व बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। जिससे फीडर 2, 4 समेत कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई और नगर अंधेरे में डूब गया। देररात तक मरम्मत जारी रही। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मौसम जनित समस्या को ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### मार्ग पर पेड़ गिरने से फंसे रहे डीएम-एसपी

**सफीपुर अमृत विचार।** उन्नाव-हरदोई मुख्य मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास मौसम के बिगड़े मिजाज ने यातायात की रफ्तार रोक दी। तेज हवाओं और बारिश के कारण एक सागवान का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। इस दौरान न केवल आम जनता, बल्कि तहसील समाधान दिवस से लौट रहे जिले के आला अधिकारी भी जाम में फंस गए। पेड़ गिरने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बांगरमऊ में आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' से वापस लौट रहे डीएम गौरांग राठी और एसपी जयप्रकाश सिंह की गाड़ियां भी इस भीषण जाम में रुक गईं। स्थिति को देखते हुए डीएम ने रास्ता बदलने का निर्णय लिया। अधिकारियों का काफिला सफीपुर से रसूलाबाद और फिर चकलवंशी मार्ग होते हुए मुख्यालय की ओर निकला।

## आंधी-बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से तेज धूप रहने के बाद दोपहर साढ़े 3 बजे आसमान में काले बादल छा गए और शाम 4 बजे तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि बैराज मार्ग, फोरलेन, नवीन पुल व हाईवे पर लगी कई बड़ी होर्डिंग्स व बैनर उड़ गए। वहीं कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां भी टूटकर गिर पड़ीं।

मौसम के इस बदले मिजाज से दिन में अंधेरा छा गया और वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। तेज हवाओं व बारिश के साथ सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के कई गांवों में ओलावृष्टि भी हुई। शंकरपुर, पिपरी, सन्नी, गरेरेपुर, नया खेड़ा, कन्हवापुर, मुरली पुर व ट्रांसगंगा सिटी क्षेत्र में 15 मिनट तक ओले गिरते रहे। जिससे खेतों व सड़कों पर सफेद चादर बिछ गई। इस ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं भीगने से गेहूं के दाने खराब होने की आशंका बढ़ गई है। जायद की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।



सन्नी गांव में ओले की बिछी सफेद चादर।

### बैराज मार्ग पर पेड़ गिरने से लगा जाम

आंधी व बारिश से बैराज मार्ग चौकी से कानपुर की ओर कई पेड़ सड़क पर गिर गए। बीच सड़क पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया और जाम लग गया। इससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने देररात तक पेड़ों को हटाने का कार्य जारी रखा, तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका।

### बर्बाद हुई गेहूं व सरसों की फसल

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** कुदरत के बदले मिजाज व अचानक हुई बारिश ने अन्नदाता की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया है। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाकर किसानों की कमर तोड़ दी है। क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण गेहूं की फसल खेतों में पूरी तरह धराशायी हो गई है। इसके साथ ही सरसों की तैयार फसल भी झड़ने लगी है, जिससे पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। कटाई के ठीक पहले हुई इस बारिश से किसान बेहद मायूस हैं।

# डीजी हेल्थ को मिलीं अव्यवस्थाएं, सुधार के दिए निर्देश

**उन्नाव, अमृत विचार।** स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी हेल्थ) ने शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां बेड व सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर सीएमएस (पुरुष) को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। हालांकि निरीक्षण में उनके द्वारा मरीजों से लिया गया फीड बैक संतोषजनक रहा।



डाक्टर अमित से जानकारी लेते डीजी।

स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने को डीजी हेल्थ पवन कुमार ने शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इमरजेंसी व वार्डो के निरीक्षण में उन्हें सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। वहीं बेड की स्थित भी ठीक न मिलने पर उन्होंने सीएमएस (पुरुष) डॉ. राजीव गुप्ता को रोज राउंड करने व विशेषकर शौचालय की सफाई व्यवस्था की निगरानी रखने को कहा। उन्होंने भर्ती मरीजों से भी बात भी की। हालांकि इसमें अधिकांश ने स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में संयोजक फीड बैक दिया। इसमें अस्पताल में गर्मी में पंखों की कमी का मामला सामने आया। उन्हें बताया गया कि कई वार्डों में पंखे नहीं चल रहे हैं। इससे मरीजों व तीमारदारों को परेशानी हो रही है। लोगो को हाथ वाले पंखे घरों से लाने पड़ रहे हैं। इस पर डीजी ने कहा कि गर्मी को देखते हुए पहले भी पंखे व कूलर दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने सीएमएस को पुनः निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीलिंग फैन सुचारु रूप से चलने चाहिए। जिससे मरीजों को असुविधा न हो।

### नवाबगंज सीएचसी भी पहुंचे डीजी हेल्थ

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** डीजी हेल्थ डॉ. पवन कुमार शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर शाम को वापसी में अचानक नवाबगंज सीएचसी पहुंच गए। डीजी को आता देख स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने इमरजेंसी, वार्ड व लेबर रूम का निरीक्षण किया। हालांकि उनके जिले में होने की सूचना से स्वास्थ्य अमला पहले से चौकन्ना था। इससे सीएचसी की व्यवस्था ठीक मिली। उन्होंने मरीजों से बात भी की।

## आरोपी को चरित्र प्रमाणपत्र जारी करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस आरक्षी पद पर भर्ती हुए एक अभ्यर्थी व उसके पिता के विरुद्ध माखी थानाक्षेत्र में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आपराधिक मामले में आरोपी होने से उसका डीएम व एसपी ने भर्ती के समय लगने वाला चरित्र प्रमाणपत्र जारी नहीं किया था। इस पर अभ्यर्थी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट की शरण ली थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद कोर्ट ने चरित्र प्रमाणपत्र व नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओपी तिवारी ने बताया कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी उमेश की उप्र पुलिस के आरक्षी पद पर भर्ती हुई थी। इसके बाद भर्ती प्रकिया में लगने वाले चरित्र प्रमाणपत्र के लिए उमेश ने आवेदन किया था। उमेश व उसके पिता के विरुद्ध गांव निवासी एक महिला ने दुष्कर्म आदि धाराओं में पहले ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने उमेश का नाम विवेचना से हटाकर उसके पिता के विरुद्ध कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। इधर जब महिला को इसका पता चला तो उसने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर उमेश को तलब करा लिया। चरित्र प्रमाणपत्र के संबंध में जब जांच हुई तो उसके व उसके पिता के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की जानकारी होने पर चरित्र प्रमाणपत्र का आवेदन निरस्त कर दिया गया। नौकरी पाने की लालसा में उमेश ने इस फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय लखनऊ में याचिका दाखिल कर दी। उमेश पक्ष से अधिवक्ता ओपी तिवारी ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को न्यायमूर्ति करुनेश सिंह पवार की बेंच में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति ने कहा कि केस पेंडिंग के आधार पर नियुक्ति पत्र न देना व चरित्र प्रमाणपत्र न जारी करना विधि विरुद्ध है। याची को तुरंत नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा, 7 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही 7000 का जुर्माना भी लगाया।

असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 दिसंबर-2019 को बाजार गई थी। घर में मौजूद नाबालिग बेटी खेत पर जानवरों की देखरेख करने गई थी। तभी पड़ोसी गांव दऊ निवासी अनीस पुत्र गंगासागर चौरसिया उसकी बेटी को बाग में घसीट ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा था। आईओ ने किशोरी का मेडिकल कराकर कोर्ट में उसके कलम बंद बयान दर्ज करा आरोपी अनीस के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस एडीजे-11 कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को अंतिम सुनवाई में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहाराते हुए सजा सुनाई।

# चैंपियनशिप के लिए विद्यार्थियों का चयन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के लिए जिला चयन ट्रायल का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के 45 विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 3 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। चयनित खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, अनुशासन व खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया गया। चयन प्रक्रिया में उन्नाव फेडरेशन के सचिव सिद्धार्थ कृष्णा, कोच अब्बास हसन व सौरभ सिंह रहे। उन्होंने पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेल प्रशिक्षकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी बेहतर अवसर प्रदान करता रहेगा।



अंबिका स्कूल में खड़े चयनित खिलाड़ी।

## दंपति के शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम, एक साथ किए गए दफन

**उन्नाव, अमृत विचार।** पत्नी के साथ बीमार सास को देखने जाते समय हादसे में जान गंवाने वाले दंपति के शव शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव के बाहर एक साथ दफन किए गए। इस दौरान परिजनों में कोहराम मचा रहा। भाई की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने डंपर के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव तुमड़न खेड़ा निवासी मनीराम पुत्र जालिम अपनी पत्नी चांदनी को लेकर सदर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा खेड़ा स्थित ससुराल जा रहा था। तभी शेखपुर नरी कट से दूसरी ओर से वह जा रहा था। तभी डंपर की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी। शनिवार को छोटे भाई खुशीराम ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। मनीराम व उसकी पत्नी का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कुछ देर रुककर दोनों शव गांव के बाहर खेत में दफन किए गए। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर डंपर को सीज किया है। चालक की तलाश की जा रही है।

### श्रद्धालुओं की टोली अयोध्या धाम रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार।** श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के क्रम में विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के गांव भतावां से 162 श्रद्धालुओं की टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर अयोध्या धाम रवाना किया। इसके पहले विधायक ने कहा कि यह क्षण मेरे जीवन का अमूल्य व अविस्मरणीय अनुभव बन गया। श्रीराम जी की असीम कृपा से मुझे यह अवसर मिला कि मैं अपने बड़े-बुजुर्गों, मातृ-तुल्य देवतुल्य समाज के पावन चरणों को अयोध्या की यात्रा कराने का माध्यम बन सका। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हीरालाल, प्रधान सुखवीर, रामनरेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ब्रह्मसभा कराएगी 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह व 101 बटुकों का उपनयन संस्कार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसभा शुक्लागंज द्वारा आगामी 26 अप्रैल 2026 को भव्य सामूहिक आयोजन किया जाएगा। जहां 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह व 101 बटुकों का उपनयन संस्कार होगा।

यह जानकारी शनिवार को राजमार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष अंजनीकांत मिश्रा ने दी। कहा कि कार्यक्रम गोपीनाथ चंद्रावती विद्यालय परिसर में होगा। जहां ब्राह्मण परिवारों के 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह व 101 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा। आयोजन में 11 आचार्य वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संस्कार संपन्न कराएंगे। इसमें उन्नाव व कानपुर क्षेत्र के ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी व गणमान्य लोग अतिथि के रूप में शामिल होकर वर-वधुओं व बटुकों को आशीर्वाद देंगे। ब्रह्मसभा के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के सहयोग से विवाह करने वाले जोड़ों को दैनिक उपयोग की जरूरी सामग्री भी दी जाएगी। जिससे उनके वैवाहिक जीवन की शुरुआत सुगम हो सके। प्रेस वार्ता में ब्रह्मसभा संरक्षक आशुतोष शुक्ला, सचिव अनुज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, राजीव मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, विष्णु प्रसाद पाण्डेय, राज नारायण मिश्र, प्रमोद त्रिवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।




सामूहिक विवाह व उपनय संस्कार की जानकारी देते ब्रम्हसभा के पदाधिकारी।

### आंध्र प्रदेश में अधेड़ की मौत, बेटी ने जताया शक

**उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव निवासी अधेड़ की आंध्र प्रदेश में अचानक मौत हो गई। साथ मौजूद गांव के लोग उसका शव लेकर आए। बेटी ने पुलिस को इसकी सूचना देकर पोस्टमार्टम कराया है। परियर गांव निवासी सुशील अवस्थी (55) बीते जनवरी माह में गांव के कुछ साथियों के साथ कुल्फी का काम करने आंध्र प्रदेश के कड़पा शहर गए थे। बताते हैं कि वहां उसकी अचानक हालत बिगड़ी और मौत हो गई। बेटी अंजलि ने बताया कि साथियों ने बीमारी से मौत होने की सूचना दी है। शुक्रवार देररात साथी शव लेकर पहुंचे तो पत्नी वंदना व अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। पिता की अचानक मौत पर बेटी ने परियर पुलिस चौकी में हत्या के शक के आधार पर प्रार्थनापत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की माग की। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हार्टअटैक से मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि दो चोटें भी मिलीं। लेकिन वह इतनी घातक नहीं थी कि जिससे मौत हो सके।



न्यूज ब्रीफ

## पिता ने पुत्री से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

बिलग्राम, हरदोई अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में हैवानियत का मामला सामने आया जब एक पिता ने अपनी13वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ की जिसका न सिर्फ पुत्री ने विरोध किया बल्कि अपनी दादी से शिकायत भी की जिसके बाद आरोपी रोष में आ गया और गालीगलौज करते हुए अपने भाई के साथ मारपीट की और बक्से समेत कपड़ों को जला दिया।मां ने अपने पुत्र को आरोपी बनाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद दादी की तहरीर पर पुलिस ने पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए पास्को छेड़छाड़ जान से मारने की धमकी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना को लेकर संबंधित गांव के ग्रामीणों ने आरोपी के प्रति रोष जताया है।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

परियर उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड के पावा बाजार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और मुफ्त दवाओं का लाभ उठाया। शिविर में पहुंचे फिजिशियन डॉ. जगदीश ने पेट, लीवर, टीबी, शुगर व बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच की। उन्होंने बदलते मौसम में बढ़ती बीमारियों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि लोगों को खानपान में सावधानी बरतनी चाहिए। सलाह दी कि ताज़ा भोजन करें और हरी सब्जियां अच्छी तरह धोकर ही पकाएं। प्यास लगने पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। संक्रमण से बचने को बिस्तर को धूप में अवश्य सुखाएं व पर्याप्त नींद लें। नशे से दूरी बनाकर स्वस्थ जीवन जिएं। महिला चिकित्सक डॉ. रति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य व व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष चर्चा की। उन्होंने स्तनपान कराने वाली माताओं को परामर्श देते हुए कहा कि बच्चों को दूध पिलाने से पहले मां और बच्चे दोनों के हाथों की स्वच्छता अनिवार्य है। इस दौरान राहुल राजपूत, डॉ. सुरेश, अंजनी कुमार पाठक, कमलेश, राजकुमार पाठक व शलीम आदि मौजूद रहे।

# 146 में से 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

## बांगरमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव



सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

अमृत विचार। तहसील सभागार में शनिवार को डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एसपी जयप्रकाश सिंह सहित जिला प्रशासन के आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान राजस्व, पुलिस व विकास विभाग से जुड़ी शिकायतों की भरमार रही। नगर के पूर्व सभासद सुधीर मिश्र 'सद्धू' ने जिले के प्रथम सांसद व स्वतंत्रता सेनानी विश्वंभर दयालु त्रिपाठी के पैतृक आवास से बाईपास तक जाने वाले मार्ग की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए बताया कि जलभराव व कीचड़ के कारण रास्ता अवरुद्ध है। इस पर डीएम ने ईओ को प्राथमिकता के आधार पर आरसीसी या इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का निर्देश दिया। बेहटा मुजावर क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की शिकायत की। जिस पर एसपी ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आदेश दिए। नौनिहालगंज के निवासियों ने सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप में सबमर्सिबल डालकर निजी कब्जा करने की शिकायत की। जिस पर जांच के आदेश दिए गए। समाधान दिवस में कुल 146 शिकायतें आईं, जिनमें से केवल 19 का मौके पर निस्तारण हो सका। इसमें राजस्व विभाग की 85, खाद्य व रसद की 23, विकास विभाग की 13, पुलिस की 12 व अन्य विभागों की 13 शिकायतें आईं। इस दौरान एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला, सीओ संतोष सिंह, बीडीओ अनिल सिंह, तहसीलदार साक्षी राय, चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा जिले की सफीपुर, सदर, बीघापुर, पुरवा व हसनगंज तहसीलों में भी संबंधित अफसरों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिये।




कार्यक्रम में डीएम व एसपी के साथ मौजूद विद्यालय के लोग। अमृत विचार

## छात्राओं को सिखाए सुरक्षा व स्वावलंबन के गुर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण में स्थानीय आरडीएस ग्रुप ऑफ स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिले के उच्चाधिकारियों ने शिरकत कर छात्राओं को सुरक्षा, साइबर क्राइम व उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डीएम गौरांग राठी व एसपी जय प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से छात्राओं को संबोधित किया। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य बेटियों को भयमुक्त वातावरण देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। एसपी जय प्रकाश सिंह ने पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीओ लाइन विनी सिंह ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर कहा कि अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत फोटो या जानकारी साझा न करें। संदिग्ध लिंक व फर्जी प्रोफाइल से दूर रहें। ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन की मदद लें। छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिये हेल्पलाइन नंबरों से सहायता लेने की जानकारी दी।

## गर्रा नदी में नहाने गए किशोर समेत दो डूबे, एक लापता

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के पास स्थित गर्रा नदी में शनिवार दोपहर नहाने गए एक किशोर सहित दो लोग डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता से एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि किशोर का देर कोई सुराग नहीं लग सका है।

आशीर्वाद (17) पुत्र महेंद्र निवासी नोनखारा थाना सांडी परिवार के साथ दिल्ली के सीलमपुर क्षेत्र में रहता था। पाली क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी वीर प्रताप के यहां रिश्तेदारी में आया था। शनिवार दोपहर वह वीर प्रताप के साथ गांव के पास गर्रा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल नदी में कूदकर वीर प्रताप को किसी तरह बाहर निकाल लिया, लेकिन आशीर्वाद पानी में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पाली थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है, समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका था।

## फार्मर रजिस्ट्री कराने वालों को ही सम्मान निधि

हरदोई, अमृत विचार। फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिलेगा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है, ऐसे सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्राथमिकता के आधार पर बनायी जाये जिसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं।

## ट्रेन की चपेट में आए किसान की मौत, दूसरे दिन शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। रात में घर से निकला काश्तकार वापस नहीं लौटा,उसे ढूंढा जा रहा था,उसी बीच गांव की रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत होने की खबर सुन घर वाले अगली सुबह कोतवाली पहुंचे,जहां उन्होने शव की शिनाख्त की। घर वाले हादसा,वहीं कुछ लोग आत्महत्या बता रहें है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने खे बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

सण्डीला कोतवाली के तिलोइयां खुर्द निवासी 26वर्षीय विमलेश कुमार पुत्र देवीदयाल काश्तकारी करता था,परिवार में पत्नी शिवानी और एक बेटी है। शुक्रवार को विमलेश घर में ही था,लेकिन रात होने पर वह बगैर कुछ बताए बाहर निकल गया। ढूंढ रहे घर वालों को पता चला कि शुक्रवार की रात में गांव की रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। शनिवार की सुबह विमलेश का भाई विमल कुमार सण्डीला कोतवाली पहुंचा,जहां हादसे के शिकार हुए युवक के बारे में बताने पर उसकी शिनाख्त हो सकी। घर वालें हादसा बता रहें है,जबकि कुछ लोग कह रहें हैं कि विमलेश ने आत्महत्या की,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीडीओ ने ब्लॉक का निरीक्षण कर दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई



कार्यालय का निरीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

अमृत विचार। संपूर्ण समाधान दिवस, प्रतिभाग करने के बाद मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने विकासखंड कार्यालय का विस्तृत एवं सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लॉक परिसर की समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सीडीओ ने ब्लॉक परिसर में छायादार एवं पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाने के निर्देश दिए। कर्मचारियों एवं आगंतुकों के वाहनों की सुगम आवाजाही एवं सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किए जाने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने एवं जर्जर भवनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए, जिससे परिसर की उपयोगिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासनिक भवन के निरीक्षण के दौरान मनरेगा कक्ष, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कक्ष, लेखाकार पटल, शिकायत पटल एवं स्थापना पटल का बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया गया तथा इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

### समय पर भुगतान पर दिया जोर

बिलग्राम, हरदोई अमृत विचार। ब्लॉक का निरीक्षण करते हुए सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पाया कि कुछ कार्यों के भुगतान समय से नहीं किए गए हैं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि आंगनबाड़ी के जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका भुगतान बिना देरी के किया जाए तथा निर्माणकर्ताओं की धरोहर राशि भी वापस की जाए। सभी पटलों को निर्देशित किया गया कि वे समय से भुगतान के साथ कागजी प्रक्रिया भी पूरी रखें।

## पति से विवाद में पत्नी ने खाया जहर, मौत

हरदोई, अमृत विचार। पति ने साले के घर मुण्डन की दावत से दूरी बनाते हुए वहां नहीं गया। उसी बात से पत्नी खफा हो गई। शनिवार की सुबह पत्नी ने ज़हर खा लिया,से सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां पहुंचते उसकी मौत हो गई। मल्लावां कोतवाली के गोसवा निवासी स्मृति कुमार त्रिवेदी की 36 वर्षीय पत्नी मनोरमा ने शनिवार की सुबह कुछ खा लिया। उसे सीएचसी माधौगंज से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। स्मृति कुमार त्रिवेदी कानपुर की लेदर फैक्ट्री में काम करता है,10 दिन पहले ही वह घर आया हुआ था।

# जन प्रतिनिधियों ने बिजली विभाग की बैठक से किया किनारा

हरदोई, अमृत विचार। बिजली विभाग के रवैये से जनता ही नहीं जन प्रतिनिधि भी त्रस्त हैं। इसका नजारा आज उस समय दिखाई पड़ा जब विद्युत विभाग की बैठक का जनप्रतिनिधियों ने बहिस्कार कर दिया।

बताते चलें शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित विवेकानन्द सभागार में 12 बजे विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक होनी थी। विभाग के सभी अधिकारी बैठक में पहुंच गए लेकिन कोई जनप्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचा। 12:30 बजे बैठक में पहुंचे सांसद जय प्रकाश ने जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार से अधिकारियों को अवगत कराया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए उन्होनें कहा कि जब जिले के विधायक सांसद विभागीय अधिकारियों से कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं तब जनता क्या संतुष्ट होगी। उन्होनें बिजली विभाग के अधिकारियों के क्रियाकलाप से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को अवगत कराने की बात कही। बैठक में अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता तथा कई उपखण्ड अधिकारी मौजूद रहे।



बिजली विभाग के अधिकारियों से नाराजगी जाहिर करते सांसद जयप्रकाश।

### जनप्रतिनिधियों का फोन कॉल नहीं रिसीव करते अधिकारी

प्रदेश सरकार जहां सबकुछ ठीक होने की बात कह रही है वहीं जिले के जनप्रतिनिधियों को फोन बिजली विभाग के अधिकारी नहीं उठाते हैं। फोन न उठाने की शिकायत कई बार पूर्व ऊर्जा मंत्री नरेश अग्रवाल के पुत्र आबाकारी मंत्री नितिन अग्रवाल खुद बैठकों में कर चुके हैं। विद्युत स्मार्ट मीटरों की शिकायतें जनता जन प्रतिनिधियों के पास लेकर जाती है उसका भी कोई हल बिजली विभाग के अधिकारी नहीं करा पाते है। सरकार द्वारा निर्धारित कार्यालय में 10-12 बैठने के समय में भी बिजली विभाग के अधिकारी कार्यालयों में नहीं बैठते हैं। इसको लेकर जन प्रतिनिधि विद्युत विभाग के अधिकारियों से नाराज चल रहे हैं।

## कालाबाज़ारी के आरोप में गैस गोदाम पर हंगामा, तालाबंदी

हरदोई, अमृत विचार। भाजपा नेता के गैस गोदाम पर घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाज़ारी का आरोप लगाते हुए हंगामा हो गया। बवाल बढ़ता, उससे पहले वहां पहुंची पुलिस ने गोदाम में तालाबंदी कर दी। मामला बम्हनाखेड़ा स्थित भाजपा नेता विनोद राठौर की गैस एजेंसी की है। गैस लेने के लिए दौड़ रहे उपभोक्ता शनिवार को पहुंचे तो गैस सिलेंडर गाड़ी में लोड किए जा रहे थे। पूछने पर बताया गया कि हरदोई में सप्लाई दी जानी है। इतना सुनते ही उपभोक्ता उबल पड़े। उनका कहना था कि एक सिलेंडर के उन्हे दौड़ाया जा रहा है और दूसरों के लिए गाड़ी लोड की जा रही है। बल्ली पुर के राघवेंद्र सिंह,गौरपुर के प्रदीप कुमार, लाला पुरवा सौतेरा की अनीता पत्नी ओमप्रकाश, गौरपुर की शीलू देवी पत्नी शिशुपाल और उसी गांव की राम खुशी पत्नी अर्जुन का आरोप है कि सिलेंडर की कालाबाज़ारी की जा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बबलू पुत्र मुन्नन खां, निवासी सलारगंज (बहराइच) की बीमा पॉलिसी संख्या 214592607 में जन्मतिथि 18.07.1982 दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में जन्मतिथि 01.01.1975 तथा पॉलिसी बांड में पिता का नाम अल्ताफ खां अंकित है। उक्त सभी विवरण एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र अली अलसफर की आपराधिक व झगड़ालू प्रवृत्ति होने, मेरी सम्पत्ति को हड़पने, बरबाद करने की साजिश करने एवं मुझे मारने का षड्यंत्र करने के कारण मैंने अपने पुत्र अली अलसफर को दिनांक 15.12.2025 को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और घर से निकाल दिया है। मेरी सम्पत्ति एवं मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी असामाजिक, आपराधिक कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मो0 रफी पुत्र मजीद निवासी- ग्राम- मोहल्ला- रहिमापुर, मजरे- इन्हौना, थाना- इन्हौना, जिला- अमेठी।

**सूचना**

मै मो0 इलियास खान पुत्र अब्दुल वहीद खान, मोहल्ला केवलहार मलिहाबाद, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मैने अपने पुत्र मो0 अब्बास खान का व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने के कारण व उसके गलत आचरण से मैं अत्याधिक शारीरिक व मानसिक पीड़ित रहता हूँ जिसके कारण मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से उक्त को बेदखल करता है। अब उपरोक्त से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा, समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड नम्बर 9454 6164 0323 में मेरा नाम सीमा देवी लिखा गया है जो कि पूर्व का उप नाम था वास्तविक एंव शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा नाम अंशिका पत्नी भूपेन्द्र कुमार जन्म तिथि 08.05.2007 है। निवासी गोपालपुर पुरवा तरौहा तहसील कर्वी जिला चित्रकूट है। सीमा देवी नाम गलत है। **अंशिका पत्नी भूपेन्द्र कुमार निवासी गोपालपुर पुरवा तरौहा तहसील कर्वी जिला चित्रकूट (उ0प्र0)**

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल के प्रमाणपत्र में त्रुटिवश मेरा नाम भावाना सिंघल (BHAVANA SINGHAL) अंकित हो गया है। जबकि मेरे पैन कार्ड व आधार कार्ड सं0-314195216861 में मेरा सही नाम भावना अग्रवाल(BHAWNA AGARWAL) दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम भावना अग्रवाल (BHAWNA AGARWAL) के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-अंशुल अग्रवाल पता-एम-1018, सेक्टर- एम, आशियाना एल.डी.ए.कालोनी, लखनऊ -226012 (उ0प्र0)

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपहरणकर्ता गिरफ्तार



- 8 घंटे के अंदर पुलिस ने अगवा छात्र को सकुशल बरामद किया

उन्नाव, अमृत विचार। जिले के बिहार थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय छात्र के अपहरण की घटना का पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद किया गया, जबकि अवैध हथियार, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई।

शनिवार को थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम बेवल निवासी 11 वर्षीय छात्र, जो शिव बालक सीताराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल केदारखेड़ा में कक्षा पांच का छात्र है, स्कूल से घर लौटते समय लापता हो गया। परिजनों ने गांव के ही शिव कुमार कुशवाहा पर बच्चे को ले जाने का आरोप लगाया। सूचना पर थाना बिहार पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ बच्चे की तलाश शुरू कर दी। शाम करीब आठ बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चे के साथ पुरवा-असोहा मार्ग पर पड़वाखेड़ा पावर हाउस के पास देखा गया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा, लेकिन बाइक फिसलकर गिर गई। आरोपी ने बच्चे को छोड़कर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के बाएं पैर में लग गई, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी शिवकुमार पुत्र चंद्रपाल (45) निवासी ग्राम बेवल को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से अपहृत बच्चा, एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी पुरवा भेजा गया है।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने अग्निकांड पीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के मल्लाहन पुरवा में बीते शुक्रवार हुए भीषण अग्निकांड ने जहां दर्जनों परिवारों का सब कुछ छीन लिया वहीं अब सामाजिक संस्थाएं इन पीड़ितों के घावों पर मरहम लगाने के लिए आगे आने लगी हैं। शनिवार को मानव उत्थान सेवा समिति ने गांव पहुंचकर अग्निपीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। बता दें कि शुक्रवार को गंगा तटवर्ती गांव फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा में आग ने विकराल रूप ले लिया था। इसमें 30 परिवारों की करीब 50 लाख की चल-अचल संपत्ति जल गई थी। सिर से छत छिनने से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। सद्गुरुदेव सतपाल महाराज द्वारा संचालित मानव उत्थान सेवा समिति पीडी नगर उन्नाव की प्रबंधक महात्मा नीलगंगा बाई व महात्मा धनिष्ठा बाई शनिवार दोपहर गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री, भोजन पकाने के बर्तन दैनिक उपयोग का अन्य सामान वितरित किया। ताकि पीड़ित भोजन का प्रबंध कर सकें। राहत वितरण के दौरान महात्माओं ने कहा कि दुख की इस घड़ी में संस्था पीड़ितों के साथ खड़ी है और भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# सड़क हादसे में घायल तीसरे युवक ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर बीतीरात हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की कानपुर में इलाज के दौरान सांसे थम गईं। इससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या 3 हो गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी उमेश (40) पुत्र श्रीराम बांगरमऊ नगर के हरदोई मार्ग स्थित एक शराब ठेके में नौकरी करता था। सहकर्मी वीरेंद्र पुत्र जीत बहादुर के साथ बीते शुक्रवार बाइक से जाते समय बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर सुरसेनी गांव के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो उसकी व एक अन्य बाइक में टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई थी। इसमें वीरेंद्र व दूसरी बाइक के चालक मारूस की मौत हो गई थी। मारूस की पत्नी व बच्ची सहित उमेश गंभीर घायल हुआ था। सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन वहां से उमेश को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। जहां शनिवार को उसकी भी मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार घायल अवस्था में मौके से भाग निकला था। बाद में शुक्रवार देररात करीब 1 बजे स्कार्पियो सवार घायल उवैस पुत्र मो. रईस इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से उसे भी जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि हैलट में उमेश की मौत हुई है। कानपुर कमिश्नरेट की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी। वहीं इस हादसे में मृत दोनों लोगों के शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिये गए हैं।

## हरदोई में नील गाय से टकरा कर बाइक सवार पल्लेदार की मौत



संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। गल्ला मण्डी में पल्लेदारी करने वाला युवक बाइक से घर जा रहा था,उसी बीच रास्तें में माधौगंज थाने के सहिजना नेवादा के पास सड़क पर नील गाय कूद पड़ी,जिससे टकरा कर वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि माधौगंज थाने के गौतरा निवासी 35 वर्षीय रामजीवन पुत्र प्रहलाद माधौगंज गल्ला मण्डी में पल्लेदारी करता था। उसके छोटे भाई लक्ष्मण ने बताया कि रामजीवन शुक्रवार की देर शाम को बाइक से घर जा रहा था,रास्तें में सहिजना नेवादा के पास सड़क पर अचानक नील गाय कूद पड़ी,बाइक सवार रामजीवन उससे टकरा कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी माधौगंज से मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। दो भाइयों में रामजीवन बड़ा था, उसके बच्चें नहीं थे, परिवार में अकेली पत्नी सीता है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर, जनपद-उन्नाव।**

पत्रांकः-04-71/नि0सू0/न0पं0स0/2026-27 दिनांक- 04 अप्रैल, 2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि **सीवरेज एवं जल निकासी योजना** के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव की सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य/आपूर्ति हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी, वित्तीय बिड खोलने का विवरण निम्नवत् हैः-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.04.2026 |
| (b) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 06.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अंतिम तिथि व समय | 27.04.2026 प्रातः 10:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 27.04.2026 प्रातः 11:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर-उन्नाव। |

नोटः-निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सफीपुर,
जनपद-उन्नाव।

न्यूज ब्रीफ

### ससुर और बहू ने मिलकर सास को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला सैय्यद वाडा में बहू ने अपने ससुर के साथ मिलकर सास की डंडों से पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सास का मेडिकल परीक्षण कराया गया। सैय्यद बाड़ा निवासी गीता देवी पत्नी भगवान शरण के अनुसार 2 अप्रैल को बहू गायत्री पत्नी मोहित ने अकारण गाली गलौज किया। विरोध करने पर गायत्री और पति भगवान शरण ने मिलकर उसे डंडों से पीटा, घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### देवर ने भाभी को पीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा में युवक ने अपनी भाभी को पीट कर घायल कर दिया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी विकास श्रीवास्तव के अनुसार उसकी पत्नी रीना श्रीवास्तव घर पर अकेली थी। उसके छोटे भाई अजय श्रीवास्तव उर्फ़ शिवम ने अकारण पत्नी को गाली गलौज किया। विरोध करने पर डंडों से पीट कर घायल कर दिया। उसे तत्काल सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया।

### बंदियों को बताए गए उनके अधिकार

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। बंदियो के अधिकार,प्ली-बारगेनिंग के विषय पर जागरूक किया। न्यायाधीश ने बंदियों के अधिकार व प्ली-बारगेनिंग विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# बेटियों की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण का दिया संदेश

## विशाल साइकिल रैली को सीडीओ सान्या छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, रैली में शामिल रहीं कॉलेजों की छात्राएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में साइक्लोथान मेगा इवेन्ट का आयोजन किया गया। जिसमें जीजीआईसी इंटर कालेज, श्री बेणी माधव, विद्यापीठ इंकार कालेज, आर्य कन्या बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं एवं शिक्षकाओं ने प्रतिभाग किया।



जन जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकालतीं छात्राएं। अमृत विचार

सीडीओ ने विशाल साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर डीएम चौराहे से रवाना किया। रैली डीएम चौराहा से अटल चौक, सोल्जर बोर्ड चौराहा से कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए गांधी भवन पर समाप्त हुई। रैली में शामिल बालिकाओं को बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ योजना के तहत टी शर्ट व कैप वितरण किया गया। रैली के माध्यम से जनसंख्या अनुपात, जन्म मृत्युदर, लिंगानुपात, स्कूल ड्राप आउट, बाल विवाह की पाबंदी, लैंगिक शोषण पर रोक, संस्थागत प्रसव, साक्षरता दर तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा एवं शोषण रोकने हेतु जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, मिशन शक्ति टीम पुलिस विभाग, डा0 अभय जैन, सतीश कुमार, पिंकी देवी, प्रियंका पाण्डेय, रूबी देवी, खुशबू जहां, संध्या, पल्लवी मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कछौना पुलिस ने छात्राओं से कहा, डरना मना है, विश्वास से बढ़ें आगे

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में शनिवार को माहौल थोड़ा 'गर्म' हो गया, जब 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक ज़बरदस्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस की महिला टीम ने छात्राओं में जोश भर दिया। उप निरीक्षक समीक्षा कटियार और महिला कांस्टेबल रीता वर्मा ने विभिन्न स्थानों पर छात्राओं को संबोधित किया। उनका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना और आत्मरक्षा के उपाय सिखाना था। 'नारी सम्मान ही समाज की सच्ची उन्नति ।उप निरीक्षक कटियार ने छात्राओं को आत्मनिर्भर, निडर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नारी सम्मान ही समाज की सच्ची उन्नति का आधार है। छात्राओं से अपील की गई कि वे हर क्षेत्र में भयरहित होकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान, महिलाओं को सुरक्षा और आपातकालीन सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जैसे 1090, 112, 108, 102, 181 और 1076 कुल मिलाकर, पुलिस का यह 'धाकड़' अभियान महिलाओं में एक नया जोश भरने में कामयाब रहा।

## चौपाल में महिलाओं को आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम, में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को ग्राम रफैयतगंज कस्बा में मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम द्वारा महिलाओं को पंपलेट वितरित करते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1930, 181, 108, 102 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। चौपाल में बालिकाओं को 'गुड टच-बैड टच' के बारे में जागरूक किया गया, वहीं महिलाओं और किशोरियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की उपयोगिता समझाई गई। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा आत्मरक्षा के सरल उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अजय तोमर, आरक्षी अंशुल चौधरी, महिला आरक्षी शक्ति चौहान व आरती सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दो बच्चों सहित महिला के अपहरण का आरोप, केस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मां अपनी बेटी और बेटे को साथ लेकर घर से निकली। लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बीच पता चला कि एक युवक ने शादी का झांसा देते हुए अपने पिता की मदद से मां और उसके दोनों बच्चों का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

बेहटा गोकुल थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की दोपहर उसकी 24 वर्षीय पुत्री अपने आठ वर्षीय बेटे व पांच वर्षीय बेटी को साथ ले कर घर से निकली थी,देर शाम तक वापस नहीं लौटी,उसे इधर-उधर नाते-रिश्तेदारों के घरों में ढूंढा गया,पर कहीं से कोई सुराग़ नहीं लगा,लेकिन तलाश करने दौरान पता लगा कि कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी प्रांशु उर्फ हिमांशु ने अपने पिता राजकुमार की मदद से शादी का झांसा देते हुए उसकी बेटी और उसके दोनों बच्चो.का अपहरण कर उन्हे अपने साथ ले कर कहीं चला गया। बेहटा गोकुल पुलिस ने प्रांशु उर्फ हिमांशु व उसके पिता राजकुमार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने शोक जताया

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार।** कांग्रेस हरदोई की पूर्व जिला सचिव के पुत्र के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में उनके शाहाबाद स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस की पूर्व जिला सचिव शाहाबाद क़स्बा निवासी नीलू वर्मा के पुत्र चंदन वर्मा उर्फ़ शिवम की बीते दिनों ट्रेन दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई थी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह, हरदोई शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष कमलेश रस्तोगी,पीसीसी मेंबर गुफरान कौसर, महासचिव मोरध्वज वर्मा सहित सभी नेताओं ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# नव प्रवेशित बच्चों को दी पुस्तकें व स्टेशनरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्कूल चले अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने शनिवार को रसखान प्रेक्षागृह से किया। प्रेक्षागृह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल चलो अभियान रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। नव प्रवेशित बच्चों को सीडीओ व सान्या छावड़ा व जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुस्तक से तथा स्टेशनरी किट भी दी।



रैली को हरी झण्डी दिखाती जिलापंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

- जिपं अध्यक्ष ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई हरी झंडी

जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपद के बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होंने जनपद के निपुण विद्यालय आकलन में लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान पर आने तथा संख्यात्मक रूप से प्रदेश में सर्वाधिक निपुण विद्यालय घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बेटियों की शिक्षा व्यवस्था पर विशेष बल दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी ने उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता एवं छात्र नामांकन हेतु पूर्णिमा सक्सेना (बेसिक शिक्षा) तथा प्रिया पांडेय (माध्यमिक शिक्षा) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने स्कूल चलो अभियान के संचालन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सभी शिक्षकों से जनसामान्य तथा अभिभावकों का सहयोग लेकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अजित सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। जनपद में ऑपरेशन कायाकल्प तथा निपुण भारत अभियान के अंतर्गत किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर समस्त बीईओ, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक तथा कार्यालय स्टाफ तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# हर शिकायत का गुणवत्ता पूर्ण हो निस्तारण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील सवायजपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी अनुनय झा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाएं। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। शिकायकतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये। राशन वितरण संबंधी शिकायतों के संबंध में डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में अनियमितता करने वालें कोटेदारों के विरूद्व कड़ी कार्रवाई करते हुए कोटा निरस्त करें। कहा कि जिन पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उनका सत्यापन कराकर पात्र व्यक्तियों की पेंशन पुनः बहाल करायें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के साथ लोकल फाल्ट एवं खराब ट्रास्फरमार समय पर ठीक करायें।



समाधान दिवस में शिकायत सुनते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

### शाहाबाद में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार तहसील में एडीएम प्रियंका सिंह के अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में 69 शिकायतों में 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। एडीएम प्रियंका सिंह ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर न्यायपूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए।

## भूमि विवाद में दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गहोरा गांव में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने तीन महिलाओं को पीट कर घायल कर दिया। महिलाओं का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के गहोरा गांव निवासी फूलमती पत्नी संभू के अनुसार 3 मार्च को सुबह बटेश्वर, अवनीश, विदेश एवं बटेश्वर की पत्नी ने फूलमती पर डंडों से हमला कर दिया। पुत्री दुर्गा और बहू सोनिका बचाने दौड़ी तो दबंगों ने उन्हें भी पीटा। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# प्रेमी के साथ भागी पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाकर पति ने दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ भाग निकली। पत्नी की बेवफाई से आहत पति ने उसी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कोतवाली देहात के कठेहा मजरा आशा निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम पुत्र बल्ला मज़दूरी कर पत्नी बब्ली, दो बेटियों व एक बेटे का पेट पाल रहा था। छोटे भाई बाबूराम ने बताया कि करीब एक साल पहले राधेश्याम पत्नी बब्ली के साथ पंजाब में रह कर वहां मज़दूरी करता था। उसी बीच बब्ली वहीं रहने वाले प्रेमी के साथ भाग गई थी। वहां उसने पुलिस की मदद से पत्नी को ढूंढ निकाला और उसे लेकर गांव आ गया था। बुधवार को राधेश्याम मज़दूरी करने चला गया। घर में बब्ली और तीनों बच्चे थे। उसी बीच वह बच्चों को लेकर उसी प्रेमी के साथ भाग गई। शाम को घर लौट कर राधेश्याम को पूरी बात पता चली,पहले तो उसने तीन दिनों तक इधर-उधर पता लगाया,लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ,उसने शुक्रवार की शाम को बरामदे के ऊपर बनें कमरें के अंदर पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया।



राधेश्याम की फाइल फोटो।

## भाजपा सरकार ने देशवासियों को लाइन में लगा दिया : विक्रम

**शाहाबाद, हरदोई अमृत विचार।** मोहल्ला महुआटोला में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष ने करीब आधा सैकड़ा लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार को नाकाम सरकार बताया। कहा कि भाजपा की सरकार का जब से गठन हुआ है तब से पूरे देश की आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। नोट बंदी से लेकर घरेलू गैस तक के लिए सरकार ने जनता को लाइन में लगने को मजबूर किया।

# भाई की हत्या करने में दोषी भाई को आजीवन कारावास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सगे भाई की हत्या में दोषी भाई को न्यायाधीश कुसुम लता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता अमरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के बरगवां निवासी अनमोल ने 6 अगस्त 2021 को अपने भाई अवधेश व रिश्तेदार आशु के सिर पर सिलेंडर से वार कर दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले की रिपोर्ट मृतक आशु की माता राजकुमारी ने दर्ज कराई। कहा कि उसका बेटा आशु उसकी जेठानी के भाई अवधेश के साथ हरदोई शहर में विभूति नगर में शंभू के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मकान मालिक शंभू ने सूचना दी कि अवधेश का भाई अनमोल जो घटना के तीन दिन पहले अवधेश से मिलने आया था और पैसों के लेनदेन को लेकर सोते समय अवधेश और आशु के सिर पर सिलेंडर से प्रहार कर दिया था, शंभू उसकी पत्नी सुमन व लड़का नीरज बचाने गया तो उन पर भी हमला किया, घायल आशु की बाद में मौत हो गई।

# लूट मामले में आईजी ने पुलिस को दी चेतावनी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्राफा कारोबारी से गन प्वाइंट पर हुई लूट की वारदात का पता होते ही आईजी किरण एस सीधे टड़ियावां पहुंचे। उन्होंने कारोबारी की दुकान और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आईजी ने वारदात के जल्द खुलासे के निर्देश देते हुए पुलिस को चेतावनी दी कि कोई लापरवाही हुई तो सख्त कार्रवाई होगी। आईजी ने एसपी अशोक कुमार मीणा से वारदात के बारे में अब तक की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा तलब किया।

बताते चलें कि शुक्रवार की शाम को टड़ियावां थाने के मोहल्ला मिश्राना कस्बा गोपामऊ निवासी सर्राफा कारोबारी सर्वेश कुमार रस्तोगी दुकान बंद कर अपने पुत्र गौरव रस्तोगी के साथ बाइक से घर जा रहे थे। उसी बीच रास्तें में बाज़ार पुरवा के पास दो बाइक पहुंची,जिन पर 6 युवक सवार थे। बाइक सवारों ने गन प्वाइंट पर बाइक की डिग्गी में रखा थैला जिसमें डेढ़ लाख कैश और सोने-चांदी के ज़ेवर थे,लूट ले गए। तमंचे की बट से गौरव की पिटाई भी की थी। आईजी किरण एस शनिवार को टड़ियावां पहुंचे और एसपी से अब तक की गई जांच व कार्रवाई की जानकारी ली। एसपी ने भरोसा दिलाते हुए बताया कि खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगाई गईं है,जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।



घटनास्थल निरीक्षण करते आईजी किरण एस। अमृत विचार

### नाकाबंदी कर की जा रही कांबिंग

बाज़ार पुरवा में सर्राफा कारोबारी सर्वेश कुमार रस्तोगी के साथ हुई लूट के खुलासे के लिए हर तरफ नाकाबंदी कर ज़ोरदार चेकिंग अभियान शुरु कर दिया है। एसपी के कड़े निर्देश पर एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह व सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान की निगरानी में पुलिस की टीमें बराबर कांबिंग कर रहीं है।

# हाइटेशन करंट की चपेट में आए कंबाइन मशीन के चालक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रात के समय खेत में चल रही कंबाइन मशीन अचानक खराब हो गई। उसका ड्राइवर अंधेरे में ऊपर चढ़कर दुरुस्त कर रहा था। उसी बीच वह बिजली के हाइटेंशन तारों की चपेट में आ गया। झटके से नीचे गिरे चालक को तुरंत सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के धरौली मजरा नेवादा लोचन निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ मुलायम सिंह (33) कंबाइन चलाने के अलावा उसका मैकेनिक भी था। वह कोतवाली शहर के महेशपुर निवासी धीरज तिवारी की कंबाइन मशीन चलाता था। शुक्रवार को अपने भतीजो सोनू व कृपाल सिंह के साथ बेनीगंज के नयागांव में कंबाइन चला रहा था। सोनू ने बताया कि उसके चाचा मशीन खराब होने पर उसी के ऊपर चढ़कर ठीक कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। सुखविंदर के परिवार में पत्नी सिमरन कौर के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। छह भाइयों में उससे तीन बड़े और दो छोटे हैं।



सुखविंदर सिंह की फाइल फोटो।

रात्रि जागरण | साईं मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर जागरण का कार्यक्रम का आयोजन

# मेरे घर के आगे साईं नाथ तेरा मंदिर बन जाए...

संवाददता, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां (हरदोई) कस्बे के श्यामपुर में साईं मंदिर के 17वें स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव पर आयोजित रात्रि संध्या जागरण का कार्यक्रम में कानपुर के प्रसिद्ध गायकों ने साईबाबा एवं माता रानी के सुंदर भजन गाए और सुन्दर झाँकियां दिखाई।

शुक्रवार को साईं बाबा मंदिर व माता मान देवी मंदिर प्रांगण श्यामपुर में मां अम्बे जागरण ग्रुप बिल्हौर कानपुर के कलाकारों ने माता रानी एवं साईं बाबा के विशेष भजनों को सुना कर भक्तों को जहां भाव विभोर किया। वही अतुल सांवरे झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा विभिन्न में झांकियों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। जागरण के शुभारंभ में मंदिर के मंदिर के व्यवस्थापक गौरव सोनी एवं सियाराम अर्कवंशी तथा दिल्ली से पधारे मुख्य यजमान महेश सिंह , मीनू सिंह अर्कवंशी ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया। जगराते का शुभारंभ करते हुए पार्टी के संचालक अतुल सांवरे एडवोकेट ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ भजन कई भजन सुना कर भक्ति का माहौल बनाया। कानपुर से पधारी गायिका राधिका राधे बृजवासी ने माता का भजन - लगन मैया से लगा बैठे हो जो होगा देखा जाएगा, तेरी रहमतों का दरिया सरेआम चल रहा है बदौलत आप की मैया बनी इतनी बनी कदर मेरी, सहित भजन तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो सुनाकर खूब तालियां बटोरी। सुप्रसिद्ध गायिका अनुष्का शर्मा ने मैया का चोला है रंग लाल सहित शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली आदि भजन सुना कर भक्तजनों को भावविभोर किया। गायक सुरजीत सिंह सोना कानपुर और उपदेश राज ने अपने सुरमयी भजन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अतुल सांवरे झांकी ग्रुप के द्वारा विभिन्न झांकियां के प्रस्तुतीकरण को देखकर भक्त झूम उठे। जगराते का समापन तारा रानी की कथा के साथ कर के प्रसाद वितरण किया गया।



जागरण में भजन प्रस्तत करते कलाकार।

# 24 करोड़ से होंगे नगर में विकास कार्य

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने सरकार द्वारा भेजे गए 24 करोंड़ से होने वाले विकास कार्यों के बारे में एक प्रेस वार्ता कर बताया। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री से सदर विधायक नितिन अग्रवाल के प्रयासों से यह पैसा मिला है। जिससे तमाम विकास कार्य कराए जा रहे है। विधायक निधि से मोहल्ला ऊंचा थोक में पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया। सदर विधायक ने नगर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइटें भी लगवाई है।

अध्यक्ष ने बताया कि 15 वित्त आयोग से प्राप्त 501.10 लाख रुपये की धनराशि से विभिन्न वार्डो में 115 निर्माण कार्य कराए गए। दीन दयाल उपाध्याय नगर योजना में 8 निर्माण व 2 प्रकाश व्यवस्था हेतु 198.01 लाख, सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत 202.55 लाख, कान्हा गौशाल में 165.47 लाख, पेयजल हेतु व्यवस्था के तहत 135.54 लाख रूपए से 5 नलकूप व पाइप लाइनों का विस्तार व पांच हजार लीटर क्षमता के 2 स्टील टैंकर, पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के लिए 279.03 लाख रूपए त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 12 सड़कों का नवीनीकरण 494.78 लाख की लागत से कराया गया। इसके अलावा उपवन योजना, नगरीय आवास योजना, पोखर संरक्षण योजना के तहत भी तमाम कार्य कराए गए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान अनेक सभासद के अलावा निर्माण प्रभारी कमल मिश्रा, लेखाकार विद्याभूषण, राहुल कश्यप मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते सुखसागर मिश्र। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### शिक्षक मो. असलम का विदाई समारोह आज

**सीतापुर, अमृत विचार।** श्री कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज, बिसवां के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मो. असलम की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी क्रीड़ा प्रभारी, श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल ने बताया कि विदाई समारोह में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर मोहम्मद असलम को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित करेंगे।

### रसूलपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के रसूलपुर गांव में युवक का शव लटका हुआ मिला। बताते हैं कि लुधियाना से घर लौटे संतराम का अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद से क्षुब्ध होकर संतराम रात में घर से निकल गया और गांव के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### डल्लूपुर में सर्पदंश से बालक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डल्लूपुर में सांप के काटने से तीन साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। बताते हैं कि गांव वासी सरोज की पुत्री नैंसी (3) अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। घटना के समय पिता खेत में काम कर रहे थे। जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में बच्ची को लेकर अस्पताल की ओर दौड़े, लेकिन मासूम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# समाधान दिवस: जमीन विवाद व दबंगई के मामलों ने पकड़ा तूल

## लहरपुर तहसील में डीएम ने की अध्यक्षता, निस्तारण को लेकर दिए सख्त निर्देश



लहरपुर तहसील में शिकायत सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार



लहरपुर में ग्रामीणों से संवाद करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**

जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। लहरपुर, महमूदाबाद और मिश्रिख सहित अन्य केंद्रों पर जमीन विवाद, अवैध कब्जे और पुलिसिया लापरवाही के मामले छाए रहे। जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए तहसीलदार और पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

**कानूनगों पर 80 हजार की रिश्वत का आरोप:** महमूदाबाद के ग्राम गोण्डा देवरिया की कुशाना ने तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। आरोप है कि एक प्रशासनिक कर्मी ने ग्राम पंचायत की जमीन दिलाने के नाम पर उनसे 80 हजार रुपये ऐंठ लिए। अब न तो उन्हें जमीन मिली है और न ही पैसे वापस किए जा रहे हैं।

**खेत से मिट्टी चोरी और दबंगई:** लहरपुर के मोहल्ला बेहटी निवासी प्रीति पुरी ने ईंट भट्ठा संचालकों पर उनकी अनुपस्थिति में खेत से मिट्टी खोदने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, लालपुर बाजार के रामदुलारे ने शिकायत करते हुए कहा है कि अदालती आदेश के बावजूद विपक्षी उन्हें अपनी ही जमीन पर फसल काटने से रोक रहे हैं।

**कब्जे से किसान और मजदूर परेशान:** सकरन के भूमिहीन मजदूर मिहीलाल ने प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटाने की गुहार लगाई। इनका दावा है कि मिलीभगत से सरकारी व सीलिंग की जमीनों पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। शिकायतों के बावजूद निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

**नलकूप की नाली गायब, सिंचाई ठप:** बेहटा शाहपुर के किसानों द्वारा सिंचाई न हो पाने की बात बताई गई। प्रार्थना पत्र के माध्यम से दावा किया गया है। अराजक तत्वों ने सरकारी नलकूप की नाली काटकर खेत में मिला ली, जिससे किसानों की सिंचाई ठप है।

**मिश्रिख में 'समाधान' का इंतजार:** मिश्रिख तहसील में एडीएम और एसडीएम के सामने विकास मिश्रा ने बताया कि बिजली विभाग बिना अनुमति खेत में खंभा लगाकर बैठा है, चार शिकायतों के बाद भी नतीजा शून्य है। वहीं, राजेंद्र कुमार का दावा है कि चार महीने से अपनी भूमि की हद बरारी के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

**सुरक्षा और स्वच्छता पर सवाल:** तंबौर की पूनम देवी ने बताया कि घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ अब तक एफआईआर नहीं दर्ज की गई है। उधर, हरगांव के अब्दुल खालिक ने सफाई कर्मी के गायब रहने से चोक हुई नालियों की समस्या उठाई, जिससे गांव में निकलना दूभर हो गया है।

### डीएम ने बंजारा टाउनशिप का किया निरीक्षण

**लहरपुर, सीतापुर:** जिलाधिकारी राजा गणपति आर. ने संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत ग्राम सभा रायपुरगंज स्थित बंजारा टाउनशिप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंजारा समाज की समस्याओं को सुना और बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट वितरित किए। निरीक्षण के दौरान बंजारा समाज के लोगों ने आधार कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनवाने सहित मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित 133 आवासों के लिए मिली भूमि को परिवार की संख्या के हिसाब से कम बताया। साथ ही, फायर स्टेशन मामले में दर्ज मुकदमें को वापस लेने की अपील भी की। डीएम ने खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी आवासों का निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए। इस मौके पर एसडीएम आकांक्षा गौतम, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, सीओ अरविंद सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पाक कला का प्रदर्शन



**सीतापुर, अमृत विचार।** मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 और 7 के विद्यार्थियों के लिए 'फायरलेस कुकिंग कॉम्पटीशन' का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बिना आग के उपयोग के सैंडविच, फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स चाट और एनर्जी बॉल्स जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। स्कूल की संस्थापिका मोनिका आनंद और प्रबंधक कुणाल आनंद ने भी बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्रतियोगिता के परिणाम में कक्षा 6 के युवान अग्रवाल और अक्षरम मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 7 की मिष्ठी वैश्य, अनय शुक्ला और आद्या भूटानी अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहे। ● अमृत विचार

## हत्या के दोषी को उम्रकैद, जुर्माना

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस की प्रभावी पैरवी और 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत न्यायालय ने हत्या के एक पुराने मामले में कड़ा फैसला सुनाया। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-1 ने थाना संदना क्षेत्र के ग्राम गोहिलारी निवासी गिरिश पासी पुत्र नत्था पासी को शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषी पर 26,000 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन पक्ष ने विवेचना व पैरवी की जिसके चलते वर्ष 2014 के इस मामले में आरोपी को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई।

### सोनार महापंचायत ने की तैयारी बैठक



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

**बिसवां, सीतापुर।** नगर के सनशाइन कॉन्वेंट स्कूल में आगामी 11 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली सोनार समाज महापंचायत की सफलता के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकजुटता और अधिकारों पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी व लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैलाश नाथ, जगदम्बा प्रसाद, विजय, अनिल, सुनील, चन्दन (नवीन), शुभम, मनीष, रिंकू व पवन रस्तोगी सहित समाज के अन्य उपस्थित रहे।

### बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

**महमूदाबाद/ हरगांव, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला पाण्डेहाता स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर में देर शाम हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और शाम 7 बजे विधि-विधान से पूजन व आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं ने भक्तिभाव के साथ हनुमान जी के जन्मोत्सव का केक काटा, जो चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम के दौरान भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली' के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य रूप से मयंक गुप्ता, वंश कश्यप, मनोहर गुप्ता, लवकेश कश्यप और देवा कोहली सहित भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। उधर हरगांव कस्बे में बड़ी संख्या मं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर शोभा यात्रा निकाली।

## भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान का हरगांव में किया गया समापन

**हरगांव, सीतापुर।** भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का हरगांव विधानसभा के सभी मंडलों शाहपुर, नवीनगर, झरेखापुर व हरगांव में समापन हुआ। हरगांव मंडल के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास और वर्तमान विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित दल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर 2027 के चुनाव में जनपद की सभी नौ विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने के लक्ष्य में जुट जाएं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने कहा कि भाजपा की नीतियां और कार्यकर्ताओं का विजन पार्टी को 2027 में बड़ी जीत दिलाएगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर राठौर, जिला महामंत्री पटेल रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, रितेश सिंह गौर, सचिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम शुरू कराते कारागार राज्यमंत्री।

## हुए कई आयोजन खूब लगे जयकारे

**सीतापुर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि की भूमिका में भाजपा नेता उपस्थित रहे। जय गुरुदेव आश्रम में आयोजित 16 वें वार्षिक सत्संग एवं भंडारे में भाजपा नेता सागर गुप्ता ने मत्था टेका। ग्राम समदेपारा (बिनौरा) में श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित भंडारे का आयोजन हुआ। आर्यनगर स्थित सिद्धि प्रदायक हनुमान मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर जनपद की खुशहाली की कामना की गई। आर्यनगर में ही आयोजित बाला जी महाराज के जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वज्रपात से चलाकापुर गांव में लगी आग, मां-बेटी की मौत, पोती गंभीर

**दर्दनाक**

**संवाददाता सीतापुर**



वज्रपात से गांव में लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदरपुर थाना क्षेत्र के चलाकापुर गांव में शनिवार को कुदरत ने ऐसा कहर बरपाया कि पूरा गांव श्मशान में तब्दील हो गया। आकाशीय बिजली गिरने से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिसमें झुलसकर दो लोगों की मौत हो गई, परिवार की बालिका गंभीर है। सदरपुर थाना क्षेत्र के चकालापुर गांव में रात लगभग 9 बजे आकाशीय बिजली गिरते ही गांव के घरों में आग लग गई। इस हादसे में फूलमती 45 पत्नी शत्रुहन और उनकी 60 वर्षीय मां की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। वहीं, 7 वर्षीय पोती माही गंभीर रूप से झुलस गई है। ग्रामीणों में चर्चा है कि घरों में रखे अवैध पेट्रोल-डीजल के स्टॉक के कारण आग ने और भयानक रूप ले लिया, जिससे धमाके भी हुए। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को बचाव कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। फिलहाल भारी पुलिस बल और दमकल की टीमें मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटी हैं।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत



**मछरेहटा, सीतापुर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक 28 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मछरेहटा इलाके में सुनीता (35) पत्नी संजीव सेन का शव उसके घर से मिला। रामकोट थानाक्षेत्र के सिकटिहा निवासी पिता बंशी लाल के मुताबिक, सुनीता का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व संजीव सेन के साथ हुआ था। आरोप है कि दहेज के लिए ससुराल पक्ष विवाह के बाद से ही उसे प्रताड़ित किये जाने का कार्य करते थे। सिर से रिसते खून को लेकर पीड़ित पक्ष ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया। एसओ मछरेहटा प्रभात गुप्ता का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद जांच शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली तहसील क्षेत्र के किंग हॉस्पिटल में एक महिला की मौत के बाद परिजनों द्वारा लगाए गए लापरवाही के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक टीम ने अस्पताल पहुंचकर मामले की गहन जांच की। परिजनों का आरोप था कि इलाज के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण महिला की जान गई। मामले की जांच के लिए सिधौली एसडीएम राखी वर्मा, सीतापुर एसीएमओ और सिधौली सीएचसी प्रभारी आनंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम किंग हॉस्पिटल पहुंची। टीम ने अस्पताल के अभिलेखों को खंगाला और वहां मौजूद स्टाफ से पूछताछ की।

### बार एसोसिएशन में दूसरे दिन भी हुए नामांकन

**बिसवां, सीतापुर।** बिसवां बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन के दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपने पर्चे दाखिल किए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शिव सागर, संयुक्त सचिव प्रकाशन हेतु प्रशांत सिंह तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए गुंजन कौशल एडवोकेट ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर आर.एन. सिंह, राजकिशोर यादव, दिनेश श्रीवास्तव, अशोक वर्मा और नीरज कुमार श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। चुनाव कार्यक्रम 6 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी। 8 अप्रैल को मतदान एवं शाम को चुनाव परिणामों की घोषणा। नामांकन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर बार परिसर में गहमागहमी बनी रही। इस मौके पर इंतखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठोरिया, अनमोल कन्हैया, जितेन्द्र मिश्रा और आलोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**सदरपुर, सीतापुर।** इलाके के फतेहपुरवा में 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शर्ट से लटके शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पुलिस मामले मे छानबीन शुरू कर दी है। सदरपुर थानाक्षेत्र के फतेहपुरवा निवासी संतोष उर्फ टम्पू (22) पुत्र रमेश का शव गांव के दक्षिण दिशा में स्थित कुट्टी के पास एक जामुन के पेड़ से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक, संतोष देर रात घर पर ही था, इसी के बाद वो लापता हो गया। सुबह उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच पड़ताल शुरू की है।

### चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में शातिर। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के मुताबिक, इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम ने ढोलई कला तिराहे के पास से इद्दू उर्फ पप्पू निवासी नेपालापुर और यासिर निवासी लहरपुर को दबोचा। इनके पास से बिना नंबर प्लेट की एक बजाज प्लेटिना और एक टीवीएस सेंट्रा बाइक बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने प्लेटिना बाइक करीब एक सप्ताह पहले मानपुर के सरैया बाजार से और दूसरी बाइक लहरपुर के बेहटी से चोरी की थी।

## मां पुरबिन देवी मंदिर में भजनों पर झूमे भक्त

**लहरपुर, सीतापुर।** मोहल्ला बेहटी स्थित दरबार मां पुरबिन देवी मंदिर प्रांगण में गौ रक्षा दल की ओर से जागरण का आयोजन किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जागरण का शुभारंभ श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद संतोषी म्यूजिकल ग्रुप के संचालक सुनील दीक्षित की टीम ने 'तेरा भवन सजा जिन फूलों से' और 'चलो बुलावा आया है' जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई भगवान के विभिन्न स्वरूपों की सजीव झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' जैसे भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन हाजी जावेद अहमद, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, राजन खरे, उमंग मेहरोत्रा, समीर पुरी और मनीष पाठक सहित भारी संख्या में नागरिक व महिलाएं उपस्थित रहीं। गौ रक्षा दल के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## छीता पासी किला बचाने को लेकर आईपीएफ ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार।** आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट आइपीएफ के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने महाराजा छीता पासी किले के अस्तित्व को बचाने के लिए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने किले को तोड़ने की कथित साजिश को बंद करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए आइपीएफ की जिलाध्यक्ष सुनीला रावत ने कहा कि जो लोग वोट के लिए महाराजा छीता पासी की जय-जयकार करते हैं, वे आज किले को बचाने से पीछे हट रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किले को तोड़ने की साजिश बंद नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि सरकार पासी समाज की शौर्य गाथाओं के स्मारकों को मिटाने पर आमादा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान रोशनी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### कांग्रेस की बैठक में हुई चुनावी रणनीति पर चर्चा

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा की अध्यक्षता में अप्रैल माह की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। डॉ. वर्मा ने आगामी नवंबर माह की बैठक के लिए चार मुख्य एजेंडे भी प्रस्तावित किए। इसमें ब्लॉक स्तर पर पार्टी लक्ष्यों की प्रगति का विश्लेषण, कार्यकर्ता चौपाल का आयोजन, सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाना और आगामी जिला पंचायत चुनाव के लिए रणनीतिक तैयारी शामिल रही। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित व रमेश निषाद, प्रदीप सिंह चौहान, अशर्फी लाल कनौजिया, मीना मिश्रा, संजीव नाथ गुप्ता, दानिश नक़्वी, जितेंद्र शुक्ला, सीताराम भार्गव, श्रेष्ठ तिवारी, अनुपमा द्विवेदी, दीपा वैश्य और राहुल रस्तोगी सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।



क्रॉप कटिंग के बाद गुणवत्ता को परखते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर।

### क्रॉप कटिंग फसल काट उपज की परखी गुणवत्ता

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकासखंड परसेंडी के ग्राम गौरा अर्जुनपुर में स्वयं क्रॉप कटिंग फसल कटाई कर उपज की गुणवत्ता और पैदावार को परखा। यह प्रयोग शासन के निर्देशानुसार कृषि उत्पादन के सटीक आंकलन के लिए किया गया। डीएम की मौजूदगी में किसान निर्मल कुमार के गाटा संख्या 616 पर फसल कटाई का प्रयोग संपन्न हुआ। निर्धारित क्षेत्रफल 0.235 हेक्टेयर में हुई कटाई के बाद उपज का कुल वजन 18.96 किलोग्राम दर्ज किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इन आंकड़ों के आधार पर ही किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाता है। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी हर्षित मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सरोज, जिला समन्वयक आशीष अवस्थी, क्षेत्रीय लेखपाल जेबा खान और ग्राम प्रधान राम सकल सहित कई अधिकारी रहे।

# बिसवां-सीतापुर मार्ग पर 3 वाहनों में हुई भीषण भिड़ंत

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर**



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिसवां-सीतापुर मार्ग स्थित ग्राम गुरेरा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली, क्रेटा कार और पिकअप की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस तिहरे हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार सवार सुरक्षित बच गए। ग्राम गुरेरा स्थित पेट्रोल पंप के पास बिसवां की ओर से जा रही क्रेटा गाड़ी और सीतापुर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर का पहिया टूटकर अलग हो गया। क्रेटा कार के एयरबैग खुल जाने से उसमें सवार लोग मामूली रूप से चोटिल हुए। इसी बीच, बिसवां की ओर से दरी लादकर खैराबाद जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से जा टकराई। इस टक्कर में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष मानपुर आशुतोष मिश्रा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**मन्नी चौराहे पर बीच सड़क फंसा ई-रिक्शा:** नगर में विकास के दावों के बीच प्रशासनिक अनदेखी आमजन की जान पर भारी पड़ रही है। सड़क के बीचों बीच व किनारे खुले पड़े गहरे गड्ढे हादसों का सबब बन रहे हैं। शहर के मन्नी चौराहे की सड़कें इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। शाम को जलभराव और गहरे गड्ढों के कारण एक ई-रिक्शा बीच सड़क पर ही धंस गया, जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि सड़क के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढे में ई-रिक्शा का अगला पहिया बुरी तरह फंस गया है। चालक ने काफी मशक्कत की। इस दौरान सड़क के किनारे से गुजर रहे बच्चों और राहगीरों को भी जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ रहा है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** तालगांव थाना क्षेत्र के बिसवां-लहरपुर रोड पर अगेठा चौराहे के पास सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की है। तालगांव थानाक्षेत्र का दौदापुर निवासी मोनू (22) अपनी मां और एक बच्चे के साथ बाइक से जा रहा था, तभी एक पिकअप डाला ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मां-बच्चे को मामूली चोटें आईं, लेकिन मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद भाग रहे पिकअप चालक प्रशांत कुमार निवासी मैनपुरी को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन सहित पकड़ लिया। थाना प्रभारी डी.पी. पाण्डेय ने बताया कि वाहन कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मेधावियों को किया गया सम्मानित

**औरंगाबाद, सीतापुर।** सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन के साथ किया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 के समापन पर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। प्रत्येक कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 'टॉप टेन' छात्र-छात्राओं को प्रबंधक देवेन्द्र नंदवंशी एडवोकेट ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजीत भारती, अश्वनी वर्मा, केएल श्रीवास्तव, कपिल कुमार सहित समस्त शिक्षक व अभिभावक समेत कई लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने तुलसी राम



**छतोह:** छतोह ब्लॉक के तुलसी राम पासी को जिला कांग्रेस अमेठी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी एससी डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम द्वारा जारी अध्यक्षों की सूची में अमेठी संसदीय क्षेत्र की सलोन विधान सभा के निवासी तुलसीराम पासी को शामिल किया जाना महत्वपूर्ण है। गुटबाजी से दूर पार्टी की मजबूती के लिए सदैव समर्पित संघर्ष शील युवा नेता तुलसी राम पासी को जिले की कमान सौंपा जाना अमेठी में कांग्रेस के लिए शुभ संकेत है। उनके इस मनोनयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व विधायक प्रत्याशी अर्जुन पासी, दिशा की सदस्य किरन देवी, दिग्विजय सिंह, डॉ. कामता नाथ सिंह, यदुवेंद्र तिवारी, राजीव द्विवेदी एडवोकेट, परमात्मा दीन तिवारी आदि लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## विद्यालय से फिर खाद्य सामग्री चोरी

**जगतपुर:** थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे झाम सिंह में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर अज्ञात चोरों ने विद्यालय के एक कक्ष का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्रधानाध्यापिका मंजू लता सिंह ने मामले की सूचना जगतपुर थाने व खंड विकास अधिकारी को देते हुए लिखित शिकायत दी है। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमावां:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के खसपरी स्थित शिवम ढाबे के सामने ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मिल एरिया थाना क्षेत्र के चाकपीरशाह तकिया निवासी मो. बिलाल (26) पुत्र मो. शरीफ शुक्रवार को बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान खसपरी स्थित शिवम ढाबे के सामने लकड़ी से लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**अमावां:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रिया पत्नी फारूक निवासी काशीराम कॉलोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम पड़ोस के कुछ लोग एकराय होकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपितों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से मारपीट की तथा घर में तोड़फोड़ भी की। शोर सुनकर बचाने दौड़े पति फारूक की भी पिटाई कर दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मिल एरिया थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अबरार, सदब, भद्दा, अनवरी व सहनाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चिंगारी से दो घर तबाह, सिलेंडर भी फटा

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कन्नावा निवासी सूरजपाल पुत्र हीरालाल अपनी पत्नी व दो लड़कों के साथ अपने घर में खेत काट रहे थे, तभी उन्हें अपने घर में आग लगने की सूचना मिली। आनन फानन में घर पहुंचने पर देखा तो उनका व पड़ोसी का घर पूरी तरह से स्वाहा हो चुका था।

घटना शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास की है, ग्राम पोस्ट कन्नावा थाना बछरावां के रहने वाले सूरजपाल पुत्र हीरालाल वा अमित पुत्र ओमप्रकाश अपने अपने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल काटने गए थे। सूरजपाल के घर मे उनकी पुत्री रामदुलारी, उनकी बहू शीलदेवी पत्नी राजकुमार व 3 माह का नाती था। वही अमित के घर मे उसकी पत्नी व उसके दो छोटे बच्चे मौजूद थे।

हादसा



टैंकर से आग बुझाने के लिए पानी निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

सूरजपाल की बहू शीला देवी दोपहर 12 बजे के आसपास गांव में फेरी लगा रहे एक युवक से कुछ सामान ले रही थी। उसी बीच अचानक से उसके पीछे पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। देखते-देखते घास फूस से बने छप्परों में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। किसी तरह लोगो को मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। छप्पर में लगी आग ने पड़ोसी अमित के घर को भी जलाकर राख कर दिया। घर में रक्खी सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। सूरजपाल के घर के कमरे में रक्खा एक गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आने से बुरी तरह से फट गया, जिसकी गूंज किलोमीटरों तक सुनाई दी। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब चीजें खाक में बदल चुकी थी। घटना के बाद बछरावां चेयरमैन रामजी चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को राशन, कपड़ों आदि से मदद की है।

# फूड प्वाइजनिंग के शिकार 6 बच्चों की बिगड़ी हालत

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए दो दर्जन बच्चो में आधा दर्जन बच्चों की हालत फिर बिगड़ गई है। शनिवार को अस्पताल पहुंचे बीमार बच्चों की हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अल्ट्रा साउंड के लिए भेज दिया गया है। जिला अस्पताल भेजे गए नैना, अनन्या पुत्री रामू, अर्जुन, आर्यन, आरका पुत्रगण संतू व प्रिंस व नीमा पुत्रगण प्रेमचन्द्र यह बच्चे तीन अलग-अलग परिवार के बताए जा रहे है।

कोतवाली अंतर्गत पूरे रुद्र मजरे मटका निवासी राजकुमारी के घर पर 30 मार्च की सुबह गौवंश के बछड़ा होने की खुशी में लगभग दो दर्जन बच्चों को परम्परागत मट्ठा पिलाया गया था। मट्ठा पीने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, दस्त और पेट में तेज दर्द की शिकायत होने लगी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया परिजनों ने आनन-फानन में बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। सीएचसी सलोन और जिला अस्पताल से उपचार के बाद सभी बीमार बच्चो को घर भेज दिया गया था। शनिवार को अचानक तीन परिवार के सात बच्चो ने पेट में पुनः दर्द होने की शिकायत अपने परिजनों से की। जिसके बाद परिजन नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर बच्चो का इलाज कराया। डॉ. रूपेश कुमार ने बताया कि बच्चो ने पेट दर्द की शिकायत की है।

रेफर

- पूरे रुद्र मजरे मटका का मामला गांव में मचा हड़कंप



अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चे। अमृत विचार

परिजनों से बच्चो का जिला अस्पताल में अल्ट्रा साउंड कराने के लिए बोला गया है। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे कुछ कहा जा सकता है। इसके अलावा बच्चो का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# पीड़ित ने डीएम से की जल समाधि की मांग

## गलत वरासत के चलते भुखमरी का बताया संकट, आई 77 शिकायतों में सिर्फ 10 का हुआ निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शनिवार को लालगंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर आई 77 शिकायतों में सिर्फ 10 प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण हो सका। इस दौरान डीएम हर्षिता माथुर व एसपी रवि कुमार ने पीड़ितों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने टीम गठित कर फरियादियों को निस्तारण का भरोसा दिलाया।

लालगंज के तहसील दिवस में जिलाधिकारी के सामने लालगंज की बाजार में सड़कों की पटरियो पर अतिक्रमण सहित नहरों और तालाबों में पानी की कमी की समस्या को उठाया गया। जिस पर डीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया। बेहटा कला गांव में जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार और बेहटा गांव की बाजार में व्याप्त लो वोल्टेज की समस्या के बाबत क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह के द्वारा शिकायत की गई। गेगासो पुल को भी जल्द से जल्द चालू किये जाने का मुद्दा तहसील दिवस उठाया गया। लालगंज सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी की भी बात जिलाधिकारी से कही गई। डीएम ने कहा कि डॉक्टरों की व्यवस्था कराई जाएगी।



लालगंज में शिकायत सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर, अन्य अधिकारी। अमृत विचार

इसके अलावा पूरे राना मजरे बहाई गांव के महराज दीन ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता की मृत्यु के बाद उसे छोड़कर उसके दो अन्य भाइयों के नाम जमीन की वरासत कर दी गई है, कई बार शिकायत के बावजूद खतौनी ठीक नहीं की जा रही है। उसे जमीन नहीं मिली है जिसके चलते उसे भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। उसने कार्रवाई न होते देख जल समाधि की भी मांग की। डीएम ने एसडीएम को मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। नसीरपुर गांव की महिला ने पारिवारिक समस्या को लेकर अपनी बात अधिकारियों के सामने रखी लेकिन न्याय न मिलते देख उसने अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की। तहसील दिवस में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह राजा अजय ने भी शिरकत किया और लोगों की समस्याओं को सुना।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार, शिवमराठौर, खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, लालगंज अधीक्षक अमन पटेल, अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह, सरेनी कोतवाल रमेश चंद्र यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक यादव, मनोज दीक्षित आदि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी और लॉरेंस यादव, दीपक बाजपेई रहे।

**समाधान दिवस में आई 37 शिकायतें, महराजगंजः** शनिवार को एडीएम अमृता सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 37 शिकायतें आई। इस दौरान एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह, नायब तहसीलदार सत्या राज, उमेश चंद्र त्रिपाठी समेत सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनी फरियाद

**डलमऊ।** शनिवार को डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अंजू लता ने पीड़ितों की फरियाद सुनी। इस दौरान 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। क्षेत्र के पूरे डेरा पाखरौली निवासी विकास कुमार ने बिजली की समस्या की शिकायत कई बार की लेकिन उसका समाधान नहीं कराया गया। रामपुर गहिर खेत निवासी परमेश्वर ने जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई है। किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने जन समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को सभी प्रार्थना पत्रों की जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। इस मौके पर तहसीलदार मंजरी सिंह, उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान के अतिरिक्त सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



फरियाद सुनती सीडीओ अंजू लता, मौजूद अन्य लोग।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल को नुकसान, संकट में किसान

**शिवगढ़, अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र में शनिवार की शाम लगभग 6 :30 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। चौपट होती फसलों को देख किसानों के सांसें हलक में अटक गई हैं। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं, सरसों, मटर, चना,मसूर की फसल पर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की मार कहर बनकर बरश रही है। अचानक बदले मौसम से किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा मण्डरा रहा है। कृषक राम किशोर मौर्य, सूरज सिंह, रामहर्ष, मायाराम रावत, श्रवण कुमार, विनोद कुमार, राजेंद्र कुमार राज और राकेश कुमार ने बताया कि कड़ी मेहनत और खून-पसीना बहाकर तैयार की गई फसल अब कटाई के समय चौपट हो रही है। किसानों का कहना है कि बे बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस संबंध में एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी ने बताया कि जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, वे फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



शिवगढ़ में गिरे ओले।

## असिस्टेंट कमिश्नर बन कर गांव पहुंची बेटी का हुआ स्वागत

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के जनई गांव की बेटी शिवानी सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर बनीं शिवानी सिंह के प्रथम आगमन पर शनिवार को बछरांवा के चुरुवा स्थित हनुमान मंदिर पर पूर्व विधायक राम लाल अकेला और चेयरमैन शिवेंद्र राम जी समेत दर्जनों लोगों ने उनका स्वागत सम्मान किया। इसके अलावां महराजगंज कस्बे में भी स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। जनई गांव के सीताराम मंदिर परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि बिटिया शिवानी सिंह आज की युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा हैं। इस दौरान शिवानी के पिता राकेश सिंह और उनकी माता को भी सम्मानित किया गया। कांग्रेस जिला सचिव प्रदीप चौधरी ने सांसद राहुल गांधी और सांसद केएल शर्मा की ओर से शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, ऋषि सिंह, अत्रिकांत, प्रमोद साहू अनुराग सिंह, करन सिंह, हरिहर सिंह, जयभद्र सिंह, शिवनायक सिंह, राम सेवक सिंह, भोलू सिंह, दयाशंकर सिंह रहे।



स्वागत करते पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मौजूद अन्य।

## डीपीआरओ ने निरीक्षण कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का लिया जायजा

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन और मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के मार्गदर्शन में जनपद की सभी 980 ग्राम पंचायतों में 01 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, उथले हैंडपंप का चिन्हीकरण, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव और फॉगिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं, ताकि गांवों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने आज विकासखंड लालगंज की ग्राम पंचायत रणगांव का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी (प.) प्रणवीर प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पाया कि रोस्टर के अनुसार सभी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्य पूरी निष्ठा और टीम भावना के साथ किया जा रहा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी संदेश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यों का नियमित और रैण्डम निरीक्षण किया जा रहा है। क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए अन्य विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारियों को भी नामित किया गया है। अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के परिणाम स्वरूप गांवों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है।

## गुमशुदा युवक को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**सतांव, अमृत विचार।** शनिवार की अपराह्म वाहन चेकिंग के दौरान गुरुबक्शगंज थाना पुलिस को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़का मिला, जो सही तरीके से अपना नाम पता नही बता पा रहा था। जिसकी पुलिस द्वारा अच्छे तरीके से कांउसलिंग की गयी और उसके सम्बन्ध मे जनपद के थाने व आस पास के जनपदों, सी प्लान एप्स व अन्य माध्यमो से जानकारी की गई तो उक्त लडके का नाम सचिन सोनी पुत्र जिलाजीत सोनी निवासी असवन थाना शिवगढ का रहने वाला पाया गया। जो पिछले करीब 12 दिन पहले विनोद कुमार गौतम पुत्र राम हर्ष निवासी सरायराज महिमा का पुरवा थाना लालगंज आझारा जनपद प्रतापगढ से गुम हो गया था। जिसकी सूचना संबधित थाने के माध्यम से लड़के के परिवारीजन को दी गई और गुमशुदा लड़के को उसके पिता जिलाजीत सोनी पुत्र राजाराम सोनी को सुपुर्द कर दिया गया।

## आज से बालाजी जन्मोत्सव का होगा आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** श्रीराम दूत बाला जी परिवार की ओर से दो दिवसीय बाला जी जन्मोत्सव का आयोजन 5 अप्रैल से किया जाएगा। यह जानकारी बाला जी परिवार की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में दी गई। पत्रकार वार्ता का आयोजन गुरू गोविदं सिंह मार्केट में स्थित एक रेस्टारेंट में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बाला जी परिवार के सदस्य के भोले गुप्ता ने बताया कि पांच अप्रैल को मेंहदीपुर बाला जी धाम से दिव्य ज्योति की शोभायात्रा गुलाब रोड स्थित शीतला बाला शक्ति धाम से शुरू होकर जहानाबाद चौकी, कहारो का अड्डा, खोया मंडी, घंटाघर, सुपर मार्केट, यूनियन बैंक तिराहा, हाथी पार्क होते हुए जिला चिकित्सालय के निकट रिफार्म क्लब तक जाएगी। 6 अप्रैल को सुबह आठ बजे संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ, इसके उपरांत 21 सौ आहुतियों से हवन किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ शुरू होगा। सुंदरकांड पाठ के समापन पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन होगा। रात्रि आठ बजे से जागरण का आयोजन किया गया है, जिसमें कानपुर के पंकज शुक्ला जागरण ग्रुप के सदस्यों द्वारा बालाजी का गुणगान किया जाएगा। जागरण के समापन पर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पवन गुप्ता, साकेत चौरसिया, आशीष दीक्षित, हरिओम सोनकर, आलोक कुमार जायसवाल, राजेश सोनकर, नवीन सोनकर, घनश्याम गुप्ता, राजू गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सुनील सोनकर आदि उपस्थित थे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि पीटकर युवक की हुई थी हत्या

अमावां (रायबरेली)

खुलासा

- मिल एरिया थाना क्षेत्र के पलिया मजरे हरदासपुर गांव से बाहर बुधवार को मिला था शव

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पलिया में मजरे हरदासपुर में बुधवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मिले मयंकेश के शव के मामले में पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस ने हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार करते हुए घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी भाई को जेल भेज दिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के पलिया मजरे हरदासपुर गांव में बुधवार की देर शाम गांव से बाहर पगडंडी पर एक शव पड़ा हुआ पाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त शुरू की तो पता चला मृतक पालिया गांव का मयंकेश (33) पुत्र प्रेमचंद है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया था। अगले दिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मयंकेश की पीट कर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई तो पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस की जांच में पता चला मयंकेश नशे का आदी था जो आए दिन घर वालों से मारपीट व झगड़ा फसाद किया करता था।

बुधवार को भी मयंकेश की छोटे भाई निरंकेश से मारपीट हुई थी। इसके बाद मयंकेश घर से निकल गया और कुछ ही दूर पहुंचने पर उसकी मृत्यु हो गई। मामले का राजफाश होने पर पुलिस ने आरोपी भाई निरंकेश को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद जांच की गई। पूछताछ में भाई ने निरंकेश ने मारपीट की बात स्वीकार की, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# चुन्नीलाल खेड़ा सम्पर्क मार्ग बदहाल होने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूढ़ा में 900 मीटर लम्बा चुन्नीलाल खेड़ा-प्याम खेड़ा सम्पर्क मार्ग पिछले 2 दशक से जर्जर एवं गड्ढो में तब्दील होने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों शिकायतों के बावजूद जिसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

शनिवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण की मांग की है। जल्द ही इस सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण न होने पर ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दी है। चुन्नीलाल खेड़ा गांव के रहने वाले सपा नेता श्रवण कुमार, आरवी ट्रेडर्स गूढ़ा के डायरेक्टर मनोज कुमार रावत, दिनेश यादव, राम साजन, श्रवण कुमार यादव, राम सजीवन, रामभजन, पिंटू यादव, संदीप यादव आदि लोगों ने बताया कि इस सम्पर्क



बदहाल चुन्नीलाल खेड़ा सम्पर्क मार्ग पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

2 दशक से है जर्जर

मार्ग का निर्माण वर्ष 2006-2007 में कराया गया था। जिसके बाद किसी जनप्रतिनिधि अथवा जिम्मेदार अधिकारी ने इस सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। आलम यह है कि इस सम्पर्क मार्ग की डामर युक्त गिट्टियां उखड़कर गायब हो गई हैं। जिसके चलते स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर आए दिनकर गिरकर दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण नहीं कराया गया तो आंदोलन किया जाएगा। मामले की शिकायत सपा नेता श्रवण कुमार ने क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुन्दर भारती से भी की है।

वहीं अमन यादव, जेई, पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि चुन्नीलाल खेड़ा-प्यामखेड़ा सम्पर्क मार्ग की लम्बाई कुल 900 मीटर है, जिसमें गांव के अन्दर सीसी रोड़ बनी हुई है। एस्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

आयोजन

**उपमुख्यमंत्री ने दौलतपुर गांव निवासी बाल चित्रकार अंबिकेश त्रिपाठी को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला**

# बाल चित्रकार ने बौद्धिक कौशल का राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया लोहा

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी बाल चित्रकार अंबिकेश त्रिपाठी की सर्फ उंगलियों में ही जादू नहीं है, उनका बौद्धिक कौशल भी बेमिसाल है। उन्होंने बौद्धिक गणित प्रयोग की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करके क्षितिज पर अपना नाम लिख दिया है। प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की है।

अंबिकेश को बचपन से पेंटिंग का बड़ा शौक है। पेंसिल से वह जीवंत तस्वीरें बनाते रहे है। उन्होंने सपा के संस्थापक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव का चित्र बनाकर उन्हें सौंपा से मुलायम ने इस मासूम बच्चे को गले लगा लिया था। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस बच्चे की प्रतिभा का सम्मान किया। अब इस बच्चे ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। प्रयागराज के ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कक्षा सात के इस छात्र ने न सिर्फ अपनी कक्षा में अपितु अपने कॉलेज में सर्वोच्च अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया। यही नहीं वैदिक गणित प्रयोग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाइकोर्ट सत्य वीर सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर प्रयागराज गणेश केशरवानी, जिला अध्यक्ष बीजेपी संजय गुप्ता, प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने बच्चे को शील्ड देकर व अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ऊंचाहार क्षेत्र के होनहार इस छात्र की सफलता पर क्षेत्र के कई लोगों ने खुशी जाहिर की है।



सम्मानित होने के बाद उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के साथ अंबिकेश त्रिपाठी।

## सेवा समिति ने बांटे स्कूल किट

**छतोह (रायबरेली)।** समाजसेवी संस्था शिवपती शिव दर्शन पांडेय सेवा समिति की ओर से नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए दो सौ स्कूली बच्चों को स्कूलकिट वितरित की गई। शनिवार को पूरे पंडित में विशेष रूप से आयोजित कार्यक्रम में समिति के संस्थापक अखिलेश आर पांडेय और अध्यक्ष शिप्रा ए पांडेय ने बच्चों को स्कूल बैग बांटे। बैग में नोट बुक्स, पेन, रबर, पेंसिल, कटर, वाटर बोतल, लंच बॉक्स आदि सामग्री थी। जिसे पाकर बच्चे चहकते नज़र आए। बभन पुर ग्राम पंचायत में संचालित आईजी विद्यालय, शिव सत्य नारायण शिक्षण संस्थान, मुनिराज कुंवर शिक्षण संस्थान और एनएम जीनियस पब्लिक स्कूल के 200 बच्चों को स्कूल किट बांटे गए। इस अवसर पर संरक्षक राम नरेश पांडेय एडवोकेट, अनिका पांडेय, ओम पांडेय, रमेश कुमार मिश्र, भूपेंद्र सिंह, भूपेंद्र मिश्र, आचार्य अशोक द्विवेदी, अर्जुन शर्मा, कृष्ण कुमार पांडेय आदि रहे।



बच्चों को स्कूट किट प्रदान करते समिति के पदाधिकारी।

अमृत विचार



# बस से उतरे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

## रानीगंज रोड स्थित नोहरेपुर गांव के पास लघुशंका के लिए युवक ने रुकवाई थी बस, तभी हो गया हादसा

संवाददाता, शुकुल बाजार, (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रानीगंज रोड स्थित नोहरेपुर गांव के पास शनिवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।


कुश कुमार की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार बल्दीराय थाना क्षेत्र के केवटली गांव निवासी 33 वर्षीय कुश कुमार उर्फ अंशु पुत्र पलटू दिल्ली से बस से अपने घर लौट रहे थे। शनिवार सुबह रानीगंज रोड स्थित नोहरेपुर गांव के पास उन्होंने लघुशंका के लिए बस रुकवाई और सड़क किनारे उतर गए। इसी दौरान शुकुल बाजार की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस आगे बढ़कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई।

घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी शुकुल बाजार भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था कुश:** कुश कुमार उर्फ अंशु तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। तीनों भाई दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। घर पर उनके बुजुर्ग पिता और मां रहते हैं। अंशु की अभी शादी नहीं हुई थी। बेटे की अचानक मौत की खबर मिलते ही बुजुर्ग पिता और मां बेहाल हैं एवं परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक का माहौल है। वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत, परिजनों में मचा कोहराम


हिमांशु की फाइल फोटो।

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** शनिवार की सुबह पूरे पांडे सराय बैरिया खेड़ा मार्ग के गोविंदपुर गन्ना कांटा के पास सड़क पर खड़े कक्षा 8 के छात्र को चार पहिया वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे ऑटो रिक्शा से सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसे में छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के मदाखेड़ा मजरे दूलापुर गांव के रहने वाले अशोक कुमार का 12 वर्षीय बेटा हिमांशु जो रायपुर कन्या विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र है। आज सुबह गन्ना कांटा के पास सड़क किनारे खड़ा था तभी अनियंत्रित चार पहिया वाहन के चालक ने उसे टक्कर मार दिया। इससे वह गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे ऑटो रिक्शा से सीएचसी पहुंचाया, जहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शुभम सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में घायल छात्र की मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाल रमेश चंद यादव का कहना है कि सीसीटीवी देखकर वाहन की तलाश कराई जा रही है, तहरीर मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह आज

**प्रतापगढ़:** जायसवाल समाज प्रतापगढ़ की ओर से पांच अप्रैल को होली मिलन समारोह का आयोजन श्रीराम वाटिका चिलबिला में होगा। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन के साथ-साथ वैवाहिक परिचय सम्मेलन का भी आयोजन होगा। रामजी जायसवाल ने बताया कि यह मंच समाज के लोगों को एक-दूसरे से मिलने, विचार साझा करने और समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**जामो (अमेठी):** केवी हॉस्पिटल की ओर से रविवार को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्राथमिक विद्यालय, बलभद्रपुर चौराहा, जामो के पास रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच की व्यवस्था की गई है, साथ ही सामान्य सर्जरी भी सीमित समय के लिए नि:शुल्क की जाएगी। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया जाएगा। इसके अलावा शिविर में आने वाले लोगों के लिए सभी प्रकार की रक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर समाजसेवी ज्योति पाण्डेय "नेहा" एवं कृष्णा पाण्डेय "किशन" के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### युवती के अपहरण को लेकर मां ने दी तहरीर

**शुकुल बाजार (अमेठी):** थाना क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की मां के अनुसार, उसके पति रोज़गार के सिलसिले में सऊदी अरब में रहते हैं और वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है। उनके मोहल्ले में रहने वाले अरमान पुत्र भूलू के यहां उसका एक रिश्तेदार जहीर पुत्र जमील, निवासी कचनाव, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी अक्सर आता-जाता था, जिसे पीड़ित की मां जानती पहचानती है। बताया कि 3/4 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे उसकी बेटी शौच के लिए घर से बाहर निकली, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद सुबह जानकारी मिली कि जहीर उसे अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया है। महिला का आरोप है कि अरमान और इस्लाम की साजिश के तहत इस्तिखार की मदद से उसकी बेटी को अगवा कर जहीर दिल्ली ले गया है, जिससे उसके साथ किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पीड़िता की मां ने थाना पहुंचकर लिखित तहरीर दी है।

### युवक पर मधुमक्खियों का हमला

**संग्रामपुर (अमेठी):** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के पूरे जोगाजीत मजरे भवसिंहपुर निवासी कृष्ण कुमार वर्मा पुत्र गुरुदीन वर्मा उम्र 45 वर्ष आज दोपहर शीतलागंज से अपने घर महुआ के बाग गोवर्धन पुर होते हुए घर जोगाजीत का पुरवा जा रहे थे कि बाग में पहले ने असमानों में उड़ा रही मधुमक्खियां कृष्ण कुमार पर हमला कर दिया। जिससे कृष्ण कुमार घायल हो गया। वहीं लोगों ने धुआं करके किसी तरह कृष्ण कुमार की जान बचाई और घायल कृष्ण कुमार को निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया, जहां इलाज के बाद राहत मिली।

# भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में डूबे भक्त

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के छमनीखेड़ा मजरे रायपुर मझिगंवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखा गया। कथा व्यास पं. बृजनंदन शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया कि जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग से लेकर उनकी अलौकिक बाल लीलाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया।

कथा व्यास ने बताया कि अत्याचारी राजा कंस ने भगवान के जन्म लेते ही उन्हें मारने के कई षड्यंत्र रचे, लेकिन हर बार ईश्वर की दिव्य लीला के आगे उसकी सारी चालें विफल हो गईं। पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कंस के आदेश पर राक्षसी पूतना सुंदर स्त्री का रूप धारण कर नंदगांव पहुंची थी। इसके अलावा अनावर्त और शकटासुर वध जैसे प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया गया, जिनके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने सदैव धर्म की रक्षा और भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लिया। संगीतमय कथा, भक्ति गीतों और भजनों ने माहौल को और अधिक भावमय बना दिया। गांव के बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकियों ने भगवान की लीलाओं को जीवंत कर दिया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।


कथा कहते पं. बृजनंदन शास्त्री।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान ननकऊ सिंह, डॉ. अनिल सिंह, केशव तिवारी, कालीशंकर तिवारी, प्रेमशंकर, मोहन तिवारी, संजय तिवारी, धीरज, दीपक, सुमित तिवारी, शिवम, कन्हैया, सोनू सिंह, पुत्तन सूरज सिंह, रज्जन भैया, मदन, अलका, मंजू, ज्योती, शकुन, मोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ


हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वैन को रवाना करते सदर विधायक राजेंद्र मौर्य। अमृत विचार


बच्चों को बैग व पुस्तकें देते मुख्य अतिथि व मौजूद अन्य लोग।

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन जनपद के प्रमुख चौराहों और विभिन्न स्थलों पर भ्रमण कर अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित करेगी।

**अभियान**

इस दौरान बीएसए भूपेंद्र सिंह, एडीआईओएस राजेंद्र प्रसाद सरोज, डीसी प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह, डीसी सामुदायिक सहभागिता मोहम्मद आबिद, एसआरजी चंद्रजीत, एसआरजी आशुतोष, धर्मेंद्र ओझा आदि मौजूद रहे।

**स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को मिले बैग व पुस्तकें, अमेठी:** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी "स्कूल चलो अभियान" शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अमेठी के विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में भी आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के दौरान पचेहरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना। प्रसारण के बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय माधवपुर में नव नामांकित बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान की गईं।

# शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं: जिलाधिकारी


फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**समाधान दिवस**

**अमृत विचार।** शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील तिलोई में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और उसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भी जन समस्याओं के समाधान को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं, इसलिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए। तिलोई तहसील में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील अमेठी में 32 में से 1, मुसाफिरखाना में 16 में से 2 तथा गौरीगंज में 34 में से 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार तिलोई आदि रहे।

### शादी का झांसा देकर महिला सिपाही से यौन शोषण का आरोप, पांच लोगों पर एफआईआर

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** जनपद में तैनात एक विवाहित महिला सिपाही के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का केस दर्ज हुआ है। आरोपी ने संबंध तोड़ लेने पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसे बदनाम किया और धमकी भी दे रहा है। पीड़ित सिपाही ने पांच आरोपियों पर केस दर्ज कराया है। जनपद उन्नाव की महिला सिपाही विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। वह प्रतापगढ़ के एक थाने में तैनात है। उसके द्वारा कहा गया है कि मई 2025 में गयेन सुल्तानपुर का श्रवण कुमार सिंह उर्फ लवकुश इंस्टाग्राम के जरिए उसके संपर्क में आया। बातचीत करते हुए दोस्ती बढ़ाकर विश्वास जीता। फिर कहा कि वह उससे शादी करेगा। यह झांसा देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी से मुकर गया। पीड़ित सिपाही की तहरीर पर प्रतापगढ़ के महिला थाने में पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

### गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र स्थित कालिकन धाम में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्राएं निकाली गईं। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के माहौल में सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर गाजे-बाजे के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। सबसे पहले भवसिंहपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के लिए मुख्य यजमान अवधेश सिंह की अगुवाई में कलश यात्रा पंडाल से निकाली गई। यह यात्रा कालिकन धाम की परिक्रमा करते हुए गणेश देवतन मंदिर होते हुए कालिकन मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मां कालिका की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा पुन: पंडाल स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके उपरांत ग्राम सभा मधुपुर खदरी निवासी त्रिभुवन नाथ सिंह दाढ़ी के नेतृत्व में दूसरी भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय सिंह चौहान, रविन्द्र सिंह, द्वारिका सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, हरिकृष्ण पांडेय, बृज कुमार सिंह (दीपू), शिवम सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं मधुपुर खदरी की कलश यात्रा में कैलाश सिंह, केपी सिंह, अभिमन्यु सिंह, अरविंद सिंह समेत कई लोग शामिल हुए।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### पूर्व सीआरपीएफ जवान की मौत, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई

**अमेठी, अमृत विचार।** भादर ब्लॉक के गांव त्रिसुंडी निवासी पूर्व सीआरपीएफ जवान अजय कुमार सिंह (67 वर्ष) की बृहस्पतिवार को सोनभद्र में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव त्रिसुंडी में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अजय कुमार सिंह सोनभद्र के भेल शक्तिनगर में गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार को वे मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया। जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव त्रिसुंडी लाया गया तो अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। पूर्व जवान होने के कारण सीआरपीएफ बटालियन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। पूरे सम्मान के साथ उनकी अंतिम विदाई की गई। वहीं अजय कुमार सिंह के आकस्मिक निधन से गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### सपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**अमेठी, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शुक्रवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति पर चर्चा हुई। पंचायत स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में यह बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि 2027 विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी का चयन संगठन की सहमति से होगा। जमीनी स्तर पर सक्रिय और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिलेगी। यादव ने भरोसा जताया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अरशद अहमद ने सफलतापूर्वक किया। पूर्व मंत्री नदीम अशरफ जायसी, प्रवक्ता राजेश मिश्रा और हीरालाल यादव समेत कई नेताओं ने अपने विचार रखे। प्रदेश सचिव संग्राम सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से अपील की। उन्होंने अखिलेश यादव की नीतियों और योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने को कहा। इसका उद्देश्य आम जनता को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। हीरालाल यादव ने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनाव में जीत की नींव रखता है। पूर्व मंत्री नदीम अशरफ जायसी ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की गई। स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नेताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया। जनसंपर्क बढ़ाने के लिए भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कई अन्य कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद थे

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरब गांव स्थित आनंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्रों ने नृत्य, गीत और नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। प्रबंधक राकेश तिवारी ने घोषणा की कि इस वर्ष विद्यालय में टॉप करने वाली छात्रा कु. नंदिनी की अगले एक वर्ष की पढ़ाई का पूरा खर्च विद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। प्रधानाचार्य अजय कुमार त्रिपाठी ने अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन का संदेश दिया। समारोह के अंत में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निश्चित त्रिपाठी द्वारा किया गया।


समारोह में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

इस मौके पर बुधेन्द्र सिंह, रावेंद्र सिंह, राकेश सिंह राना, कृष्ण नारायण सिंह, क्रांतिवीर, बाल किशोर त्रिपाठी, मनोज अग्निहोत्री आदि रहे।

**सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में विदाई समारोह आयाजित, सलोन:** शनिवार को सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में विद्यालय के इतिहास प्रवक्ता अजय कुमार सिंह और भूगोल प्रवक्ता रामनिहोर सरोज के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के सभापति मृत्युंजय सिंह और प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने अंगवस्त्र और श्रीरामचरित मानस ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, राय शत्रुंजय सिंह, महेन्द्र सिंह, मिथलेश वर्मा, अम्बुज सिंह, राजेश सिंह, राजेश यादव, उमेश प्रताप सिंह, आदर्श सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रबुद्ध जनों व बच्चों का हुआ सम्मान


बच्चों को पुरस्कृत करते प्रधान जितेंद्र पटेल। अमृत विचार

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नरसवा ग्राम पंचायत के पूरे राना प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जितेंद्र पटेल ने कहा कि शिक्षित बच्चे ही समृद्ध भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि पूरे राना प्राथमिक स्कूल में बच्चों को बहुत ही सुंदर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाती है। इस दौरान ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अध्यापक अनिल सिंह, दीपक पांडे, संदीप कुमार, अमरनाथ यादव, संध्या, राम आसरे, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे। पुलिस विभाग के द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक भी किया गया।

**प्रेसवार्ता**

बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बताया- निरंतर प्रगति पर अग्रसर जिला सहकारी बैंक

# जिला सहकारी बैंक ने 3 .51 करोड़ का लाभ अर्जित किया

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला सहकारी बैंक रायबरेली ने बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। यह जानकारी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। प्रेसवार्ता का आयोजन बैंक के घंटाघर रायबरेली स्थित मुख्यालय में किया गया था। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी 34 शाखाओं में सोलर सिस्टम लगवाए गए हैं। जिससे बैंक को इस वर्ष लगभग बिजली व्यय के रूप में लगभग 31 लाख रुपए की बचत हुई है।

उन्होंने बताया कि बैंक में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बैंक से जुड़ी 185 समितियों में से 123 समितियों को क्यूआर कोड जारी कर डिजिटल लेनदेन करने का निर्देश दिया गया है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और किसान भाइयों को लाभ होगा। प्रदेश सरकार की बी-पैक्स उन्नयन योजना के तहत 22 समितियों को 2-2 लाख रुपये की धनराशि मिली है। बैंक ग्राहकों को 25 लाख रुपये तक की सीसी लिमिट और 10 लाख रुपये तक के पर्सनल लोन जैसी सुविधाएं प्रदान कर रहा है। 130 बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट ने ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा, उप महाप्रबंधक रामानंद दुबे, आईटी अनुभाग अधिकारी रणंजय सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह व साथ में मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### रेहड़ी पटरी वालों को भी बैंक कर रहा वित्तपोषण

जिला सहकारी बैंक ने पायलेट प्रोजेक्ट के तहत रेहड़ी पटरी वालों की समिति बनाकर उन्हें वित्त पोषण कर आगे बढ़ाने का प्रयास शुरू किया है। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किए गए इस समिति के सदस्यों को 20-20 हजार रुपये का वित्त पोषण किया गया। सभी ने अपना व्यवसाय सुचारु रूप से चलाते हुए शत-प्रतिशत ऋण की वापसी कर दी है। इस पायलेट प्रोजेक्ट के परिणाम से प्रोत्साहित होकर अन्य जिलों की बैंकों ने भी अपने जिले के रेहड़ी पटरी वालों के लिए समितियां बनाकर वित्तपोषण का कार्यक्रम शुरू कर दिया है। यह हमारी उपलब्धि है इसकी सराहना केंद्र सरकार व रिजर्व बैंक द्वारा भी की गई है।

# मिस्त्री की छत से गिरने से राजस्थान में मौत

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मढ़रामऊ गांव निवासी 48 वर्षीय सत्यभूषण गौतम राजस्थान जयपुर सीकर में शटरिंग का काम करता था। दो दिन पूर्व वह निर्माणाधीन मकान की पांचवीं मंजिल की छत पर लिंटर डालने के लिए शटरिंग का कार्य कर रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूर उसे अस्पताल ले गए लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद राजस्थान में ही शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार शाम शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी उर्मिला देवी रोते-रोते अचेत हो गई। पिता की मौत की खबर मिलते ही सूरत में नौकरी कर रहे दोनों बेटे विशाल और विकास भी घर के लिए रवाना हो गए हैं।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है, जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।

# मानव व्यक्तित्व का आधार है दिनचर्या

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका संबंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो अनुशासन में रहते हैं और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हम लोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यावहारिक जीवन से भरा पूरा है।

**इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है।**

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89 वां स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया के दिन भर राजनीतिक कारणों से व्यस्तता रहती है और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा था कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, "कि यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है।" उपनिषद में कहते हैं कि "आहार का अर्थ अन्न है।" आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है। आहार का संबंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना पांच द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है, लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है, लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अंतर्भूत तत्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे? लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्व से भर देती है। मैंने हजारों निबंध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्व क्या है? मैं उत्तर देता हूं कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य-व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मंतव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रं में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है, तब मनुष्य स्वस्थ रहता है, जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है, लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन-पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# पहाड़ों की धुंधली होती आवाजें

कुमाऊंनी भाषा ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में लंबे समय से एक केंद्रीय स्थान बनाए रखा है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृतियों, लोक ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। हालांकि वर्तमान समय में यह भाषा एक गंभीर अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग लगातार कम हो रहा है और युवा पीढ़ी के बीच इससे जुड़ाव या इसकी जानकारी भी तेजी से सीमित होती जा रही है।



अपूर्वा लोहुमी
असिस्टेंट प्रोफेसर

दरअसल, भाषा किसी भी समुदाय की ज्ञान प्रणाली की नींव होती है। कुमाऊंनी भाषा में रची-बसी लोक कथाएं, गीत, कहावतें और पारंपरिक अभिव्यक्तियां इस क्षेत्र के पारिस्थितिक और सामाजिक अनुभवों का एक समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं, इसलिए किसी भाषा का विलुप्त होना केवल शब्दों का खोना ही नहीं, बल्कि एक विशिष्ट ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विश्व दृष्टिकोण का विघटन भी है। कुमाऊंनी भाषा के पतन के लिए कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारक जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कारक है पलायन। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर लोगों के पलायन से उनके भाषाई व्यवहार में बदलाव आता है। शहरों में, हिंदी और अंग्रेजी जैसी प्रमुख भाषाएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक और आजीविका के साधन के रूप में कार्य करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं हाशिए पर चली जाती हैं। शिक्षा प्रणाली इस असंतुलन को और भी गहरा कर देती है। औपचारिक स्कूली शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को शायद ही कभी कोई स्थान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में ही भाषाई दक्षता हासिल कर पाते हैं। नतीजतन, कुमाऊंनी भाषा केवल घरेलू और अनौपचारिक परिवेश तक ही सीमित होकर रह जाती है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका हस्तांतरण धीरे-धीरे बाधित हो जाता है।

**सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके।**

इसके अतिरिक्त बदलती सामाजिक आकांक्षाएं भी इस समस्या को बढ़ाने में योगदान देती हैं। विशेष रूप से, अंग्रेजी भाषा को अक्सर आधुनिकता और प्रगति से जोड़कर देखा जाता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को इस भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भाषाओं के बीच एक प्रकार का पदानुक्रम निर्मित हो जाता है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को कम महत्व का समझा जाता है और परिणामस्वरूप वे धीरे-धीरे उपेक्षित होती चली जाती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, कुमाऊंनी भाषा के पुनरुद्धार की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयासों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके। दूसरे, जनसंचार माध्यमों और डिजिटल मंचों का उपयोग करके कुमाऊंनी भाषा को समकालीन संदर्भों में जीवंत बनाए रखने में मदद मिल सकती है। सोशल मीडिया पर कुमाऊंनी भाषा में सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने से यह भाषा युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बन सकेगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मन से मंजिल तक विचारों का सफर

विचार मानव मन की वह शक्ति हैं, जो हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन की दिशा तय करते हैं। यह किसी विषय पर गहराई से सोचने, सही-गलत में भेद करने या मानसिक रूप से किसी कार्य की योजना बनाने की प्रक्रिया है। विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि मेहमान की तरह होते हैं, जो आते हैं और चले जाते हैं। उनका कोई घर नहीं है। वे बादलों की तरह भटकते हैं। विचार तरंगों की भांति हैं। वह मनुष्य के चित्त पर अपना प्रभाव शुभ या अशुभ के लिए छोड़ते हैं। बिना विचारों के न तो नवाचार संभव है, न ही आगे बढ़ना। जितने अधिक विचार उत्पन्न होंगे, उतनी ही नई संभावनाएं खुलेंगी। हर बड़ी खोज की शुरुआत एक छोटी-सी चिंगारी से होती है, पर वह चिंगारी अकेले नहीं, बल्कि अनगिनत छोटे-छोटे विचारों की भीड़ से जलती है। रचनात्मक लोग इसलिए हमेशा विचारों के दरवाजे खुले रखते हैं। वे डरते नहीं, बल्कि उन्हें न्योता देते हैं। ज्यादातर विचार अधूरे, कमजोर या बेकार लग सकते हैं, पर यही असफल प्रयास ही इतिहास की बड़ी सफलताओं की नींव बनते हैं। हर विचार, चाहे छोटा हो या बड़ा, एक संभावित बीज है। असफलता को डरने की बजाय सीखने का मौका समझें। अपने जूनियर या साथियों के विचारों को भी सम्मान दें। कभी-कभी वही अगला बड़ा कदम बन जाता है। विचार को शब्दों से आगे ले जाने से ही आपके विकास की नींव मजबूत बनती है। जब आप एक विचार को लिखते हैं, फिर उसे योजना में बदलते हैं और अंत में उसे लागू करते हैं, तभी वह प्रगति की धड़कन बनता है।



डॉ. नंदकिशोर शाह
लखनऊ

छोटे- छोटे कदम से बड़ी जीत हो सकती है। हर बात को ध्यान से सुनें, चाहे वह किसी भी स्तर का हो। विचार को कागज या नोट-ऐप पर लिखें। लिखने से वह स्पष्ट होता है। छोटा-सा प्रयोग करें, परिणाम देखें। टीम के साथ चर्चा करें, बहुमत से बेहतर समाधान निकलता है। विचार केवल मन में रहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें पोषित करें, उन्हें परखें और सबसे जरूरी है कि उन पर अमल करें। तभी वह एक धड़कन, एक स्थायी ताल बन जाएगी, जो हर कदम को आगे बढ़ाएगी। मनुष्य के दिमाग में हर दिन लगभग 50 हज़ार विचार आते है। ये विचार अक्सर छोटे-छोटे, स्वचालित और अक्सर अनजाने होते हैं, जैसे सांस लेना या यादों का धुंधलापन। इसलिए, हर दिन आपके सिर में एक निरंतर विचार-धारा चलती रहती है, चाहे आप उसे महसूस करें या न करें। उनमें से सिर्फ 1-2 फीसदी स्मृति में टिकते हैं, जो भावनात्मक या महत्वपूर्ण होते है। बाकी बहुत से विचार क्षणिक फ्लैश की तरह गायब हो जाते हैं, जो भी विचार आते हैं, उन्हें कागज या नोट-ऐप में लिख दें। लिखते-लिखते अक्सर वो खुद ही साफ हो जाते हैं और दिमाग को बांध देते हैं। जिस विचार को हम अपनाते नहीं है, वह विचार बेकार ही है। व्यक्ति अपनी सोच का गुलाम होता है। आप जैसा सोचते हैं, वैसा ही बनते है। दुःख पर ध्यान देंगे, तो हमेशा दुःखी ही रहेंगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# किन्नर पहचान और नया कानून

एक उभरता संवैधानिक द्वंद भारतीय समाज में किन्नर समुदाय सदियों से अपनी एक अनोखी और विशिष्ट जगह रखता है। शादी-व्याहा में मंगल गीत गाना हो, नवजात शिशु के जन्म पर नाच-गाकर बधाइयां देना या आशीर्वाद देना हो। यह इनका पारंपरिक पेशा रहा है। ज्योतिष गण भी बुध ग्रह की शांति के लिए इन हिजड़ों को दान-पुण्य करने, भोजन कराने और इनका आशीर्वाद लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इसी समुदाय के साथ भेदभाव, अपमान, शिक्षा और नौकरी में बाधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतें भी कम नहीं हैं।

**यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है।**

समाज की इन पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या भी उभरकर सामने आई है और वह है इनकी पहचान का प्रश्न। समाज में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ व्यक्तियों ने किन्नर होने का दावा कर आम लोगों से जबरन धन वसूला, अराजकता फैलाई और कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। वहीं कुछ मामलों में बच्चों और किशोरों के अपहरण कर, उन्हें जबरन किन्नर बनाने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

वहीं दूसरी तरफ, हमारे जो वास्तविक किन्नर समुदाय के भाई-बहन हैं, वे आज भी सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है और उनकी पहुंच सीमित है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 लेकर आई है। यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का दावा है कि यह कानून समाज में किन्नरों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक किन्नर समुदाय को बेहतर सुरक्षा देने के लिए लाया गया है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि किसी वयस्क या बच्चे को जबरन अंग-भंग, हार्मोनल प्रक्रिया या किसी अन्य तरीके से किन्नर बनाने की कोशिश की जाती है, तो 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। बच्चों के मामलों में सजा और भी कड़ी होगी। 2019 के मूल कानून में इस प्रकार के गंभीर अपराधों के लिए ऐसा विशिष्ट और कठोर प्रावधान नहीं था। किसी को जबरन किन्नर के रूप में प्रस्तुत कर भीख मंगवाने या श्रम कराने पर भी 5 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून का सबसे बड़ा और सबसे विवादित बदलाव ही पूरे मामले का केंद्र है, जिसने एक बड़ी बहस को जन्म दिया है। पहले 2019 के कानून में व्यवस्था यह थी कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ट्रांसजेंडर या किन्नर मानता था, तो वह जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास आवेदन देकर अपनी स्वयं की घोषणा के आधार पर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता था। अर्थात यदि किसी ने कहा- स्वीकार किया कि वह किन्नर है, तो उसे मान लिया जाता था। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 में NALSA (नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) मामले में यही कहा था कि gender identity व्यक्ति की अपनी स्वीकृति और समझ पर आधारित होनी चाहिए।

NALSA मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि व्यक्ति की लिंग पहचान उसकी गरिमा, स्वायत्तता और वैयक्तिक स्वतंत्रता का हिस्सा है अर्थात व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, अपनी पहचान तय करने और अपने जीवन के बारे में स्वयं निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। उसके यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत संरक्षित है। अब बदलाव यह है कि डीएम अकेले निर्णय नहीं करेगा। उसे मेडिकल बोर्ड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता वाली टीम) की सिफारिश और जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि व्यक्ति किन्नर/ट्रांसजेंडर है या नहीं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा सकता है। इस प्रकार स्व-घोषणा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। एक तरफ समाज में हो रहे कानूनों और नियमों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, दूसरी तरफ किसी नागरिक की गरिमा, निजता और स्वतंत्रता पर अनावश्यक नियंत्रण भी सरकार के अधिकार में नहीं होना चाहिए। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है और समाज को अब इस पर गंभीर चिंतन और विमर्श करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समुद्र के समान है शरीर

मित्रों एवं परिचितों की लंबी सूची है। इन लोगों से मिलते-जुलते समय व्यतीत हो जाता है। हर तरह की बात होती है। हंसी-ठहाका भी होता है। इसके अलावा लंबा-चौड़ा परिवार है। परिवार में भी आपस में बातचीत होती है। समय कैसे बीत जाता है, पता नहीं चलता है।

वर्तमान युग में तो स्मार्ट फोन पर ढेरों मित्र हैं। आपस में संदेशों का आना-जाना होता है। पैसों की कमी नहीं। सारे भौतिक उपकरण घर में मौजूद है। घर के हर सदस्य के पास मोबाइल फोन है। कोई बात होती है, तो वह टेलीफोन से हो जाती है। दिन कैसे बीत गया यह पता नहीं चलता है। यह तो रहा बाहरी दुनिया का हालचाल। कभी खुद से मुलाकात करने की कोशिश करनी चाहिए। अंतर्मन से बात करनी चाहिए कि क्या भौतिक सुख-सुविधा के लिए ही जीवन मिला है? भौतिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग व्यक्ति को पंगु बनाता है। दोस्तों एवं ढेरों परिचितों का साथ तभी तक रहेगा, जब तक भौतिक संपन्नता रहेगी। दुर्भाग्यवश कोई ऐसी घटना घट गई, जो कष्टदायी है, तो मित्रों एवं परिचितों तथा मोबाइल पर बने फ्रेंड काम नहीं आएंगे। उस समय सब किनारा कस लेंगे। कहा भी गया है कि सुख के सब साथी होते हैं, दुःख में कोई नहीं होता है। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि व्यक्ति बिल्कुल अकेला है। ढाढस देने वाला कोई नहीं है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अति भौतिकता के पीछे न भागे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भौतिक आवश्यकताओं को तो पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके लिए नैतिक तरीका भी अपनाना चाहिए। नैतिक तरीके से जब धन अर्जित होता है, तो उसका दुरुपयोग नहीं होता, जबकि अनैतिक तरीके से धनार्जन में विलासिता की आदत पड़ जाती है। बुरी लतें भी घेर सकती हैं। ऐसे माहौल में बाहरी मित्र बहुत जुट जाएंगे, लेकिन जब नैतिक दृष्टि से धनार्जन होगा, तो उससे परिवार में आत्मनिर्भरता तो आएगी ही, साथ ही मन को संतोष मिलेगा कि किसी दूसरे का हिस्सा नहीं लिया गया है। फिजूलखर्ची की आदत नहीं बनेगी। एकांत में बैठकर जब अंतरात्मा में झाकेंगे, तो सुख-शांति मिलेगी। केवल पैसा कमाने के लिए जीवन नहीं मिला है। मन को संतोष देने के लिए खुद आत्मा में झांकना चाहिए। हो सके तो ध्यान मन पर लगाना चाहिए।

संभव है कि बाहरी लोगों के साथ हंसी-मजाक से जो आनंद मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन पर ध्यान लगाने से मिलने लगेगा। ऐसा महसूस होगा कि जैसे शरीर में अमृत की बरसात हो रही है। ऐसी स्थिति में भौतिक उपकरणों से जो सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन से साक्षात्कार करने से मिलने लगेगा। शरीर एक समुद्र के समान है। इसके मंथन से विष भी निकलता है और अमृत भी निकलता है। विष रूपी नकारात्मकता को त्याग कर अमृत रूपी आनंद का पान करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर प्रतिबंध की जरूरत

चाकू के प्रहार से तो कोई एक बार बच जाएगा, लेकिन चाइनीज मांझे की रगड़ से नहीं? खून का प्यासा ये मांझा लगातार निर्दोष राहगीरों का खून पी रहा है। ऐसी घटनाओं पर एकाध दिन तो खूब शोर मचता है, लेकिन थोड़े दिन बाद मुद्दा आया-गया हो जाता है। फिलहाल इस मसले को लेकर सरकार के एक धड़े ने अच्छी पहल आरंभ की है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है। आरोपियों पर तुरंत एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित हुआ है। गौरतलब बीते दो सालों में पूरे देशभर में करीब 1590 घटनाएं विभिन्न प्रदेशों के पुलिस थानों में रिपोर्ट हुईं। इसमें मरने वालों की संख्या 65 फीसदी है और बाकी गंभीर रूप से घायलों की। मौत के मामलों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालक हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2021 की तुलना में 2022-2023 में 18 फीसदी केसों में वृद्धि हुई। मांझे की घटनाओं पर उत्तर प्रदेश शासन का कड़ा रूख अख्तियार करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कहा जाएगा। बिलावजह बेकसूर लोगों की जान गंवाने की दिशा ये सुधारक कदम भी होगा। ऐसी पहल सभी राज्य हुकमतों को और केंद्र सरकार को बिना देर किए करनी चाहिए।

दशक भर पहले तक चाइनीज मांझे का रिवाज नहीं था। पहले कच्चे सूत के धागे वाले मांझे का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर जब से चाइनीज मांझे का प्रचलन आया, लोगों ने अपना लिया। अपनाने का कारण एक ये भी है कि चाइनीज मांझा, अन्य मांझों के मुकाबले मजबूत बहुत है। इसमें मेटल, नाइनॉल और कॉरबोनाइट का प्रयोग होता है, जिसकी रगड़ मात्र से हड्डी तक कट जाती है, जबकि पंतगबाजी के दौरान देशी मांझा टूट जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे का कुछ नहीं बिगड़ता? लेकिन लोग इसके दुष्परिणामों को भूल जाते हैं। कुल मिलाकर चाइनीज मांझे से घटती खूनी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस मांझे की ब्रिकी और इस्तेमाल पर सख्ती और कड़े प्रावधान की अब दरकार है। मांझे की जानलेवा घटनाएं सिर्फ वसंत या किसी विशेष दिनों पर ही नहीं घटती, बल्कि चौबीसों घंटे और 12 महीने होती हैं। 2016 में एनजीटी ने भी समूचे भारत में बैन का आदेश दिया था, जो धरातल पर कारगर साबित नहीं हुए।



डॉ.रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल अब चोरी-छिपे अन्य कार्यों में भी होने लगा है। पुलिस रिपोर्ट में इस तरह की बातें सिद्ध भी हुई हैं कि लोगों के मर्डर में क्रिमिनलों ने चाइनीज मांझे का प्रयोग किया। गला रेतने में ये धागा तलवार की धार से भी तेज होता है। वहीं, मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने से लेकर किसानों का खेतों में आवारा पशुओं से फसलों के बचाव में भी मांझे का इस्तेमाल बेधड़क होने लगा है, जबकि ये मांझा सभी राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके कहीं भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई थी। मौखिक रूप से प्रदेशों को बचाव हेतु आदेशित भी किया था, लेकिन शीर्ष अदालत के आदेश को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि अगर कोई नाबालिग बच्चा मांझे से घायल हुआ, तो उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे। ये खूनी मांझा पर्यावरण को भी खासा नुकसान पहुंचाता है। पंतगबाजी के दौरान जो मांझा पेड़ों में फंस जाता है वह कई महीनों तक फंसा रहता है, उसमें बेजुबान पक्षी फंसकर मरते रहते हैं।

इंडियन वाइल्ड लाइफ की रिपोर्ट बताती है कि साल 2017-2025 के बीच गुजरात में 17000 हजार पक्षी मांझे में फंसकर हताहत हुए, जिनमें 1500 से अधिक पक्षियों की मौत हुई। वहीं, बेंगलुरु में पिछले साल सबसे ज्यादा पक्षी मरे, जिनमें 790 पक्षियों को रेस्क्यू करके बचाया भी गया। वाइल्ड लाइफ रिपोर्ट पूरे भारत में सालाना 5 लाख बेजुबान पक्षियों को इस अदृश्य मांझे में फंसकर घायल होने तस्दीक करती है। मांझे से उपजी हृदय विदारक घटनाओं के सिलसिले को कैसे रोका जाए, इसको लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता अब महसूस होने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस मसल को कानूनी जद में लाना ही होगा। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## बच्चों ने भरत नाट्यम से प्रभु के जीवन प्रसंगों को उकेरा



**अयोध्या, अमृत विचार :** तीन से 15 वर्ष के 25 बच्चों ने शनिवार को प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों का भरत नाट्यम के माध्यम से मनोहारी दृश्य उकेरा। बच्चों ने अभिव्यक्ति का ऐसा हृदयस्पर्शी समूह चित्र प्रस्तुत किया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे। ये सभी बच्चे शिवा डांस इंस्टीट्यूट गाजियाबाद की संचालिका सोनिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में कार्यक्रम प्रस्तुत करने पहुंचे थे। ● अमृत विचार

# डॉ. पीएस प्रमाणिक बने कृषि विवि के प्रभारी वीसी

### राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने जारी किया आदेश, निवर्तमान कुलपति ने सौंपा पदभार

● नियमित वीसी की नियुक्ति होने अथवा 6 माह की अनाधिक अवधि या अग्रिम आदेश तक करेंगे दायित्वों का निर्वहन

अयोध्या कार्यालय 5

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक को कृषि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इस आशय का आदेश पत्र जारी कर दिया है। डॉ. प्रमाणिक नियमित कुलपति की नियुक्ति होने अथवा छह माह की अनाधिक अवधि अथवा अग्रिम आदेश तक के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वे पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष होने के साथ-साथ अधिष्ठाता एवं कुलसचिव की भी अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनकी क्षमता एवं कार्यकुशलता को देखते हुए राज्यपाल ने उन्हें कृषि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति के रूप में नियुक्त किया है।



कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक को पदभार सौंपते निवर्तमान कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। अमृत विचार

निवर्तमान कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने शनिवार को उन्हें पदभार सौंप दिया है। कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कुलपति का प्रभार ग्रहण कर लिया है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने 29 मार्च को त्याग पत्र दे दिया था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, कुलपति के सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज रामलला के दर्शन करेंगे चाय बागानों के श्रमिक

**अयोध्या, अमृत विचार :** असम के चाय बागानों से बाहर की दुनिया देखने पहली बार तीर्थाटन के लिए निकले बागान कर्मयोगियों (श्रमिकों) की प्रथम टोली आज रविवार को अयोध्या पहुंचेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बीते दिनों प्रधानमंत्री ने बागान में कर्मयोगियों से मिलने-जुलने के मध्य मनोहारी टी एस्टेट के प्रबंधन से कर्मयोगियों (श्रमिकों) की तीर्थयात्रा प्रायोजित करने का प्रस्ताव रखा था। जिसे टी एस्टेट प्रबंधन व अशोक सिंघल फाउंडेशन ने इसे सहर्ष स्वीकार किया है। तय कार्यक्रम के अनुसार मनकापुर स्टेशन से बस द्वारा कर्मयोगियों का पहला दल रविवार को कारसेवकपुरम पहुंचेगा। सभी सरयू स्नान करने के बाद श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर पहुंचेंगे। श्रीराम के दर्शन के बाद दोपहर दो बजे अंगद टीला पर इनका सामाजिक सम्मेलन होगा।

### उपायुक्त बने संदीप का किया स्वागत

**हैदरगंज, अयोध्या :** पीसीएस परीक्षा पास कर उपायुक्त बने थाना क्षेत्र हैदरगंज की ग्राम पंचायत जाना मयंदीपुर निवासी रामचरित्र पटेल के पुत्र संदीप कुमार पटेल शुक्रवार को घर पहुंचे। जाना बाजार में क्षेत्र वासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और ढोल नगाड़े के साथ उन्हें गांव तक ले गये। घर पर उनका स्वागत करने वालों का तांता लग रहा। संदीप ने बताया कि उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने कहा कि मेहनत और माता-पिता, बड़े भाई प्राथमिक शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित गुरुजनों के आशीर्वाद से ही ये सफलता मिली है। उन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# राम मंदिर में 25 को मनेगा मां जानकी का जन्मोत्सव

### पहली बार होगा आयोजन, गर्भगृह में सजेगी भव्य झांकी

**होंगे धार्मिक अनुष्ठान**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राममंदिर में पहली बार मां जानकी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम के साथ माता जानकी भी विराजमान है। जहां 25 अप्रैल को वैशाख नवमी तिथि को विधि विधान पूर्वक आयोजन होगा। गर्भगृह में भव्य झांकी सजेगी, जहां धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। वहीं अन्य मंदिरों में भी आयोजन की तैयारी है।

अयोध्या में 24 से अधिक मां जानकी उपासक मंदिर हैं। जहां जानकी नवमी को लेकर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से रंग महल, जानकी महल, सद्गुरु सेवासदन, विभूति भवन, कनक महल और कुल देवी छोटी देवकाली मंदिर है। जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ भव्य झांकी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा माता जानकी की कुलदेवी छोटी देवकाली मंदिर से नवमी के पूर्व संध्या पर विशाल रथ यात्रा भी निकाली जाएगी।



राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजमान राम दरबार। अमृत विचार

**शिव मंदिर पर ध्वज आरोहण करेंगे सीएम योगी**

राम मंदिर के परकोटे स्थित शिव मंदिर के शिखर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्वज आरोहण करेंगे। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पत्र लिखकर समय मांगा है। इसके अलावा 11 अप्रैल को गणेश मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के लिए एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम व टाटा कांस्टेंसी के प्रबंध निदेशक अमित शर्मा को आमंत्रित किया गया है। इसके पूर्व दो अप्रैल को हनुमान मंदिर पर बजरंग दल पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों के द्वारा किया गया था।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने पहले वार्षिक कैलेंडर में पहली बार जानकी नवमी पर भी उत्सव मनाए जाने की तिथि को भी शामिल किया हैं। ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र के मुताबिक प्रथम तल पर माता जानकी जी, प्रभु श्री राम के साथ विराजमान हैं। इसके अलावा परकोटे में भी अन्य देवी-देवता विराजमान है। जहां प्रत्येक वर्ष सभी के अलग अलग तिथियों में उनसे सम्बंधित कार्यक्रम किए जाते है। इसी के तहत जानकी नवमी का भी आयोजन तय किया गया है। इस दिन प्रथम तल राम दरबार की भव्य झांकी सजाई जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

**दुनिया में 60 फीसदी लोग रखते धार्मिक आस्था**

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में आयोजित एकल अभियान संस्कार शिक्षा के दो दिवसीय राष्ट्रीय सत्संग स्पर्धा में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों से आए कलाकारों ने पारंपरिक लोग गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि पूरी दुनिया में आज भी 60 फीसदी लोग धार्मिक आस्था रखते हैं। हनुमान चालीसा 500 करोड बार देखा गया, हमारी परंपरा में मीरा, तुलसी, कबीर, नानक, आदि सभी भक्त कवि संगीतज्ञ रहे हैं। हमें प्रभु स्मरण की स्वतंत्रता है। वो चाहे किसी मत, पंथ, सम्प्रदाय, जाति, परंपरा के मानने वाले हों।

# सदस्य लौट गए, अध्यक्ष ने अकेले ही लिए बयान

### राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बिना बिल वाउचर के दवा खरीद का मामला

● प्राचार्य समेत चार ने लिखित में दर्ज कराए बयान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में चल रही बिना बिल वाउचर दवा मामले की जांच के दूसरे दिन शनिवार को हाईपावर जांच कमेटी के अध्यक्ष ने अकेले ही शिकायतकर्ता, प्राचार्य समेत चार लोगों के बयान लिए। बारी-बारी से लोगों के बयान कलमबंद कराए गए।

गोसाईगंज विधायक अभय सिंह की शिकायत पर राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह के निर्देश पर गठित दो सदस्यीय टीम शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंची थी।





गंजा परिसर में खड़ी उत्तर प्रदेश शासन की कार। अमृत विचार

टीम ने पहले दिन प्राचार्य समेत पांच लोगों के बयान लिए थे। जांच टीम के अध्यक्ष मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता शनिवार को गंजा स्थित प्रशासनिक भवन में बयान लेने के लिए पहुंच गए। बताया जाता है कि उन्होंने सबसे पहले शिकायतकर्ता फार्मासिस्ट योगेश मिश्रा का लिखित बयान कराया। प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया, मेडिसिन परचेज प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार और उस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य रहे डॉ. डीके सिंह से भी लिखित में स्टेटमेंट लिया गया, दोपहर बाद सभी के बयान दर्ज हो सके।

डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि अब सोमवार को बयान को संग्रहित कर एसीएस को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जांच टीम के सदस्य कानपुर मेडिकल कॉलेज के एफसी साहित्य कटियार चले गए थे। प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने बताया कि बयान हो गए हैं। एफसी साहित्य कटियार का कार्य पूरा हो गया था। वह शुक्रवार को ही चले गए थे।

## छिनैती करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार:** थाना इनायतनगर पुलिस ने बाइक रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए 6160 रुपये छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इनायतनगर रतनसेन शर्मा ने बताया किआरोपियों ने एक अप्रैल को ग्राम देवन पारा पूरे दुवान पुरवा के पास वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने आरोपी सुधीर उर्फ डब्बू निवासी पूरे दुबान देवनपारा, अमित कुमार यादव निवासी कोठिला ताली देवनपारा व नद्दू उर्फ समर बहादुर निवासी बरडांडा को शनिवार को जमुआ सरायनामू रोड पर नंदू पुरवा मोड़ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से दो मोबाइल व 700 रुपये बरामद हुए।

# 11.30 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा तमसा नदी पर पुल

### विधायक ने किया भूमि पूजन, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बीकापुर के नेवादा-बिबियापुर मार्ग पर तमसा नदी पर बनने वाले नए पुल का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की अनुमानित लागत 11.30 करोड़ रुपये है, जिसमें शासन की ओर से 5.65 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। इसे वर्ष 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रस्तावित पुल दो-लेन का होगा, जिसकी चौड़ाई 7.50 मीटर और लंबाई लगभग 80 मीटर होगी। यह पुल न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।

यह पुल नंदीग्राम-भदरसा मार्ग को दर्शननगर- भरतकुंड मार्ग से जोड़ेगा। साथ ही, पिपरी-जलालपुर माफी संपर्क मार्ग के जरिए एनएच स्थित दशरथपुर गांव तक कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। इससे नेवादा, भावापुर, तारडीह, गजरी, जेरुआ, बनकटवा, इछौरी, मूसेपुर, कल्याण भदरसा और भदरसा बाजार सहित करीब 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने बताया कि इस पुल से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने बाबूरिया से भरतकुंड संपर्क मार्ग के लिए 36 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना का भी उल्लेख किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नेताओं के साथ स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में दो मंडलों का नोडल बना अवध विश्वविद्यालय

● मई में होने वाली परीक्षा को लेकर हर जिले में होगा केंद्र, दोनों मंडलों से 80 हजार आवेदन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा मई माह में आयोजित होने वाली है। इस बार हर जिले में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, ताकि अभ्यर्थियों को सुविधा मिल सके। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को अयोध्या मंडल और देवीपाटन मंडल के जिलों का नोडल केंद्र बनाया गया है। इन दोनों मंडलों से अब तक लगभग 80 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा फॉर्म भर दिए हैं। अभ्यर्थियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। अवध विवि के नोडल अधिकारी प्रो. फरुख जमाल ने बताया कि परीक्षा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। सफल अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में दो वर्षीय बीएड कोर्स में प्रवेश ले सकेंगे।

# डीएम ने स्वास्थ्य विभाग से तलब की निजी अस्पतालों की सूची

● जच्चा-बच्चा मौत मामले में अस्पताल के डॉक्टर-स्टाफ के बयान दर्ज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहले साकेतपुरी स्थित निर्मला हॉस्पिटल में ओवरडोज प्रकरण और अब मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग से निजी अस्पतालों की सूची तलब कर ली है। इनमें से मानक विहीन अस्पतालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के चौथे दिन शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में हॉस्पिटल के तीन कर्मचारी के एफिडेविट पर बयान दर्ज किए गए हैं, जबकि शाम तक एक चिकित्सक के बयान दर्ज कर लिए जाने की बातें कही जा रही थीं।





बल्ला हाता स्थित सील मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल अस्पताल। अमृत विचार

नगर के बल्लाहाता स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में हुई जच्चा सोनी यादव व उसके नवजात की मौत के मामले में जांच का क्रम जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डॉ. अंजली श्रीवास्तव ने एमबीबीएस नहीं किया था। यह भी पता चला है कि वह सिजेरियन डिलीवरी भी कराती थीं। बताया जाता है कि अस्पताल में सीलिंग की कार्रवाई के दौरान तीन अन्य महिलाएं सिजेरियन प्रसव के बाद भर्ती मिली थीं, जिन्होंने जांच टीम से कहा था कि उनका ऑपरेशन डॉ. अंजली ने ही किया है। इसके बाद डॉ. अंजली व अस्पताल में सेवा देने वाले अन्य चिकित्सकों की तलाश शुरू हो गई है। सभी लोगों को उनका पक्ष रखने के लिए फोन कर बुलाया जा रहा है। इनमें पर्सन इंचार्ज (अस्पताल मालिक) व संचालिका डॉ. अंजली श्रीवास्वत का फोन स्विच ऑफ बता रहा है। दर्शन नगर स्थित सीएमओ कार्यालय में शनिवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाए गए चिकित्सकों व स्टाफ में से दो जीएनएम नीलम वर्मा और रूबी भारती के अलावा फार्मासिस्ट शेरू यादव ने अपने बयान दर्ज कराए हैं। सभी कोरा कागज पर बयान देने वाले थे, लेकिन सीएमओ ने सभी को एफिडेविट पर बयान देने का निर्देश दिया। ओटी टेक्निशियन शोहराब के बयान अभी बाकी हैं।

**मां परमेश्वरी में ये चिकित्सक हैं इंपैनल**

1-डॉ. अंजली श्रीवास्तव
2-डॉ. रविकांत वर्मा
3-डॉ. अभिषेक सिंह
4-डॉ. आशीष द्विवेदी
5-डॉ. फिजउर्रहमान (पर्सन इंचार्ज)

> दो चिकित्सकों के फोन स्विच ऑफ हैं। एक आउट ऑफ स्टेशन हैं। बाकी दो ने बयान दर्ज कराने का आश्वासन दिया है। कार्रवाई तो एफआईआर लेवल की होनी ही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने निजी अस्पतालों की सूची तलब की है।
>
> **-डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, एसीएमओ व जांच अधिकारी**

**सरकारी अस्पतालों से मरीज लाने के आरोपः** विभागीय सूत्रों के मुताबिक मां परमेश्वरी देवी अस्पताल पर अक्सर यह आरोप लगे हैं कि वहां सरकारी अस्पतालों के मरीज पहुंचाए जाते हैं। इसी मामले में गत वर्ष मई में भी कार्रवाई हुई थी। उस दौरान पंजीकरण भी नहीं मिला था।

**अब सियासत शुरू, पवन ने दी चेतावनीः** मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में अब सियासत भी शुरू हो गई है। सपा नेता तेज नारायण पांडेय पवन ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा, परिजनों के अनुसार पहले महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर न होने का हवाला देकर प्राइवेट अस्पताल रेफर किया गया। सरकारी अस्पताल कर्मचारियों पर प्राइवेट अस्पतालों के लिए दलाली का आरोप लगाया। आरोपी डॉ. अंजली श्रीवास्तव और स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर डीएम से मुलाकात और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

**जनगणना-2026** पहली डिजिटल जनगणना में मुखिया से पूछे जाएंगे 33 सवाल

# घर के फर्श के मसाले से खाने के अनाज तक देनी होगी जानकारी

● लिव-इन रिलेशन के स्थिर रिश्ते में रहने वाले माने जाएंगे पति-पत्नी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जनगणना-2026 की कार्रवाई की शुरूआत हो गई है। पहली बार जनगणना के जरिए बनाई जा रही डिजिटल डायरी में घर की छत और फर्श के मसाले से लेकर परिवार में खाए जाने वाले अनाज की भी जानकारी आपसे ली जाएगी। सरकार द्वारा पूछे जाने के लिए 33 सवालों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें परिवार के सदस्यों के साथ ही घर की स्थिति, प्रयोग किए जाने वाले सामान के साथ अन्य बहुत सी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसे जनगणना करने वाले प्रगणक घर के मुखिया से उसके घर पहुंचकर पूंछेंगे।

जनगणना के पहले चरण की कार्रवाई के तहत माह मई में प्रगणक घर-घर जाकर मकान का सूचीकरण और मकान की गणना करेंगे। पहली डिजिटल जनगणना के लिए 33 सवालों का बैंक तैयार किया गया है। अफसरों का कहना है कि इसका विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है।

**मकान सूचीकरण और आवास से जुड़े सवाल**

● मकान की जानकारी, लाइन नंबर, बिल्डिंग नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान के फर्श की मुख्य सामग्री, दीवार की मुख्य सामग्री, छत की मुख्य सामग्री, मकान (रहना/दुकान/अन्य), मकान की स्थिति (अच्छी/सामान्य/खराब), परिवार की जानकारी, परिवार संख्या, परिवार में रहने वालों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के मुखिया का लिंग, परिवार के मुखिया का वर्ग, मकान का स्वामित्व (अपना/किराया/अन्य), परिवार के कब्जे में रहने वाले कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की संख्या, घर में उपलब्ध सुविधाएँ, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, पीने के पानी की उपलब्धता, रोशनी का मुख्य स्रोत, शौचालय की सुविधा, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानघर की सुविधा, रसोई, रसोई गैस कनेक्शन की उपलब्धता, भोजन बनाने में उपयोग होने वाला मुख्य ईंधन, परिवार की संपत्ति, रेडियो / ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट की सुविधा, लैपटॉप / कंप्यूटर, टेलीफोन/ मोबाइल / स्मार्टफोन, साइकिल / स्कूटर / मोटरसाइकिल / मोपेड, कार / जीप / वैन सहित अन्य। परिवार में मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज, मोबाइल नंबर जैसे सवाल शामिल हैं।

**लिव-इन कपल्स के लिए नियमः** जनगणना में सामाजिक ढांचे से जुड़े सवाल भी शामिल हैं। लिव-इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को लेकर चर्चाएं होती है। इसमें भी इस पर सावल है। सेल्फ-एन्युमरेशन (स्व-गणना) पोर्टल पर जारी जानकारी के मुताबिक यदि कोई कपल लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है और वह अपने रिश्ते को एक स्थिर संबंध मानता है तो जनगणना के दौरान उन्हें शादीशुदा जोड़ा माना जाएगा।

# स्कूल निगरानी पोर्टल पर सभी विद्यालय दर्ज करें विवरण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रदेश में संचालित विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा, निगरानी एवं वैधानिक अनुपालन कराने के लिए परिवहन विभाग द्वारा यूपी-आईएसवीएमपी पोर्टल विकसित किया गया है।

आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने बताया कि इस पर विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों का पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन एवं अनुपालन हेतु विभिन्न स्तरों पर निगरानी की जा रही है। यह पोर्टल एक अप्रैल से लाइव हो चुका है। उन्होंने शनिवार को पोर्टल की समीक्षा कर प्रगति का जायजा लिया। स्कूल प्रबंधन, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्कूल पोर्टल के संबंध में मुख्यालय के निर्देशों व स्कूल वाहन नियमावली के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में मोटरयान निरीक्षक राजीव कुमार उनके साथ रहे।





शहर के एक स्कूल में स्कूल वाहनों के कागजातों को देखतीं आरटीओ ऋतु सिंह।

### कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया

**जम्मू।** कैग ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया।

# ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी

## सरकार ने कहा- घबराहट में न खरीदें, 2 अप्रैल को पहुंचे जहाज सीबर्ड से उतारी जा रही 44 हजार टन एलपीजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोकको सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक भारतीय एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है, जबकि ईरान का एक अन्य जहाज मंगलौर बंदरगाह पर पहुंच गया है। सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि ''ग्रीन सानवी'' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। ग्रीन सानवी के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं।




● पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से कहा-एलपीजी और पीएनजी हमारी प्राथमिकता, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर करें भरोसा

### रोजाना 15.2 लाख सिलेंडर दे रही एचपीसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम उत्पाद वितरक कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि (एचपीसीएल) ने शनिवार को अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद घरेलू एलपीजी की उसकी आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त रूप से जारी है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलपीजी वितरण का काम इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी निर्बाध रूप से घरों तक प्रतिदिन 15,20,000 से अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है उसका जो सामान्य वितरण है। एचपीसीएल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और टोल-फ्री नंबर (1800-2333-555) के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

### डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें

सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि उपभोक्ता मौजूदा परिस्थितियों के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। सरकार ने नागरिकों को स्पष्ट सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। वर्तमान में इंडस्ट्री के स्तर पर 94% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का अंतराल 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 45 दिन तक कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी को फरवरी 2026 के 53% से बढ़ाकर 86% कर दिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो भारत का निर्यात प्रभावित होगा: अग्रवाल

हैदराबाद, एजेंसी



● 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' में बोले केंद्रीय वाणिज्य सचिव

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा। 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इससे अवगत हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संकट का प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। सरकार की कोशिश है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा।

### दवा निर्यात फरवरी तक 28 अरब डॉलर के पार

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने 'चिंतन शिविर : औषधि निर्यात में वृद्धि'' के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28 .29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 .6 प्रतिशत अधिक है।

## बिजनेस ब्रीफ

### खाद्य स्टार्टअप के लिए मैसूर में इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मैसूर स्थित केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) में बिराक-बायोनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। एक बयान के अनुसार, इस नई सुविधा का उद्देश्य खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना, उन्नत अनुसंधान में सहायता करना और खाद्य जैव प्रसंस्करण तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। इससे वैज्ञानिक विचारों को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी।

### रेलवे पार्सल से माल भेजेंगे कश्मीर के फल उत्पादक

**जम्मू।** कश्मीर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उसके फल उद्योग व पार्सल व्यापार को राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने घाटी से रेल द्वारा पार्सल परिवहन बढ़ाने के उद्देश्य से हितधारकों की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैठक शुक्रवार को श्रीनगर में हुई। इसका उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल यातायात बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार करना था। अधिकारियों के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल परिवहन बढ़ाने के लिए सड़क मार्ग के बजाय रेल को भरोसेमंद, समयबद्ध और किफायती विकल्प के रूप में स्थापित करना था।

### पीएनजी के लिए आवेदन करने वालों को ही मिलेगी वाणिज्यिक एलपीजी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के नियमों को कड़ा कर दिया है। इसके तहत उन क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन लेना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया गया है, जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले के विभाग ने दो अप्रैल को जारी आदेश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण पर अपनी हालिया नीति के एक प्रमुख खंड में संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ता एलपीजी आपूर्ति तभी पा सकेंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत हों और उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो (जहां नेटवर्क मौजूद है)। आदेश के अनुसार, जिन क्षेत्रों में अभी तक पीएनजी बुनियादी ढांचा तैयार नहीं है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी उपलब्ध होने पर उसे अपनाने के अपने इरादे को व्यक्त करते हुए एक आवेदन जमा करना होगा।

# ईरान संग भुगतान की समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

● प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने खारिज किया ईरानी तेल ले जा रहे टैंकर के चीन की ओर मुड़ने का दावा

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कह कि ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है।

### स्वदेशी इस्पात से मिली है युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को मज़बूती

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना को सौंपे गये नये युद्धक पोत आईएनएस तारागिरी के लिए देश में ही विशेष प्रकार का इस्पात विकसित कर उसकी आपूर्ति की। नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, इस युद्धपोत को शुक्रवार को नौसेना में शामिल किया गया। सेल की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को इस युद्ध पोत के निर्माण के लिए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेट की आपूर्ति की जो इस पोत की जरूरतों के लिए पूरी थी। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 2030 तक 55 लाख करोड़ रहने का अनुमान

## विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स ने जारी की ताजा रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी



देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयां) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 33 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है लेकिन इस क्षेत्र के लिए संगठित क्षेत्र से मिलने वाला वित्त पोषण इसकी कुल आवश्यकता से 33 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है।

विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को 2030 तक 162.92 लाख करोड़ रुपये के वित्त पोषण की जरूरत होगी और इस अवधि में इस क्षेत्र को औपचारिक स्रोतों से कर्ज 78.02 लाख करोड़ रुपये तक उपलब्ध हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार इसमें 56.98 लाख करोड़ रुपये का कर्ज प्राथमिकता क्षेत्र की ऋण सुविधाओं के तहत 18.57 लाख करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से और 2.46 लाख करोड़ रुपये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त ये इकाइयां 5 कर्ज की व्यवस्था अनौपचारिक स्रोतों से कर सकती है तथा कर्ज की लगभग 30 प्रतिशत व्यवस्था प्रवर्तक अपनी खुद की पूंजी से करेंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद 2030 तक एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 55.18 लाख करोड़ रुपये के विशाल स्तर तक रहने का अनुमान है। बी2के एलालिटिक्स के सीईओ रिताबन बसु के अनुसार कि हमारे अनुमान एमएसएमई के योगदान के विस्तार के मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि रुझानों को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र के विस्तार के साथ इकाइयों को औपाचारिक स्रोतों से कर्ज सुविधाओं में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

### चौथी तिमाही में जमा से अधिक रही बैंकों की ऋण वृद्धि

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक का मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में ऋण 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12 प्रतिशत बढ़कर 3.46 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3.1 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह, देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के ऋण में मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 29.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2025 के अंत तक उसका कुल अग्रिम 26.43 लाख करोड़ रुपये था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# एलडीएफ सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू: मोदी

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और केरल में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आयेगा। मोदी ने पथनमथिट्टा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलडीएफ सरकार की विदाई करने के लिए काफी उत्साह दिखाया है।

राज्य विधानसभा की 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह केरल में विकास सुनिश्चित करेगी, जैसा कि उसने गोवा और पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से छह में किया है, जहां वह सत्ता में है और वहां ईसाई आबादी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं हैं, फिर भी विकास की दौड़ में यह अन्य राज्यों से पीछे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब है, क्योंकि एलडीएफ और यूडीएफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कहा कि जब केरल में भाजपा की 'डबल इंजन' वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में, अगर किसी समूह को राजग की नीतियों से सबसे ज्यादा फायदा होता है, तो वे मेरी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। मोदी ने केरल से रोजगार के लिए युवाओं के पलायन का भी जिक्र किया और कहा कि यह राज्य की सबसे बड़ी समस्या है।



जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन करते स्थानीय नेता।

### असम : उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है। यह औसत पांच वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39% करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह 28 % था।

# असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

मालदा (बंगाल), एजेंसी



● बोलीं-मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को न्यायाधिकरणों में करें आवेदन

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

वह मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एसआईआर के बाद 'विचाराधीन' मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची में नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा कि दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है।

जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा कि हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है।

मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें।

# तमिलनाडु : एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल - स्टालिन

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया। आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली द्रविड़ शैली की सरकार मछुआरों की सच्ची मित्र और करीबी सहयोगी है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि विदेश नीति की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली भाजपा विदेश नीति में भी नाकाम रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि भारत का अपने छोटे पड़ोसी देशों पर भी कोई प्रभाव नहीं रह गया है। दावा किया कि यह खेदजनक है कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के मछुआरों को भारतीय मछुआरे नहीं मानती और इसका परिणाम श्रीलंका की नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों पर लगातार किए गए हमले हैं।

● बोले-मछुआरे कर रहे श्रीलंका के हमलों का सामना

## केरल में एलडीएफ और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

**अलप्पुझा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया तथा उन पर अहंकार, राजनीतिक सुविधा एवं चुनिंदा चुप्पी साधने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन या उनके परिवार को कभी सार्वजनिक रूप से निशाना क्यों नहीं बनाया जबकि वह लगातार उन पर और कांग्रेस पर हमले करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी भाजपा और एलडीएफ के कुछ वर्गों के बीच एक गुप्त समझौते का संकेत देती है। उन्होंने दावा किया कि एलडीएफ ने अपना वैचारिक स्वरूप खो दिया है और अब इसे सच्चा वामपंथी आंदोलन नहीं कहा जा सकता। अब इस मोर्चे में दो प्रकार के नेता हैं, एक वे जो आरएसएस और भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं और दूसरे वे जो अब भी वामपंथी विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन पार्टी के भीतर हाशिए पर चले गए हैं।

### कांग्रेस ने वायनाड पुनर्वास धनराशि का हिसाब सार्वजनिक किया

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को वायनाड पुनर्वास के लिए खोले गए खाते में लगभग 5 .38 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और उसने इन धनराशि का उपयोग भूस्खलन पीड़ितों के लिए घर बनाने के मकसद से जमीन खरीदने में किया है। जोसेफ ने कहा कि उनके और विपक्ष के नेता वी . डी . सतीशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खाते में जितनी धनराशि प्राप्त हुई उसके अलावा युवा कांग्रेस ने भी पुनर्वास प्रयासों के लिए लगभग 1.05 करोड़ रुपये एकत्र किए। केपीसीसी प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में कह कि इकट्ठा की गई राशि का इस्तेमाल वायनाड में दो चरणों में जमीन खरीदने के लिए किया गया, ताकि जुलाई 2024 के भूस्खलन में अपनी संपत्ति खोने वालों के लिए घर बनाए जा सकें। इस भूस्खलन की घटना में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

### त्रिभाषा फॉर्मूला हिंदी थोपने का तंत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** स्टालिन ने सीबीएसई द्वारा हाल में जारी की गयी पाठ्यक्रम रूपरेखा का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित तीन-भाषा फॉर्मूला वास्तव में गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के विस्तार का एक गुप्त तंत्र है। यह पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है। यह शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि भाषा थोपने की एक सोची समझी कोशिश है।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस से जुड़े जहाजों की जब्ती का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य

**मास्को।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं।" उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

### रूस में नहीं हैं ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र अल-जरीदा ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया, नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ था और नागरिक हताहत हुए थे।

### ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार : केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त कार्य योजना के पतन में योगदान दिया।

## रिनी संपत वाशिंगटन मेयर बनने की दौड़ में शामिल

वाशिंगटन, एजेंसी

- मेयर के चुनाव में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार

तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान बुनियादी चीजों को ठीक करो के विषय और एक नए डीसी के वादे पर आधारित है।

संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं। मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है। अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे पास जीत की एक वास्तविक राह है। महज चार हफ्तों में मैं वाशिंगटन डीसी के इतिहास में मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन चुकी हूं। यही वह उपलब्धि है जो एक सीमित संसाधनों वाला, जन-समर्थित अभियान हासिल कर सकता है।

## आधी सदी के बाद चांद के द्वार इंसान

ब्रह्मांड की असीम गहराइयों को मापने की मानवीय जिज्ञासा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चार जांबाज अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया है। यह मिशन न केवल विज्ञान और तकनीक की विजय है, बल्कि यह उस 50 साल लंबे इंतजार का अंत भी है जो 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद शुरू हुआ था। इस बार का सफर सिर्फ चांद को छूने का नहीं, बल्कि वहां स्थायी रूप से बसने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने की नींव रखने का है। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से विशालकाय स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चार अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैंसन करीब 10 दिनों की यात्रा पर निकले हैं। ये चांद के सबसे करीब से उसकी परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटेंगे।

## मिशन आर्टेमिस-2



### मिशन के मुख्य लक्ष्य

- प्रणालियों का सत्यापन : गहरे अंतरिक्ष में ओरियन अंतरिक्ष यान के लाइफ सपोर्ट, संचार और नेविगेशन सिस्टम की जांच करना।
- भविष्य की लैंडिंग की तैयारी : यह मिशन आर्टेमिस-3 और उसके बाद के मिशनों के लिए रास्ता साफ करेगा, जिसमें इंसान वास्तव में चांद की सतह पर कदम रखेगा।
- गहरे अंतरिक्ष का अनुभव : पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर निकलकर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान विकिरण और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के मानवीय स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन।

### चांद की कक्षा में क्या करेंगे यात्री

- शुरुआती परीक्षण : पृथ्वी की कक्षा में पहले 24 घंटों के दौरान वे यान के टॉयलेट, पानी की व्यवस्था और हवा की शुद्धता की जांच करेंगे।
- चंद्रमा की परिक्रमा : यान चांद के दूर वाले हिस्से के ऊपर से गुजरेगा, जिसे पृथ्वी से कभी नहीं देखा जा सकता। यात्री वहां की हाई-रेज़ोल्यूशन तस्वीरें लेंगे और आंखों देखा विवरण साझा करेंगे।
- वैज्ञानिक प्रयोग : चालक दल ऑर्गन-ऑन-ए-चिप जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह देखेंगे कि अंतरिक्ष का वातावरण मानव ऊतकों को कैसे प्रभावित करता है।

### चांद की परिक्रमा

- यह चालक दल इस बार चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, लेकिन वे चांद के सबसे करीब (लगभग 7,600 किमी की दूरी) से उसकी परिक्रमा करेंगे। यह मिशन साबित करेगा कि क्या हमारे आधुनिक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम गहरे अंतरिक्ष की विकट परिस्थितियों में इंसानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### मिशन का खर्च

- आर्टेमिस-2 का खर्च : अनुमान है कि इस एकल मिशन की लॉन्चिंग लागत 4.1 बिलियन डॉलर (करीब 34,000 करोड़ रुपये) से अधिक है। पूरे आर्टेमिस प्रोग्राम का बजट 2025 तक 93 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
- तुलना : भारत के तीनों चंद्रयान मिशनों का कुल खर्च लगभग 2,000 करोड़ रुपये रहा है। नासा का एक आर्टेमिस-2 मिशन भारत के पूरे चंद्रयान कार्यक्रम से लगभग 17 गुना महंगा है।

### भारत और चंद्रमा

- भारत के चंद्र मिशनों ने पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाई है। विशेष रूप से चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना दिया।
- अंतरिक्ष में भारतीय : भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष (सोवियत संघ के मिशन के तहत) जाने वाले पहले भारतीय थे, लेकिन वे चंद्रमा पर नहीं गए थे।
- भविष्य की योजना : भारत का गगनयान मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की तैयारी कर रहा है, इसरो का लक्ष्य 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने का है।

# भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया

## छत्तीसगढ़ में आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पश्चिम एशिया संकट पर बोले विदेश मंत्री

रायपुर, एजेंसी



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है। जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नई जागरूकता ने ले ली है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा कि जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता। जोखिम कम करने और असल में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का यह सबसे असरदार तरीका है।

### खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती

जयशंकर ने कहा कि ऐसे में, दुनिया के सामने एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के चलते अब जोखिमों से बचाव, जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, चाहे वह कोई व्यावसायिक फैसला हो या फिर विदेश नीति से जुड़ा कोई निर्णय। घरेलू प्राथमिकताओं की ओर रुख करते हुए, जयशंकर ने राष्ट्र-निर्माण में व्यापार और उद्यम की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिर है, राष्ट्र-निर्माण एक बेहद जटिल कार्य है जिसके कई आयाम हैं।

### दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया आज एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है, जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस समय जो उथल-पुथल मची है, वह कई मायनों में ढांचागत भी है। वैश्विक व्यवस्था हमारी आंखों के सामने ही बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखे जा सकते हैं। कुछ समाजों की राजनीति के लिए इन बदलावों को स्वीकार कर पाना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, सैन्य क्षमताओं, कनेक्टिविटी और संसाधनों के क्षेत्र में हो रहे नए विकासों ने, लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल में, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। आज हर चीज का लाभ उठाया जा रहा है और अगर उसे सीधे तौर पर हथियार नहीं बनाया जा रहा है, तो भी उसका इस्तेमाल एक हथियार की तरह ही किया जा रहा है।

## मलप्पुरम में शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और चालक पर हमला

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी



- पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, शशि थरूर सुरक्षित

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और वाहन चालक पर वंडूर में पांच लोगों के समूह ने कथित तौर पर हमला किया, जिसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वंडूर पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि थरूर के सुरक्षाकर्मी रतीश केपी. की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वंडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब चेल्लीथोडे पुल पर जाम था और थरूर कांग्रेस नेता ए. पी. अनिलकुमार के चुनावी अभियान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, दो वाहनों में सवार आरोपियों ने सांसद के वाहन को रोक दिया। जब सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो उस पर और चालक पर कथित तौर पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क संकरी थी और सुरक्षाकर्मी ने सांसद के काफिले के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आगे चल रहे वाहन को केवल गति बढ़ाने के लिए कहा था।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। थरूर ने कहा कि बीती रात को उनके सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले की अप्रिय घटना के बाद उन्हें कई संदेश और फोन कॉल आए जिसमें उनकी सलामती के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रति चिंता प्रकट करने वाले शुभचिंतकों के वह दिल से बहुत आभारी है।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया में भीषण वनाग्नि, लोगों को घर खाली करने के आदेश

- 2.34 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में फैल चुकी है आग, कारणों की जांच

**कैलिफोर्निया।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में तेज हवाओं के बीच भीषण होती जा रही वनाग्नि के मद्देनजर लोगों को घर खाली करने के आदेश और चेतावनियां जारी की गई हैं। आग शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे भड़की और अपराह्न ढाई बजे तक 2.34 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी थी। रिवरसाइड काउंटी के मोरेनो वैली के पूर्व में लगी इस आग के कारणों की जांच जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने घरों को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं या चेतावनियां जारी की गई हैं। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग की जन सूचना अधिकारी मैगी क्लाइन डे ला रोजा ने कहा, वहां बहुत तेज हवा चल रही है। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह आग मोरेनो वैली शहर के पास स्थित एक मनोरंजन क्षेत्र में फैल रही है। मोरेनो वैली की आबादी लगभग दो लाख है। यह शहर लॉस एंजिलिस से करीब 103 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सैन बर्नार्डिनो और रिवरसाइड काउंटी की घाटियों के लिए शनिवार दोपहर तक तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है।

## एप्स्टीन यौन अपराध : पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जेफ्री एप्स्टीन द्वारा 2008 से यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं को 7.25 करोड़ डॉलर के उस मुआवजा कोष से सहायता जारी की सकती है, जिसे बैंक ऑफ अमेरिका ने पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों के साथ समझौते के तहत स्थापित किया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेड एस राकोफ ने बृहस्पतिवार को इस समझौते को प्रारंभिक मंजूरी दे दी और अंतिम मंजूरी के लिए 27 अगस्त को सुनवाई तय की है। उन्होंने वकीलों को यह भी निर्देश दिया कि वे शुक्रवार तक उन प्रकाशनों की विस्तृत सूची पेश करें, जिनके जरिए एप्स्टीन के पीड़ितों को इस मुआवजा कोष की जानकारी दी जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी पीड़िता सहायता से वंचित न रह जाए। एप्स्टीन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई महिलाओं के वकीलों ने बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया कि जून 2008 से लेकर जुलाई 2019 की शुरुआत में यौन अपराधों के आरोपों में एप्स्टीन की गिरफ्तारी तक, बैंक ने उससे जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर ध्यान नहीं दिया, जबकि वह लगातार लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था। एप्स्टीन की अगस्त 2019 में मैनहैटन की एक संघीय जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया गया था। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान वकील डेविड बोइस ने कहा कि पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों का अनुमान है कि 60 से 75 महिलाएं दावे पेश करेंगी, जिनके आधार पर वे इस समझौता कोष से मुआवजा पाने की पात्र होंगी।

**करीब 75 महिलाओं के लिए 7.25 करोड़ डॉलर की मंजूरी**

## सीडीएस चौहान ने सीमा पर लिया सैन्य तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को श्रीनगर में चिनार कोर के अंतर्गत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया और सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन स्थिति की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट परिचालन तैयारी, सैद्धांतिक सामंजस्य और दृढ़ पेशेवर क्षमता की सराहना की। बारामूला में उन्हें भविष्य में सेनाओं की प्रौद्योगिकी समावेशन पर जानकारी दी गई। चिनार कोर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण से बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर बदलाव आवश्यक है, जो एक सुदृढ़ और एकीकृत संरचना पर आधारित हो। उन्होंने संयुक्तता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एकीकरण निर्णायक परिणाम प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने भविष्योन्मुख युद्ध के लिए त्वरित संयुक्त प्रशिक्षण, सिद्धांतों का सामंजस्य तथा परस्पर क्रियाशील कमान और नियंत्रण संरचनाओं के विकास का आह्वान किया, ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित परिणाम हासिल किए जा सकें। जनरल चौहान ने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप की आवश्यकता पर बल दिया-जो प्रौद्योगिकी अनुकूलन, सुदृढ़ता और एकीकृत प्रयासों के माध्यम से सामूहिक तैयारी को बढ़ावा दे।

## पेशावर में अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा ढहा

**पेशावर।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा पेशावर में कथित तौर पर हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद शुक्रवार रात आए भूकंप के कारण ढह गया। अधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित सदी पुरानी कपूर हवेली को पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। खैबर पख्तूनख्वा हेरिटेज काउंसिल के सचिव शकील वहीदुल्लाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बाद हवेली की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे शेष ढांचे की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीदुल्लाह ने पुरातत्व विभाग और प्रांतीय सरकार से ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की और चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हवेली पेशावर शहर के प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार के मध्य स्थित है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मेहनत का फल मिलेगा। दोपहर बाद व्यापार में लाभ के योग हैं। वैवाहिक संबंधों में स्पष्टता आवश्यक है।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव शुभ है। जीवन में आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें।

**वृष** – आज धन की गति सुधरेगी। परिजनों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नक्षत्र परिवर्तन निर्णय-शक्ति बढ़ाएगा।

**वृश्चिक** – आज आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रहेगा। विशाखा से ऊर्जा और साहस मिलेगा। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** – आज का दिन संचार, मीडिया, मार्केटिंग कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। मन-मस्तिष्क में नए विचार जन्म लेंगे।

**धनु** – आज के दिन भाग्य सहयोगी रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राएं शुभ रहेंगी। आर्थिक लाभ और मित्रों का भरपूर साथ मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। निवेश पर विचार करें। परिवार से सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज करियर में उन्नति के योग हैं। वरिष्ठजनों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में कार्यभार के साथ लाभ भी बढ़ेगा।

**सिंह** – आज आपकी कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।

**कुंभ** – आज के दिन शिक्षा, रणनीति और प्रतियोगिता आपके पक्ष में रहेगी। रचनात्मकता उच्च रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्कलोड बढ़ेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में लाभ के प्रबल योग हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। जीवन हेतु लिए गए निर्णय प्रभावी रहेंगे।

**मीन** – आज का दिन नया कार्य शुरू करने के लिए उत्तम है। शारीरिक ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 11.59 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 6 अप्रैल 00.08 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

### सुडोकू -110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

## ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास दिखा ड्रोन, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास शनिवार दोपहर मालदा के मालतीपुर में एक ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच के आदेश दिए। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री मालतीपुर में अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होने जा रही थीं। यह दिन में उनकी दूसरी रैली थी।

इससे पहले उन्होंने माणिकचक में सभा को संबोधित किया था और इसके बाद उन्हें गाजोल में तीसरी रैली के लिए रवाना होना था। जैसे ही वह हेलीपैड के पास पहुंचीं, हेलीकॉप्टर के सामने एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन को देखते ही मुख्यमंत्री रुक गईं और माइक लेकर पुलिस को इस मामले पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

राष्ट्र सेवा — 15 दिन के भीतर 62 हजार से अधिक कार्यक्रम, 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

## राष्ट्रीय चेतना जगाने में आरएसएस ने दिखाई अद्भुत क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने अपने नवीनतम संपादकीय में कहा है कि कुछ वर्गों द्वारा पहचान आधारित विभाजनों के जरिए समाज में खाई पैदा करने के प्रयासों के बावजूद संघ ने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत और विस्तारित करने की अद्भुत क्षमता दिखाई है।

यह प्रक्रिया विजयादशमी उत्सव से शुरू हुई, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से सक्रिय स्वयंसेवकों को व्यापक रूप से एकजुट किया गया। 15 दिनों में 62,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा, 22,000 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए, जिनमें 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पत्रिका ने कहा कि पहले चरण में जागृत लोगों के एक महत्वपूर्ण समूह को संगठित किया गया, जो अभियान को दूसरे चरण तक ले जा सके। इसमें कहा गया है कि संघ के गृह संपर्क अभियान के जरिए अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है, जो 46 में से 37 प्रांतों को कवर करता है। संपादकीय में कहा गया कि इस अभियान के माध्यम से सक्रिय स्वयंसेवकों और संघ के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों तक पहुंच बनाई गई।

इस प्रक्रिया ने राष्ट्र की सुप्त शक्ति को जागृत किया और स्वयंसेवकों को समाज के आम सवालों चाहे वे समर्थक हों या आलोचक, को समझने का अवसर मिला। बताया गया कि देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक संबद्धता से परे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प

संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक हरियाणा के समालखा में हुई, जिसमें 2025-26 के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय की गई। पंद्रह मार्च को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय बैठक में संगठनात्मक विस्तार, राष्ट्रीय हित में सकारात्मक ताकतों की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है।



> हमने ड्रेसिंग रूम में ये निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है।
> –श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स के कप्तान


# स्टेडियम

लखनऊ, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

1 सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

2 चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय - शाम 7:30 बजे

**हाईलाइट**

### आईपीएल में कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास अहम : चाहर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करारी शिकस्त के बाद युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ करते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता के लिए कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है। रिजवी की 51 गेंद में 90 रन की विस्फोटक पारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने 163 रन के लक्ष्य को 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। चाहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैच में बाद में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गई थीं। चाहर ने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

### पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता



युवा तीरंदाज पायल नाग अपनी बहन बरशा के साथ। एजेंसी

**बैंकॉक।** दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। 18 साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं।

# गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया

## आईपीएल-2026 : कैपिटल्स ने छह विकेट से परास्त कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की



नई दिल्ली, एजेंसी

मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

**मुंबई इंडियंस**

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रयान रिकेल्टन का अक्षर बो मुकेश | 09 |
| रोहित शर्मा का राणा बो अक्षर | 35 |
| तिलक वर्मा का एवं बो मुकेश | 00 |
| सूर्यकुमार यादव पगबाधा एनगिडी | 51 |
| शरफेन रदरफोर्ड का मुकेश बो निगम | 05 |
| नमन धीर का स्टब्स बो नटराजन | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 18 |
| कोर्बिन बोश नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-26-2, एनगिडी 4-0-34-1, अक्षर 4-0-22-1, निगम 3-0-24-1, कुलदीप 3-0-31-0, टी नटराजन 3-0-24-1

**दिल्ली कैपिटल्स**

**164/4** (18.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का रिकेल्टन बो चाहर | 01 |
| पथुम निसंका का मार्कंडेय बो सैंटनर | 44 |
| नीतिश राणा रन आउट | 00 |
| समीर रिज्वी का तिलक बो बोश | 90 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 03 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : चाहर 3-0-20-1, बुमराह 4-0-21-0, सैंटनर 3-0-22-1, शारदुल 3-0-41-0, मार्कंडेय 2-0-20-0, बोश 3.1-0-39-1

उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन
कूपर कॉनली
पंजाब 108 रन

**पर्पल कैप**

विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट
लुंगी एन्गिडी
दिल्ली 4 विकेट



# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से संपर्क साधा

ढाका, एजेंसी

- बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल का जल्द समाप्त हो सकता कार्यकाल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में भारत के सफेद गेंद के दौरे को बचाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ता तब तनावपूर्ण हो गया था जब बीसीबी ने भारत में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो सकता है और एक अंतरिम बोर्ड बीसीसीआई के साथ बातचीत शुरू कर सकता है। माना जाता है कि खेल मंत्रालय के सलाहकार और भारत-विरोधी कट्टरपंथी आसिफ नजरुल बीसीबी को चलाते हैं जिन्होंने ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। यह फैसला तब लिया गया जब बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

बीसीबी ने अनुरोध किया था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस तर्क में कोई दम नहीं लगा और उसने भारत में टीम के लिए किसी भी सुरक्षा खतरे की बात को खारिज कर दिया था।

# राजस्थान ने गुजरात को दिया 211 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी

- जुरेल और जायसवाल ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

ध्रुव जुरेल के 42 गेंद में 75 रन और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में छह विकेट पर 210 रन बनाये। जायसवाल ने 36 गेंद में 55 रन बनाये जबकि सूर्यवंशी ने 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये सिर्फ 6.2 ओवर में 70 रन बना डाले।

जुरेल ने तीसरे नंबर पर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के बावजूद बेहतरीन क्रिकेट शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। गुजरात टाइटंस के लिये अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अशोक शर्मा ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने लगातार 145 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की और 154.2 किमी प्रति घंटा की गति से भी गेंद डाली। जुरेल ने राशिद खान को डीप मिडविकेट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा। मांसपेशी में ऐंठन के कारण शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं जिनकी जगह राशिद गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे थे। इससे पहले रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके सलामी बल्लेबाजों ने निराश नहीं किया। सूर्यवंशी और जायसवाल पिछले सत्र से ही आईपीएल में पारी की शुरूआत साथ कर रहे हैं लेकिन आईपीएल के इतिहास में 500 से अधिक रन की साझेदारी करने वाली 113 जोड़ियों में से इन दोनों की रन बनाने की गति 12.04 प्रति ओवर है। ये सूची में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा (12.57) और सुनील नारायण और फिल साल्ट (12.46) से ही पीछे हैं। गुजरात के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक को पिच से अतिरिक्त उछाल और रफ्तार मिली जिससे पावरप्ले में शॉट लगाना आसान हो गया क्योंकि बल्लेबाजों ने उसी गति का इस्तेमाल किया। सूर्यवंशी को राशिद ने आउट किया जिसके बाद जुरेल और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिये 56 रन जोड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल। एजेंसी

**राजस्थान रॉयल्स**

**210/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 55 |
| वैभव सूर्यवंशी का फिलिप्स बो राशिद | 31 |
| ध्रुव जुरेल का बटलर बो सिराज | 75 |
| रियान पराग का कुशाग्र बो प्रसिद्ध | 08 |
| शिमरोन हेटमायेर का सिराज बो शर्मा | 18 |
| डोनोवन फरेरा का फिलिप्स बो रबाडा | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 14 रन

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, शर्मा 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-43-1, राशिद 4-0-39-1

# सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

हैदराबाद, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।

उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान साथियों को टिप्स देते सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, आकाश महाराज सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन सचिन तेंदुलकर, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, सिद्धार्थ, मुकुल।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- सीएसके को गेंदबाजी में करना होगा सुधार
- संजू सैमसन की फॉर्म भी चेन्नई के लिए चिंता का विषय

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे सुधार का प्रयास किया है।

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की, देसवाल।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

# गेंदबाजी सीएसके के लिए सबसे बड़ी परेशानी : गावस्कर

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।

**आया बदलाव** सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग ने कहा-टी20 में शुरुआत से ही आक्रामक हो गया खेल

# औचित्यहीन हो गई फिनिशर की भूमिका

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई है, क्योंकि मैच की शुरुआत से ही पूरी तरह से आक्रामक खेल खेला जा रहा है।

सीएसके ने अपनी टीम में काफी फेरबदल किया है। उसकी बल्लेबाजी इकाई में शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों का दबदबा है, जिससे मध्य और निचले क्रम में विशेष रूप से फिनिशर की भूमिका की कमी महसूस हो रही है। फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज



रह गई है। पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है।

उन्होंने कहा इसलिए पारी की शुरुआत से ही 10, 11, 12 का रन रेट अपेक्षित है। आपको 40 रन तक पहुंचने के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है। फ्लेमिंग ने कहा डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हैं। इसलिए हमारे पास कुछ ताकत तो है। हमें उम्मीद है कि ब्रेविस की वापसी के बाद बीच के ओवरों में उनका दबदबा रहेगा। मैं अपनी टीम के खेल के तरीके से संतुष्ट हूं। भारत को टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन पहले दो मैचों में संघर्ष करते नजर आए हैं। फ्लेमिंग ने हालांकि उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा वह अच्छा अभ्यास कर रहा है और जब वह लय में आ जाता है तो अक्सर मैच विजेता खिलाड़ी साबित होता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने बढ़ाई बल्लेबाजी की गति

फ्लेमिंग ने बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल को बल्लेबाजी के पक्ष में झुका दिया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से इम्पैक्ट प्लेयर नियम की बहुत बड़ी भूमिका है। मुझे नहीं पता कि यह कब तक रहेगा, लेकिन यह निश्चित रूप से क्रिकेट की गति को प्रभावित करता है। इससे खेल कुछ हद तक बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 11 गेंदों पर खेली गई 39 रन की पारी ने 210 रन की लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई।